
सुप्रभात
रांची, सोमवार
29.01.2024
* नगर संस्करण । पेज : 16

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 196

15 फाइटर ने तीन दिनों में 95 करोड़ कमाये

## न्यूज डायरी

### हैदराबाद में हारी टीम इंडिया इंग्लैंड ने जीता पहला टेस्ट

**हैदराबाद।** यहां खेले गये पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने टीम इंडिया को 28 रनों से हरा दिया है। स्पिनर्स की मददगार पिच पर भारत अपने ही जाल में फंस गया। इंग्लैंड के स्पिनर्स ने मैच में कुल 18 विकेट चटकाये। 231 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया 202 रनों पर सिमट गयी।

### झारखंड की बेटी सना से पीएम करेंगे परीक्षा पे चर्चा

**बोकारो।** पीएम मोदी सोमवार को नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में परीक्षा पे चर्चा के सातवें संस्करण को लेकर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत करेंगे। इसमें चास के बाइक मैकेनिक इम्तियाज की बेटी सना परवीन भी भाग लेंगी। बोकारो के रामरुद्र सीएम उत्कृष्ट विद्यालय चास में नौवीं कक्षा में अध्ययनरत सना परवीन को ऑनलाइन परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चयनित किया गया है। वह इस कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली पहुंत गयी हैं।

## तीसरी आंख

नीतीश कुमार 9 वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बने




## बिहार में फिर एनडीए सरकार, सम्राट व विजय सिन्हा बने डिप्टी सीएम

# दोस्त बदल नीतीश फिर सीएम बने

- सुबह इस्तीफा, शाम में 8 मंत्रियों संग ली शपथ
- बनाया रिकार्ड, साढ़े तीन साल में तीसरी बार सीएम

एजेंसी

**पटना।** बिहार में रविवार को फिर से एनडीए सरकार की वापसी हो गयी। नयी सरकार का गठन हो गया। दोस्त बदल कर नीतीश कुमार ने रिकॉर्ड नौवीं बार सीएम पद की शपथ ली है। उनके साथ दो डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा समेत 8 मंत्रियों ने भी शपथ ली। इससे पहले नीतीश कुमार ने सुबह महागठबंधन से अलग होने के एलान किया और शाम को एकबार फिर नये दोस्त एनडीए की मदद से सीएम के रूप में शपथ ली। राजभवन के राजेंद्र मंडप में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उनको पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण के दौरान दलों के समर्थकों की ओर से जय श्रीराम के नारे भी लगे। समारोह में के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, हम संरक्षक जीतनराम मांझी, एलजेपीआर चीफ चिराग पासवान और आरएलजेडी अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा समेत एनडीए के तमाम बड़े चेहरे मौजूद थे।

**जीतनराम मांझी के पुत्र भी बने मंत्री :** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रविवार को ही महागठबंधन से अलग होने का एलान कर एनडीए ज्वाइन कर लिया था। नीतीश कुमार के साथ जिन आठ और मंत्रियों ने शपथ ली, उनमें इसमें सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा हैं जिन्हें बतौर डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ली है। शपथ लेने से पहले सम्राट चौधरी को भाजपा ने विधायक दल का नेता और विजय सिन्हा को उपनेता चुना था। श्री चौधरी राबड़ी सरकार में भी मंत्री रहे थे। इन दोनों के अलावा भाजपा की तरफ से डॉ प्रेम कुमार, जदयू से विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, विजेंद्र यादव, जीतनराम मांझी की पार्टी हम से संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय सुमित कुमार सिंह (जदयू कोटा) ने भी मंत्री पद की शपथ ली।

(शेष पेज 15 पर)



### मोदी ने दी बधाई, कहा- बिहार का विकास होगा



नयी दिल्ली। बिहार के सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा को बधाई देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बिहार में बनी एनडीए सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। शपथ ग्रहण समारोह के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि बिहार में बनी एनडीए सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। मुझे विश्वास है कि यह टीम पूरे समर्पण भाव से राज्य के मेरे परिवारजनों की सेवा करेगी। इससे पहले मोदी ने रविवार की सुबह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फोन कर भी बधाई दी थी।

### एनडीए मेरा पुराना घर, अब इधर-उधर नहीं जाना : नीतीश

शपथ ग्रहण के बाद सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि एनडीए हमारा पुराना घर है। बीच में कुछ समय के लिए दूसरे के साथ चले गये थे, अब फिर से वहीं आ गये है। अब एकजुट होकर काम करेंगे। बिहार के विकास के लिए काम होगा। उन्होंने ऐलान किया कि अब इधर-उधर नहीं जाना। राजद और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए नीतीश ने कहा कि हम मेहनत किये और कर रहे थे, लेकिन उन लोगों को कुछ करना नहीं था, केवल श्रेय लेना था। मीडिया से बातचीत करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि भाजपा के साथ हम पहले भी थे और आज भी हैं। बहुत जल्द मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे।

### सबकी सुनी और इस्तीफा सौंपा

रविवार को इस्तीफे के बाद नीतीश कुमार जब मीडिया से मुखातिब हुए तो उन्होंने कहा कि वे महागठबंधन से खुश नहीं थे। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से किसी के बारे में कुछ नहीं कह रहे थे, क्योंकि वहां चीजें ठीक नहीं थी। मुझे अपनी पार्टी के लोगों और जनता से भी सुझाव मिल रहे थे। इसलिए मैंने सभी की सुनी और इस्तीफा दे दिया।

### गिरगिट.. कूड़ा मुबारक : रोहिणी

पटना। राजद सुप्रीमो लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, कूड़ा गया फिर से कूड़ेदानी में कूड़ा - मंडली को बदबूदार कूड़ा मुबारक। अपने दूसरे पोस्ट में रोहिणी ने लिखा, 'जनता जनार्दन के बीच जायेंगे खुद के साथ - साथ बिहार का हौसला भी बढायेंगे। रोहिणी ने पिता लालू के 7 साल पुराने पोस्ट को भी रिपोस्ट किया। इस पोस्ट में लिखा 'नीतीश सांप है जैसे सांप केंचुल छोड़ता है वैसे ही नीतीश भी केंचुल छोड़ता है और हर 2 साल में सांप की तरह नया चमड़ा धारण कर लेता है। किसी को शक?

### अभी खेल बाकी है : तेजस्वी

शपथ ग्रहण से पहले तेजस्वी बोले, मैं एक बात स्पष्ट रूप से कह दूं अभी खेल शुरू हुआ है, अभी खेल बाकी है... मैं जो कहता हूं वह करता हूं। आप लिखकर ले लें, जदयू 2024 में ही खत्म हो जायेगी। वहीं रामदास अठावले ने कहा, 'मोदी सरकार आ रही है'। प्रशांत किशोर ने साधा नीतीश पर निशाना। ओवैसी बोले- नीतीश, तेजस्वी और पीएम मोदी को जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## 31 को सीएम इडी के सामने दर्ज करा सकते हैं बयान !

एजेंसी

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन 31 जनवरी को इडी के सामने अपना बयान दर्ज करवा सकते हैं। इडी ने सीएम को 29 जनवरी से 31 जनवरी तक का समय दिया था। हालांकि इस बात की आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। दिल्ली में सीएम ने कानूनी पहलुओं पर भी विशेषज्ञों से राय ली है। जानकारी के अनुसार सीएम 31 जनवरी को ईडी को सीएम आवास बुला सकते हैं या फिर खुद एजेंसी के दफ्तर जाकर अपना बयान दर्ज करवा सकते हैं। जल्द ही सीएम कार्यालय से विशेष दूत भेज कर सीएम के द्वारा तारीख, समय और स्थान की जानकारी दी जा सकती है। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार सीएम का 31 गिरिडीह में कार्यक्रम था। खबरों के अनुसार अब सीएम का गिरिडीह दौरा एक फरवरी हो गया है। ऐसे में ये कयास लगाया जा रहा है कि सीएम 31 को इडी के सवालों का जवाब दे सकते हैं।

(शेष पेज 15 पर)


### झामुमो का आक्रोश मार्च, प्रदर्शन

सीएम के खिलाफ इडी की कार्रवाई के विरोध में झामुमो कार्यकर्ताओं ने रविवार को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किया। इससे पहले कार्यकर्ता आक्रोश मार्च निकाल कर राजभवन पहुंचे। आक्रोश मार्च में झामुमो विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि इडी केंद्र के इशारे पर कार्रवाई कर रही है।

## सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र को निरंतर सशक्त किया : मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने उच्चतम न्यायालय को भारत के जीवंत लोकतंत्र को निरंतर सशक्त बनाने और संविधान निमार्ताओं के सपनों को साकार करने का लगातार प्रयास करने वाला बताया। साथ ही कहा कि केंद्र सरकार समाज के हर तबके तक सुलभ तरीके से न्याय पहुंचाने के लक्ष्य के तहत शीर्ष अदालत के साथ-साथ अन्य न्यायालयों में ढांचागत आधुनिक सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में हर संभव मदद करेगी। वह सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। पीएम ने कहा, अभिव्यक्ति की आजादी हो, व्यक्तिगत स्वतंत्रता हो, सामाजिक न्याय, सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की जीवंत लोकतंत्र को निरंतर सशक्त किया। सशक्त न्याय व्यवस्था को विकसित भारत का आधार बताते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि न्यायालयों में आधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ-साथ अन्य ढांचागत आधुनिक सुविधाएं बढ़ाना उनकी सरकार की प्राथमिकता रही है। इसी दिशा में पिछले कुछ वर्षों में 7000 करोड़ से अधिक की राशि दी गयी। पीएम मोदी ने न्यायिक व्यवस्था को आधुनिक बनाने के प्रयासों का जिक्र करते हुए अदालतों में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल बढ़ने पर खुशी व्यक्त की।

रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय
Regd office Main office - Ratu Road Ranchi Ashtha Building Flat no 15 tiplax 12A/2007-08
Branch office –Garh Devi Mohalla Garhwa Dist – Garhwa( Jharkhand )
Tel No- 2444131 , 06561-223149 Mob – 9431390833, 9431390832
गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



Founder



Dr. Ishwar Sagar Chandravanshi
Chancellor
Ramchandra Chandrawanshi University
Bishrampur, Palamu

Chancelor's Message

Indian youth carries great potential and unlocking this demands both macro and micro perspective. with this basic philosophy in mind, we at Ramchandra Chandravansi University have taken upon ourselves to develop the backward regions of Palamu & Garhwa into a progressive modern and forward looking educational hub catering to the need of not only this region including the large swath of contiguous areas of UP, Chhattisgarh & Bihar but also the whole of the state of Jharkhand.

Commencement of the first academic year in 2008-09 of fulltime, four year degree course in engineering at Ramchand Chandravansi Institute of Technology, Bisrampur was a watershed event in the history of higher education in this backward region of our country.

Further thrust in engineering education has been provided in 2013 with the opening of Ramchandra Chandravansi Polytechnic Institute , Bisrampur for all-round development of the region and the country attention to medical education needs appropriate thrust. Sohari Chandravansi Nursing School Bishrampurand Sohari Chandravansi Paramedical Institute Bishrampur were established in 2016 to fulfill the ambitions of young minds in the field. We have also provided appropriate thrust in the other educational avenues by establishing institutions in diverse fields like Pharmacy Physical Education, B.Ed. M.Ed. etc.

We have realised our dream of expanding our horizon by establishing Ramchandra Chandravansi University recently with a vision to develop into a Centre of Excellence by providing pre-eminent education experiences which are stimulating and responsive to the needs of the 21st century. We strive not only to expose our students to technical and professional education but also motivate them to build a strong moral character thus achieving success both at personal and professional fronts. We endeavor to serve our Motherland by providing ethically, academically and technically sound human resource.

With this I welcome the new batch of students who aspire to join our University and join hands with us toward creating sustained and inclusive growth of our country. With the confidence that our intentions have matched our efforts, I with you the very best in the future.

--Dr. Ishwar Sagar Chandravansi
Chancellor– RCU

RCU at a Glance

Ramchandra Chandravansi University (RCU), a private university with main campus at Bishrampur, palamu, Jharkhand has been established by an Act of of Govt. of Jharkhand (Jharkhand Act No 10,2018) which has been published in the Jharkhand Gazette vide the Law Department Notification no 903 Dated 24th September, 2018

RCU has been created to provide quality education in technical, medical, vocational degree courses and related branches as per world class standard at affordable cost with the particular aim to extend the benefit of higher education to economically backward section of society.

With a rich heritage in imparting quality education — नामांकन प्रारंभ




M.A | M.Sc | M.Com | M.Lib | M.Tech. | M.R.D | B.Lib/D.Lib/C.Lib
Diploma in Corp. Mg | Diploma in Yoga | Ph.D + M.Phil (in all subjects)

Achievements



Courses Offered
- Faculty of Engineering & Technology
- Faculty of Nursing & Health Science
- Faculty of Paramedical Science
- Faculty of Medical Science
- Faculty of Paramedical Science
- Faculty of Pharmaceutical Science
- Faculty of Physical Education
- Faculty of Education
- Faculty of Mumanities, Social & Physical Sciences
- Faculty of Arts
- Faculty of Science
- Faculty of Commerce & Management

● निर्धन छात्र - छात्राओं को विशेष सुविधा ● छात्रवृति की सुविधा के साथ हरसंभव सहयोग शुल्क मे भारी छूट

○एएनएम ए जीएनएम मे नामांकन प्रारंभ ○सोहरी चंद्रवंशी फार्माशीष्ट इंस्टीच्यूट विश्रामपुर मे नामांकन प्रारंभ
○तंतरी चंद्रवंशी फार्मेसी कालेज विश्रामपुर मे नामांकन प्रारंभ ○भागमनी चंद्रवंशी पब्लिक स्कूल विश्रामपुर मे नामांकन प्रारंभ

Contact no. +91 84341 47757, 91554-64677, 7654791849, E-mail: admission@rcu.edu.in, info@rcu.edu.in, Web: ww.rcu.edu.in

## विश्वविद्यालय, उद्योग और सरकार के साझा प्रयास से देश का विकास संभव

# विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए झारखंड का विकसित होना जरूरी : राज्यपाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि विश्वविद्यालय, उद्योग और सरकार के साझा प्रयास से देश का विकास संभव है। वर्तमान समय की जरूरत और उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न विषयों को विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल करना होगा। सरकार को भी इसके अनुरूप माइक्रो लेवल पर नीति-निर्धारण करना पड़ेगा। इस प्रकार के साझा प्रयास एवं नीति-निर्धारण से ही हम विकसित देशों की श्रेणी में पहुंच सकते हैं और विकसित भारत@2047 के सपनों को साकार कर सकते हैं। राज्यपाल रविवार को झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित यूनिवर्सिटी इंडस्ट्री गवर्नमेंट समिट 2024 में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास के लिए यह आवश्यक है कि सैद्धांतिक शिक्षा को प्रायोगिक रूप से धरातल पर उतारा जाये।



**सरकार की नीतियां भी हों कारगर** : राज्यपाल ने कहा कि इनोवेशन और रचनात्मकता का वातावरण शिक्षण संस्थानों एवं औद्योगिक संस्थानों में हो। इसको बढ़ावा देने के लिए सरकार की नीतियां भी कारगर हों। ऐसे वातावरण विकसित होने से एवं प्रतियोगिता व प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा।

### विद्यार्थियों को असफलता से घबराना नहीं है

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि असफलता भी आएगी लेकिन इससे घबराना नहीं है। प्रधानमंत्री ने चन्द्रयान-2 के पूर्ण रूप से सफल नहीं होने पर वैज्ञानिकों का उत्साहवर्धन किया और कुछ माह बाद चन्द्रयान-3 सफलतापूर्वक चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड किया। इसी प्रकार उनके उत्साहवर्धन से ही कोविड का टीका विकसित हुआ और भारत ने न सिर्फ अपने देश में वृहत पैमाने पर टीकाकरण किया बल्कि अन्य देशों में मानवता का परिचय देते हुए निःशुल्क टीका वितरित किया।

### नयी शिक्षा नीति निभायेगी अहम भूमिका

भारत के विकास में नयी शिक्षा नीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह समिट समावेशी विकास के लिए युवाओं को प्रेरित करेगी। वे आधुनिक ज्ञान के साथ-साथ पारंपरिक ज्ञान एवं तकनीक को बढ़ावा देकर संगठित उद्योग के रुप में विकसित करेंगे। विकसित भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी जब झारखंड विकसित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भारत को विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के इस प्रतिबद्धता में सभी को अपना योगदान देने का आह्वान किया।

# झारखंड में कंपकंपाती ठंड के बीच बदलेगा मौसम, 31 जनवरी से बारिश की संभावना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कंपकंपाती ठंड के बीच झारखंड में मौसम का मिजाज बदलेगा। मौसम विभाग की मानें, तो 31 जनवरी और एक फरवरी को रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिले में बारिश हो सकती है। रांची में गरज के साथ बारिश की संभावना है। दो और तीन फरवरी की सुबह में झारखंड में कोहरे या धुंध और बाद में आसमान साफ रहेगा। मौसम शुष्क रहेगा।

**छाए रह सकते हैं आंशिक बादल**

झारखंड एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। 31 और एक फरवरी को रांची समेत कई जिलों में बारिश के आसार हैं। 29 और 30 जनवरी की सुबह में कोहरे या धुंध और बाद में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। मौसम शुष्क रहेगा। झारखंड में अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिन इसमें धीर-धीरे (3-4) डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

### इन जिलों में बारिश के आसार

31 जनवरी को झारखंड के दक्षिणी (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां) एवं निकटवर्ती मध्य भागों (रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी एवं रामगढ़) में कहीं-कहीं हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना है। एक फरवरी को राज्य के उत्तर पूर्वी (देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज), दक्षिणी (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां) एवं निकटवर्ती मध्य भागों (रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी एवं रामगढ़) में कहीं-कहीं हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है।

**सुबह में कोहरा या धुंध, बाद में साफ रहेगा मौसम :** दो व तीन फरवरी की सुबह में झारखंड में कोहरे या धुंध और बाद में आसमान साफ रहेगा। मौसम शुष्क रहेगा।

### रांची में बादल व गरज के साथ बारिश संभव

झारखंड की राजधानी रांची और उसके आसपास के इलाकों में 31 जनवरी व एक फरवरी को आंशिक बादल छाए रहेंगे। मेघ गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश की संभावना है।

## खबर एक नजर में

### चंद्रिका महथा के निधन पर भाजपा मर्माहत

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जमुआ के पूर्व विधायक चंद्रिका महथा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने स्व चंद्रिका महथा की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि ईश्वर स्व महथा के परिजनों को दुख की घड़ी में धैर्य और साहस प्रदान करें।

### डबल इंजन की सरकार से बिहार को होगा फायदा : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बिहार की नव गठित एनडीए सरकार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि डबल ईंजन की सरकार से बिहार को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी बिहार की एनडीए सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में बिहार की जनता केलिये जन भावनाओं के अनुरूप तीव्र विकास केलिये समर्पित रहेगी।

### केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ झामुमो का प्रदर्शन अनुचित : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ झामुमो के आक्रोश प्रदर्शनों पर भाजपा ने तीखी टिप्पणी की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हाल के दिनों में झामुमो के कार्यकर्ता ईडी के द्वारा मुख्यमंत्री को समन दिये जाने के खिलाफ हरवे-हथियार के साथ आक्रोश प्रदर्शन कर रहे हैं। झामुमो कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन अनुचित है। ऐसे भी केंद्रीय एजेंसी के खिलाफ इस तरह का प्रदर्शन पूरे तरीके से गैरकानूनी है। इस पर पुलिस को अविलंब कड़ी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करना चाहिये। उन्होंने कहा कि राज्य की संवैधानिक मशीनरी ध्वस्त हो गई है। अब सरकार के इशारे पर सत्ताधारी दल के कार्यकर्ता जांच में अवरोध पैदा कर रहे हैं।

### सजायाफ्ता को वित्तीय लाभ पहुंचाने के चक्कर में फंस गये अवर सचिव

**रांची।** सजायाफ्ता को वित्तीय लाभ पहुंचाने के चक्कर में शिक्षा विभाग के सेवानिवृत अवर सचिव राजेंद्र प्रसाद पर गाज गिर गई है। अब उनके खिलाफ राज्य सरकार ने डिपार्टमेंटल प्रोसिडिंग चलाने का निर्णय लिया है। राजेंद्र प्रसाद पर स्कूली विभाग के पद पर रहते हुए फाइलों को संबंधित पदाधिकारियों को छोड़ दूसरे अफसरों के समक्ष रखने का आरोप है। इसके साथ ही सजायाफ्ता व्यक्ति को अनुचित तरीके से वित्तीय लाभ पहुंचाने का भी आरोप है। इस मामले में जांच पदाधिकारी रिटायर आइएएस रमाकांत सिंह को बनाया गया है। राजेंद्र प्रसाद पिछले साल 30 अप्रैल 2023 को सेवानिवृत हो गए थे।

### झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष बने रामानुज शर्मा

**रांची।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य कार्यकारिणी की बैठक में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के संगठन कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इसमें प्रमंडलीय अध्यक्ष रामानुज शर्मा, प्रमंडलीय सचिव कुर्बान अली, उपाध्यक्ष ज्योति कांडुलुना, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, प्रमंडलीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनौवर हुसैन, अरुण सिन्हा, दाशिन अब्दुल्ला, महावीर मिश्र और सुनिला रोजी बाखला को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इससे पूर्व कुर्बान अली ने रांची जिला में संघ के उपसंयोजक और प्रमंडलीय संयोजक के पद पर संघ के दायित्व को बखूबी से निभाया। इस अवसर संघ के महासचिव रविन्द्र प्रसाद सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत विजय ने नवनियुक्त प्रमंडलीय कार्यकारणी टीम को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल सभी जिलों में शिक्षक, कर्मी और विद्यालय हित में संघ के विस्तार पर जोर दिया। रांची जिला संघ के जिला अध्यक्ष सफदर इमाम और जिला सचिव मुकेश कुमार सिंह सहित जिला कार्यकारणी के सभी सदस्यों ने कुर्बान अली को प्रमंडलीय सचिव चुने जाने पर बधाई दी है।

## नगर विकास विभाग ने ताज ब्रांड को दी होटल निर्माण की स्वीकृति

# विधानसभा के पास बनेगा ताज ब्रांड का 200 कमरे का वर्ल्ड क्लास होटल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में जल्द ही विश्वस्तरीय पर्यटन एवं अवसंरचना के रूप में ताज ब्रांड के अंतर्गत 200 कमरे का लक्जरी होटल का निर्माण होगा। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद नगर विकास विभाग ने होटल ताज ब्रांड का होटल निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह होटल एचईसी के कूटे में नयी विधानसभा के समीप ग्रेटर रांची डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड के स्वामित्वाधीन कोर कैपिटल एरिया के साइट-1 में 6 एकड़ में बनेगा।

प्रस्तावित भूमि सीआरपीएफ कैंप के करीब भी है। यह चिह्नित भूमि पूरब में 185.05 मीटर, पश्चिम में 158.37 मीटर, उत्तर में 140.42 मीटर एवं दक्षिण में 143.24 मीटर है। इस भूमि की चौहद्दी में पूरब की ओर खाली भूमि, पश्चिम में 30 मीटर चौड़ी सड़क, उततर में खाली भूमि एवं दक्षिण में 60 मीटर चौड़ी सड़क है। होटल के निर्माण में जीआरडीए गाइडलाइन का अनुपालन करायेगा।

### 60 साल की लीज पर मिली छह एकड़ जमीन

टाटा ग्रुप की मेसर्स एचसीए द्वारा उक्त होटल के अंतर्गत लगभग 200 कमरों का निर्माण कराया जायेगा। फूड और बेवरेज आउटलेट, बैंक्वेट हॉल, हाइ एंड रिटेल, वाणिज्यक क्षेत्र इत्यादि का विकास किया जायेगा। यह छह एकड़ जमीन झारखंड सरकार की ओर से शुरूआत में 60 वर्ष की लीज में दिया जायेगा। चार वर्ष में इस होटल को बनाने का लक्ष्य रखा गया है। नगर विकास विभाग बिजली, पेयजल, सीवरेज इत्यादि की सुविधाएं प्रदान करेगा।

**होटल से क्या होगा फायदा** : यह होटल सरकारी प्रतिनिधिमंडलों, कॉरपोरेट क्षेत्र, पीएसयू एवं एनजीओ तथा संपन्न यात्रियों के साथ-साथ बड़े पैमानों में सम्मेलनों, उच्चस्तरीय आयोजनों की व्यवसायिक एवं अवकाश संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

### 25 फरवरी को आयोजित रैली में उमड़ेगा जनसैलाब : संजय चौधरी

**रांची।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता महामंत्री संजय चौधरी ने की। इस बैठक में आगामी 25 फरवरी को आयोजित होने वाली बेस्ट रैली की तैयारी के लिए चर्चा की गई। बैठक में यह तय किया गया कि रैली को लेकर एक निश्चित स्थान तय किया जाये। पूरे प्रदेश में सभी उपजातियां से संपर्क अभियान चलाया जायेगा। प्रदेश क ी टीम सभी जिलों का दौरा करेगी। झारखंड में 70 प्रतिशत वैश्य समाज के वोटर हैं। अभी तक उनका हक और अधिकार नहीं मिला है। बैठक में रांची जिला अध्यक्ष संजय पोद्दार, हेमंत गुप्ता, श्याम सुंदर बरनवाल, शंभू गुप्ता, राकेश चौधरी, प्रमोद, प्रदीप कुमार, राम लखन साहू, रमेश अग्रवाल उपस्थित थे।

## बिना सूचना के गायब रहने वाले आइएएस अरवा राजकमल की अवधि असाधारण अवकाश में बदली

**मिली चेतावनी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व बोकारो के तत्कालीन उपायुक्त अरवा राजकमल को भविष्य में सचेत रहने की चेतावनी दी है। उनके ऊपर बोकारो उपायुक्त के पद पर रहते हुए अनाधिकृत रूप से 24 अगस्त 2013 से लंबे समय तक अनुपस्थित रहने का आरोप था। मामला सामने आने पर उन्हें निलंबित भी किया गया था। यह बात सामने आयी थी कि वे हार्वर्ड विश्वविद्यालय में स्टडी करने के लिए चले गये थे। पूरे मामले को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया था। बिना सूचना के अनुपस्थित रहने को नियमों का उल्लंघन बताते हुए विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। उनसे स्पष्टीकरण भी लिया गया। अरवा राजकमल ने लिखित बचाव बयान दिया था, जिसमें राजकमल द्वारा सभी प्रतिवेदित आरोपों को आंशिक स्वीकार भी किया गया है। पूरे मामले की जांच के बाद सरकार ने उन्हें भविष्य में सचेत रहने की चेतावनी दी। साथ ही निलंबन अवधि दिनांक 27 मई 2014 से 21 अप्रैल 2015 तक में कोई भी जीवन निर्वाह भत्ता नहीं देने का निर्णय लिया है। हालांकि, कुल अनुपस्थित अवधि 24 अगस्त 2013 से 21 अप्रैल 2015 को असाधारण अवकाश के रूप में स्वीकृत कर दिया गया है तथा यह अवधि सेवा में टूट भी नहीं मानी जायेगी। कार्मिक विभाग ने इन निर्णयों के साथ उनके ऊपर पर चल रहे मामले को निष्पादित करते हुए आदेश जारी कर दिया है।

# बदलते भारत का मासिक रिपोर्ट कार्ड है मन की बात कार्यक्रम : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 109वां संस्करण को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर सुना। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बदलता भारत का मासिक रिपोर्ट कार्ड है मन की बात कार्यक्रम। दिनों दिन कार्यक्रम की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। महीना का अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम को सुनना यह देश के आम-खास सभी लोगों के रूटीन में शामिल हो गया है। बाबूलाल मरांडी ने चुटिया में बूथ संख्या 53 को मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, जिला महामंत्री वरुण साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। श्री मरांडी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश बदल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में भारत के इस बदलाव की प्रगति की बढ़ते कदमों की चर्चा रहती है।



उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री देश की जनता के पास प्रत्येक माह एक प्रगति रिपोर्ट रखते है। इसमे बढ़ते भारत, बदलते भारत की स्पष्ट छवि दिखती है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मन की बात में सबका साथ, सबका विकास की झलक दिखती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सामूहिक शक्ति का पुनर्जागरण हुआ है। आजाद भारत में कई सामाजिक बदलाव को सामूहिक शक्ति के कारण सफल किया गया। उन्होंने कहा कि देश में नारी सशक्तिकरण का लक्ष्य प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहा है। भारत की प्रगति में नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित की जा रही है।

## महासम्मेलन में झारखंड, बंगाल और ओड़िशा के गोप समाज के लोग हुए शामिल

# गोप समाज को जातीय नहीं, आर्थिक पिछड़ा आरक्षण का लाभ दे सरकार : साधु शरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश गोप महासंघ की ओर से रविवार को हरमू मैदान में गोप महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें रांची के अलावा झारखंड के सभी जिला समेत पश्चिम बंगाल एवं ओड़िशा से समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। महासम्मेलन में गोप समाज के लोगों ने जातिगत आधार पर नहीं बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले आरक्षण का लाभ देने को लेकर हुंकार भरा और अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल करने की मांग की।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष साधु शरण गोप ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के वंशज गोप समाज के लोग जातीय तौर पर पिछड़े नहीं हैं। यह समाज विकास की मुख्यधारा में अभी तक शामिल नहीं हो सका है। महासम्मेलन में गोप समाज के आरक्षण की मांग को चुनावी एजेंडा में शामिल करने वाले राजनीतिक दल को समर्थन की घोषणा हुई। इसके अलावा आरक्षण की मांग को लेकर किए जाने वाले आंदोलन का विस्तार दूसरे प्रांत तक करने पर सहमति बनी।





कार्यक्रम में समाज के हर परिवार से बच्चों को शिक्षित बनाने, एकजुटता, दो से अधिक संतान नहीं होने और बाल विवाह समेत अन्य सामाजिक कुरीति को दूर करने के लिए प्रबुद्धजन का आह्वा किया गया। महासम्मेलन में सर्वसम्मति से राष्ट्रपति, प्रधानमत्री समेत सभी राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने और लोस चुनाव के बाद आंदोलन की रूपरेखा तय करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के दौरान साधु शरण गोप को क्रांतिवीर की उपाधि से नवाजा गया और पांच साल तक के लिए संगठन का अध्यक्ष चुना गया। महासम्मेलन में घनश्याम गोप, प्रह्लाद गोप, बिनोद गोप, रतन लाल गोप, बिनोद बिहारी गोप, विवेकानंद, ईशान, राम कुमार यादव, कमल गोप, दयालचंद्र, सूरज प्रकाश यादव, सुरेश ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन बुल्लू गोप, शिवपूजन गोप, शेखर गोप और कृष्णा गोप ने किया। वाईबीएन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन रामजी यादव ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन नारी शक्ति ममता देवी, सविता देवी,सारिका देवी, भवानी देवी के साथ अन्य महिलाओं ने किया।

कार्यक्रम में केदार गोप, योगेंद्र, भीम लाल यादव, बबलू, मनोहर, यदु, हरिपद, निवास गोप, मिथिलेश, निरंजन, भोलानाथ, पंचानन, सरयू, राकेश यादव, चंद्र मोहन,गोपीनाथ, गोपाल यादव समेत बड़ी संख्या में समाज के लोगों की भागीदारी रही।

### स्थानीय व नियोजन नीति के बिना जेएसएससी से बहाली अभ्यर्थियों से धोखा : राजेंद्र

**रांची।** स्थानीय नीति तथा नियोजन नीति बनाए बिना जेएसएससी की ओर से आयोजित सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा ली जा रही है। इसमें लगभग 6.5 लाख अभ्यर्थी झारखंड तथा देश के विभिन्न राज्यों से परीक्षा झारखंड में दे रहे हैं। इस पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड के निवासियों के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारे झारखंडी अभ्यर्थियों को इस नियुक्ति प्रक्रिया में अत्यधिक हानि हो रही है। इन्हें इतनी बड़ी संख्या के बीच प्रतियोगिता की परीक्षा देनी पड़ रही है। यदि स्थानीय नीति तथा नियोजन नीति झारखंड के हित में बनी होती तो हमारे इन अभ्यर्थियों को सिर्फ झारखंड के अभ्यर्थियों से प्रतियोगिता होती। परंतु सरकार की ढुलमुल नीति के कारण आज पूरे देश के अभ्यर्थियों के साथ हमारे झारखंडी बच्चों को परीक्षा देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2025 पद झारखंड के निवासियों का होता परंतु आज यह पूरे देश के लिए खोल दिया गया है। इस परीक्षा के अलावा भी झारखंड में कई ऐसे परीक्षाएं ली जा रही हैं, जिसमें बाहरी लोगों को झारखंड के सरकारी पदों पर भरा जा रहा है ,जो भविष्य में झारखंड के लिए एक विकराल रूप लेकर आएगा। कहा हेमंत सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक स्थानीय व नियोजन नीति नहीं बन जाती है तब तक इन प्रतियोगिता परीक्षाओं का परीक्षाफल को प्रकाशित नहीं करना चाहिए।

### झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने जलाया नियमावली ड्राफ्ट, 17 को सीएम आवास घेरने की दी धमकी

**रांची।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के राज्य कार्यकारिणी के द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में झारखंड प्रारंभिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 2024 के प्रारूप के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन की मांग को लेकर चल रहे चरणबद्ध आंदोलन के तहत रविवार को राज्य के विभिन्न जिलों में शिक्षकों द्वारा नियमावली की ड्राफ्ट प्रति को जलायी गयी और सोशल मीडिया में सरकार को टैग कर साझा किया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू एवं प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने कहा है कि प्रोन्नति नियमावली में व्याप्त भेद-भाव के बिरोध में संघ द्वारा चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के अंतर्गत आज ड्राफ्ट जलाकर शांतिपूर्ण ढंग से बिरोध दर्ज कराने का कार्य सभी जिलों में किया गया। यदि विभाग द्वारा अब भी नियमावली में संशोधन नहीं किया जाता है तो पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जोरदार आंदोलन जारी रहेगा। इसकीसंपूर्ण जवाबदेही सिर्फ और सिर्फ विभागीय अधिकारियों की होगी, क्योंकि एक ही पद पर प्रोन्नति के लिए नियमावली में दो तरह के मापदंड अपना रहे हैं , यह कहीं से भी स्वीकार्य नहीं है।

**आंदोलन की आगे की रूपरेखा**

31 जनवरी को राज्यस्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस।

17 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास का एक दिवसीय घेराव।

## लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कसी कमर, मिशन 2024 को लेकर बनी नयी रणनीति

# पसीना बहाने को तैयार हैं भाजपा कार्यकर्ता, बैठकें शुरू

**उदय चौहान**

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ता पसीना बहाने को तैयार हैं। पार्टी ने प्रदेश, जिला, मंडल व बूथ स्तरीय प्रभारियों की घोषणा कर नयी रणनीति बना ली है। लोकसभा चुनाव की तारीखें नजदीक आते ही भाजपा में नया जोश आ गया है। ऐसे में भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को जमीन पर उतारने की तैयारी में जुट गई है। यहां बैठकें व जनसंपर्क अभियान का दौर भी शुरू हो गया है। इसमें गांव की ओर अभियान के माध्यम से जनसंपर्क अभियान तेज किया गया है। इस अभियान में पीएम नमो भी शिरकत कर सकते हैं। 4 फरवरी से लेकर 11 फरवरी तक भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ता राज्य के 32 हजार गावों में प्रवास करेंगे और बूथ स्तर पर





जाकर लोगों को नरेन्द्र मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करायेंगे। इसके लिये पिछले दिनों पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। पार्टी का यह कार्यक्रम देशभर के सात लाख गावों में आयोजित होना है। पीएम नमो 3-4 फरवरी के झारखंड प्रवास में किसी गांव में जा सकते हैं।

पार्टी के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी फरमाते हैं कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी सीटों का रिकॉर्ड बनायेगी। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार से प्रारंभ हुई विकास यात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में वट वृक्ष का रूप धारण कर लिया है। मोदी सरकार में गांव गरीब को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। प्रवास के दौरान भाजपा कार्यकर्ता लोगों को इसकी जानकारी देंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि गांव चलो अभियान के तहत जनता के बीच जायें।

समझा जा रहा है कि हेमंत सरकार की नाकामी को भी आम जनता के बीच ले जाने की रणनीति बनी है। केंद्र सरकार की उपलब्धि एवं राज्य सरकार की नाकामी को भाजपा ने भुनाने की रणनीति तैयार की है। पार्टी ने राज्य में ध्वस्त कानून-व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार को लेकर गठबंधन सरकार पर हमलावर है। सीएम और उनके सहयोगियों के खिलाफ ईडी की कार्रवाई पर भी फोकस किया जा रहा है। आदिवासी-मूलवासी वोटर्स को रिझाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा ने कहा है कि आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाना, केंद्र में कुल आठ आदिवासी मंत्री बनाना, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित करने समेत अन्य बिंदूओं पर फोकस किया जा रहा है। हालांकि, राज्य के कुल 28 रिजर्व सीट में कितनों पर भगवा फहरा सकता है, यह तो वक्त में पता चल सकता है। फिलहाल, भाजपा के मात्र दो रिजर्व सीट पर ही कब्जा है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार बूथ समिति की बैठक, नव मतदाताओं से संपर्क, मतदाता सूची निरीक्षण, नये पुराने कार्यकर्ताओं से संपर्क, जनसंघ कालीन कार्यकर्ताओं से संपर्क, गांव के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं से संपर्क, मठ मंदिरों से संपर्क, दलित, आदिवासी बस्तियों में संपर्क, शहीद परिवारों से संपर्क जैसे कार्यक्रम में शामिल किये जा रहे हैं। इसके अलावा मोदी सरकार के का दीवार लेखन भी शुरू किया जा रहा है। लब्बोलुआव यह कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में नया रिकार्ड बनाने की तैयारी को लेकर रेस है।

# जेएमएम का पैदल मार्च मोरहाबादी मैदान से राजभवन पहुंचा, नेता व कार्यकर्ता को रोका

**केंद्रीय जांच एजेंसी और केंद्र सरकार के खिलाफ जताया विरोध**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्र सरकार और भाजपा पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने और झारखंड सरकार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने के विरोध में जेएमएम ने पैदल मार्च निकाला ( यह पैदल मार्च रांची के मोरहाबादी मैदान से चलकर राजभवन पहुंचा। हालांकि जेएमएम कार्यकर्ताओं और नेताओं को राजभवन से पहले ही बैरेकेड लगाकर रोक दिया गया। राजभवन के बाहर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। बता दें कि इस मार्च में रांची, लोहरदगा, गुमला सहित अन्य जिलों के जेएमएम कार्यकर्ता व नेता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में गुमला के विधायक भूषण तिर्की भी शामिल हैं।

### केंद्र सरकार के रवैये को बर्दाश्त नहीं करेंगे

पैदल मार्च में शामिल जेएमएम कार्यकर्ता व नेताओं ने केंद्र सरकार साजिश के तहत हेमंत सोरेन सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। राज्य सरकार विकास का काम कर रही है लेकिन भाजपा को यह हजम नहीं हो रहा है। केंद्र सरकार सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधा रही है लेकिन पार्टी के नेता व कार्यकर्ता केंद्र के इस रवैये को बर्दाश्त नहीं करेंगे। केंद्र और भाजपा अगर सीएम को परेशान करना बंद नहीं करते हैं तो आने वाले चुनाव में भाजपा का सत्ता से उखाड़ फेकेंगे। नेता-कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी के नेता कार्यकर्ता हर दिन धरना प्रदर्शन करेंगे।

### जयपाल सिंह स्टेडियम से निकाला था मशाल जुलूस

बता दें कि इससे पहले झामुमो कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकाला था। कार्यकर्ताओं का कहना था कि भाजपा हमें छेड़ेगी तो हम छोडेंगे नहीं। 2024 में जनता झारखंड सहित पूरे देश से उखाड़ फेंकेगी।

**लोहरदगा और गुमला के अपराधियों ने घटना को दिया था अंजाम**

# शिवम बस लूटकांड मामला: कारोबारी के ड्राइवर ने ही रची थी साजिश, चार अरेस्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दशम फॉल थाना क्षेत्र के नवाडीह में 16 जनवरी को शिवम बस में लूटकांड हुई थी। रांची पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि सब्जी कारोबारी के ड्राइवर ने पूरी घटना की साजिश रची थी। एसएसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में शहजान अंसारी, शमीम अंसारी, जबीउल्लाह मियां उर्फ जबीउल्लाह और इफ्तेखार आलम उर्फ रॉबर्ट शामिल है। गिरफ्तार अपराधियों का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है।



गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने लूटे गये 11.61 लाख रुपये, 18 जिंदा गोली समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। रविवार की देर शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने यह जानकारी दी। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि लोहरदगा और गुमला के अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था।

### पहले से ही बस में सवार थे सभी अपराधी

बता दें कि अपराधी तीनों सब्जी कारोबारियों की लगातार रेकी कर रहे थे। लूट की घटना को अंजाम देने के लिए ही वह पहले से ही बस में सवार होकर यात्री के रूप में बैठे थे। रांची टाटा हाइवे पर जब सुनसान स्थान मिला तो उन्होंने हथियार के बल पर बस को अपने कब्जे में लेकर कारोबारियों से पैसे लूटकर फरार हो गये।

**क्या है मामला :** बीते 16 जनवरी को कोलकाता से रांची आ रही बस में लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। अपराधियों ने हथियार के बल पर बस में बैठे तीन सब्जी व्यापारियों से 18 लाख लूट लिये थे। शिवम बस 15 जनवरी की रात कोलकाता से रांची आ रही थी। तभी 16 जनवरी की सुबह बस जैसे ही रांची के दशम थाना क्षेत्र स्थित रांची टाटा हाइवे के नवाडीह के पास पहुंची। वैसे ही बस के अंदर ही बैठे अपराधियों ने हथियार के बल पर बस को अपने कब्जे में ले लिया। अपराधियों ने बस में बैठे तीन सब्जी कारोबारी से पैसे भरे बैग लूट लिये और वहां से पैदल ही फरार हो गये।

# सा रे गा रे वॉइस ऑफ झारखंड में सजी सुरों की महफिल, ग्रैंड फिनाले में बिखेरा जलवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस जरूरत है तो उन प्रतिभाओं को मंच देने का और मंच देने का काम किया है सा रे गा रे वॉयस ऑफ झारखंड ने रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में झारखंड और झारखंड के बाहर से लगभग 50 प्रतिभागीयों ने इस गायन प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में भाग लिया। सभी प्रतिभागी जब मंच पर अपने गायकी का प्रदर्शन करने के लिए आए तो श्रोता हैरान रह गए कि झारखण्ड में भी इतने सुरीले गायक है, किशोर कुमार, मुहम्मद रफी और अरिजित सिंह के गानों से माहौल संगीतमय हो गया। प्रतिभागियों को जज करने के लिए मशहूर सिंगर मृणालिनी अखोरी, अमित सरकार और अतुल वर्मा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



वहीं कार्यक्रम के ऑगेनाइजर मो साबिर हुसैन ओर अरशद उबैद ने कहा कि वे हमेशा यूवाओ को विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से मंच देते रहते है ओर आगे भी देते रहेंगें।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रियंका जैसवाल , संजना शर्मा , जिम्मी गुप्ता आदि मौजूद थे।

# लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर का माहेर में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर की ओर से माहेर डूमरदागा में माहेर के सभी 25 बच्चे और 25 माताओं के साथ सभी सदस्यों ने भोजन का आनंद लिया एवं बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। इस अवसर पर अनंत ग्रेटर ने चूड़ा, गुड़, स्टेशनरी एवं रांची ग्रेटर के तरफ से भोजन एवं सत्तू व मसाले माहेर के प्रबंधक को दिया गया। मौके पर तीनो क्लबों के अध्यक्ष लायन गणेश प्रसाद सिंह, लायन सुबोध चौधरी और लायन मनीष कुकरेजा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लायन धर्मेंद्र सिन्हा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन लायन राकेश कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर लायन सिद्धार्थ मजूमदार एवं लायन सुभ्रा मजूमदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम में रांची ग्रेटर से लायन संजीव चौधरी, लायन मनोज काबरा, लायन राकेश अग्रवाल, लायन सुनील कुमार गुप्ता, लायन अपर्णा झा, लायन लीना गुप्ता, लायन राजेश केडिया, लायन राजेश त्रिपाठी, लायन सुशिल कुमार, लायन सज्जल सहाय, लायन बिनोद बरनवाल, लायन विद्या सागर सहित कई सारे सदस्य उपस्थित रहे। वहीं एकलव्य ग्रेटर से लायन राकेश कुमार एवं लायन मनीष उपस्थित रहे। अनंत ग्रेटर से लायन मनोज चौधरी, लायन अनिल कुमार रॉय, लायन रामकृष्ण प्रसाद सिंह भी उपस्थित थे।

# सांसद संजय से सेठ ने कांके रोड में ड्रीमर्स डेन प्ले/डे केयर स्कूल का किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांके रोड में ड्रीमर्स डेन प्ले/डे केयर स्कूल का रविवार को सांसद संजय सेठ ने उद्घाटन किया। सांसद संजय सेठ ने स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि छोटे बच्चों को खेल खेल में पढ़ने की यहां सुविधा है। शहर में इस तरह के स्कूल की आवयश्कता है, जहां शुरू से ही बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान दिया गया है। सांसद ने कहा कि ड्रीमर्स डेन स्कूल (जो एस के गैस, बरियातू की एक इकाई है) की निदेशिका सुरभि अग्रवाल की पहल उल्लेखनीय है।



ड्रीमर्स डेन स्कूल में कॉग्निटिव डेवलपमेंट, फिजिकल डेवलपमेंट, सोशल और इमोशनल डेवलपमेंट, साइंस एक्सप्लोरेशन और क्रिएटिव डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान दिया गया है।

इस अवसर पर अजय मारू, राजेश टेकरीवाल, सुधीर उग्गल, अरुण प्रबाल, उदयशंकर दयाल, विष्णु जालान, भानु जालान, अर्जुन जालान, उमेश कामदार, शिशिर चौधरी, जवाहर तनेजा, समीर सिन्हा, बीरेन्द्र सिंह, बिमल अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, ड्रीमर्स डेन के एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य भागचंद पोद्दार, देव सिंह, विजय अग्रवाल, सज्जन अग्रवाल, चंद्रकांत रायपत, मुकेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# उमराह के लिए रांची रेलवे स्टेशन से जत्था रवाना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा फिरदौस नगर स्थित खानकाह मजहरिया मुनअमिया के सज्जादा नसी व इमाम डोरंडा जामा मस्जिद जैप-1 के सैयद शाह अलकमा सिबली कादरी बरोज रविवार को उमराह के लिए रांची से रवाना हुए। उनके साथ हुजुर की अहिलया शमसी और छोटे साहेबजादे सैयद अबु राफे तिबरानी उमराह के लिए रवाना हुए। साथ ही साथ रामगढ़ एवं बोकारो जिले के मुरीदान भी हुजुर के साथ उमराह के लिए रवाना हुए। मौके पर हुजुर ने दुआ किया कि राज्य और मुल्क की तरक्की हो और लोग मिलजुल कर रहें। सभी को विदा करने के लिए रांची रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस के युवा नेता इंद्रजीत सिंह, अब्दुल रबनवाज, सैयद आरिज सिमनानी, मो रियाज, मो कमरु, मो इरफान, मो जुबैर आदि पहुंचे और जत्था को माला पहनाकर विदा किया। सभी रांची से राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन से नयी दिल्ली गये, जहां से मंगलवार को हवाई जहाज से जद्दा के लिए रवाना होंगे।

**स्टूडेंट को 25 किलो तक लगेज ले जाने की छूट, नयी पार्किंग व्यवस्था भी**

# एयरपोर्ट पर करोड़ों की लागत से हो रहे हैं विकास कार्य : संजय सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर रविवार को विमान पतनम सलाहकार समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद संजय सेठ ने की। एयरपोर्ट निदेशक ने यात्री सुविधाओं से संबंधित कार्य का विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। सांसद संजय सेठ ने बताया कि एयरपोर्ट में यात्री के सुविधा को ध्यान में रखते हुए 100 करोड़ की लागत से विकास के कार्य किया जा रहा है।

एयरपोर्ट के अंदर पहले तले का विस्तारीकरण किया जा रहा है। ताकि 500 से 600 लोग आराम से बैठ सकें। वहीं लाइब्रेरी की व्यवस्था, यात्री कैंटीन की व्यवस्था सहित कई अन्य सुविधा प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा स्टूडेंट के लिए फ्लाइट में 25 किलो तक लगेज ले जाने में छूट दी है। उन्हें सिर्फ कॉलेज का आईडी कार्ड दिखाना पड़ेगा। जिन यात्री का फ्लाइट किसी कारण से छूट जाता है तो अब पैसे नहीं कटेंगे बल्कि फ्लाइट से उसे दोबारा गंतव्य स्थान तक भेजने का प्रावधान किया गया है। इसमें कुछ नॉर्मल चार्ज यात्रियों को देना पड़ेगा। पुराने टर्मिनल के पास पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। इसका विस्तरीकारण का काम शुरू कर दिया गया है। यात्रियों को अतिरिक्त व्हीलचेयर एवं स्ट्रक्चर उपलब्ध कराये गये। बैठक में एयरपोर्ट के निदेशक के अलावा राम प्रसाद जालान, आरएन सिंह, आशीष भाटिया उपस्थित थे।



**आरयू के डीएसडब्ल्यू की अनोखी पहल**

# समस्या लेकर आनेवाले छात्रों को मिलेगी कुर्सी

**नयी पहल से अपनी समस्याओं को बताने में काफी सहज महसूस करते हैं छात्र**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू (डीन ऑफ स्टूडेंट वेल्फेयर) डॉ. सुदेश कुमार साहु ने समस्या लेकर आये छात्रों के लिए अनोखी पहल की है। डॉ. सुदेश कुमार साहु ने रांची विश्वविद्यालय में स्टूडेंट्स की समस्याओं का समाधान करने का तरीका बदल दिया है। उन्होंने समस्या लेकर आये स्टूडेंट्स के लिए खुद की कुर्सी को रिजर्व रखा है। इस कुर्सी में स्टूडेंट के अलावा कोई और नहीं बैठ सकता है। डीएसडब्ल्यू डॉ. सुदेश कुमार साहु ने बताया कि दूर-दराज से समस्या लेकर आये स्टूडेंट्स को पहले रिजर्व कुर्सी पर बैठाया जाता है। इसके बाद उसको पानी दिया जाता है। फिर उसकी समस्याएं सुनी जाती है। ऐसा करने से छात्र अपनी समस्याओं को बताने में सहज महसूस करते हैं।

डॉ. सुदेश कुमार साहु ने बताया कि आये दिन विश्वविद्यालय के अलग-अलग कॉलेजों से छात्र रांची विश्वविद्यालय के मुख्यालय आते हैं। कई छात्र काफी परेशान भी होते हैं। विश्वविद्यालय उनकी समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास करता है. जिन समस्याओं का समाधान तुरंत हो सकता है, उसे तुरंत हल कर दिया जाता है। वहीं जिन समस्याओं का समाधान करने में समय लगता है, उसके लिए स्टूडेंट्स को समय दे दिया जाता है।

# एनडीए की सरकार में बिहार और प्रगति करेगा : खीरू महतो



**रांची।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री और भाजपा से सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर प्रदेश जदयू नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो उनके शपथ ग्रहण में शामिल हुए और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में बिहार और प्रगति करेगा। जदयू नेता मधुकर सिंह, आफताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, संजय सिंह, पिंटू सिंह, उपेंद्र सिंह, रेणु पन्निकर, डॉ विनय भरत, बैद्यनाथ पासवान, मनोज सिन्हा, आशा शर्मा, रत्ना शर्मा, महेश्वर चौधरी, दिलीप महतो सहित अन्य ने उन्हें बधाई दी है।

**राज्य के पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में आज बैठक**

# झारखंड में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों को किया जायेगा चिह्नित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिक चिह्नित किये जायेंगे। इसको लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार ( 29 जनवरी) को सभी जिलों के एसएसपी व एसपी के साथ समीक्षा बैठक होगी। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट पुलिस मॉड्यूल का जिला द्वारा उपयोग, फॉरेनर रजिस्ट्रेशन पोर्टल का जिला द्वारा उपयोग, अवैध प्रवासी और विदेशियों का अवैध रूप से समय से अधिक समय तक रहना जैसे मुद्दे पर चर्चा की जायेंगी।

**झारखंड में अवैध प्रवासियों की संख्या 10-15 लाख के करीब**

झारखंड पुलिस मुख्यालय ने एनआरसी की जरुरतों व बांग्लादेशियों के बढ़ते प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट गृह विभाग को भेजी थी। रिपोर्ट में जिक्र था कि बांग्लादेशी नागरिक बिहार और बंगाल के रास्ते झारखंड में शरण ले रहे हैं। झारखंड में अवैध प्रवासियों की संख्या 10-15 लाख बतायी गयी है। अवैध प्रवासियों की बढ़ती आबादी से सांस्कृतिक व सुरक्षात्मक खतरे उत्पन हुए हैं। बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद के रास्ते भी अधिकांश बांग्लादेशी यहां पहुंच रहे हैं। झारखंड में अधिकांश बांग्लादेशी फरक्का, उधवा, पियारपुर, बेगमगंज, फुदकलपुर, अमंथ, श्रीधर, दियारा, बेलूग्राम, चांदशहर, प्राणपुर से आते हैं। रिपोर्ट में जिक्र है कि बांग्लादेशियों के आने से अपराध और देशविरोधी गतिविधियां बढ़ी हैं।



प्रतिकात्मक तस्वीर

### आधार कार्ड और वोटर आइडी तक बनवाया

रिपोर्ट के मुताबिक, अवैध प्रवासियों ने वोटर आईडी, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस तक बनवा रखा है। विदेशी नागरिक उधवा बर्ड सैंक्च्यूरी और वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। इन इलाकों में जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया जैसे प्रतिबंधित संगठन की मजबूत पकड़ हुई है।

**महिला एवं बाल विकास विभाग और झारखंड पुलिस को बड़ी कामयाबी**

# दो मानव तस्कर गिरफ्तार, 14 नाबालिग सहित 19 लड़कियों को कराया गया मुक्त

**रंग ला रहा है राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक-बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वासित किया जा रहा है। उसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, नई दिल्ली एवं साहिबगंज पुलिस द्वारा दो मानव तस्करों को पकड़ा गया एवं उनके घर से बरामद दस्तावेज के आधार पर 19 लड़कियों को मुक्त कराया गया। सभी झारखंड के साहिबगंज जिला के बोरियो प्रखंड की निवासी हैं। इन्हें नई दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से अभियान चलाकर मुक्त कराया गया। इस कार्य में झारखंड पुलिस को झारखंड भवन, नई दिल्ली और दो स्थानीय एनजीओ मिशन मुक्ति फाउंडेशन के संचालक वीरेंद्र कुमार एवं रेस्क्यू फाउंडेशन के अक्षय ने मदद की।



**लड़कियों को बहला फुसलाकर दिल्ली लाया गया था :** एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र नई दिल्ली की नोडल ऑफिसर नचिकेता ने बताया कि उन्हें झारखंड के बोरियो पुलिस द्वारा यह सूचना दी गई थी कि एक मानव तस्कर कई लड़कियों को बहला फुसलाकर दिल्ली लाया है। सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस थाने से संपर्क स्थापित कर दो मानव तस्करों को पकड़ा गया। तस्करों के घर पर ही एक बच्ची मिली, जिसे वह मानव तस्करी कर दिल्ली लाया था। मानव तस्करों के मिलते ही साहेबगंज के एसपी श्री कुमार गौरव को सूचना दी गई। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत एक पुलिस टीम को दिल्ली के लिए रवाना किया।

### मुक्त की गईं बच्चियों की काउंसेलिंग की जायेगी

एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र के राहुल सिंह एवं निर्मला खालको द्वारा बताया गया कि टोल फ्री नंबर 10582 नंबर के माध्यम से भी झारखंड की तस्करी के शिकार बच्चों-बच्चियों की सूचना प्राप्त होती है। मुक्त की गईं बच्चियों की काउंसेलिंग की जाएगी एवं उनके संबंधित जिले के डीसीपीओ के माध्यम से होम वेरिफिकेशन करा कर साहेबगंज जिले के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा पुनर्वासित किया जाएगा।

**स्थानिक आयुक्त के निर्देश पर की गई कार्रवाई :** बताते चलें कि एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, झारखंड भवन, नई दिल्ली का एक अभिन्न अंग है, जिसे महिला एवं बाल विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा संचालित किया जाता है। सारी कार्यवाही झारखंड भवन के स्थानिक आयुक्त मस्त राम मीणा के निर्देश पर की गई। झारखंड महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी जिलों को सख्त निर्देश दिया गया है कि ऐसे मामले मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाए। साथ ही संबंधित जिले के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को भी आदेश दिया गया है कि ऐसे मामले मिलते ही टीम बनाकर नई दिल्ली रवाना की जाए एवं बच्चों को सुरक्षित तरीके से उनके घरों में पुनर्वासित करते हुए झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का उन्हें लाभ दिया जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग मानव तस्करी के मामले में बहुत ही संवेदनशील है, उसी का परिणाम है कि झारखंड के तस्करी के शिकार सैकड़ों बच्चों को मुक्त करा कराया गया।

## आज का राशिफल
### 29 जनवरी 2024

विक्रम संवत 2080, शक संवत 1945। ऋतु : शिशिर। सूर्य उत्तरायण। मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : चतुर्थी अहोरात्र। नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी 18:57 बजे समाप्त। योग : शोभन 09:43 बजे समाप्त। करण : बव 19:32 बजे समाप्त। सूर्य : मकर राशि में। चंद्रमा : सिंह राशि में रात्रि में 01:44 बजे तक, तदुपरांत कन्या राशि में। दिशाशूल : पूर्व।

**मेष :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। शुभांक-3-7-9

**वृष :** कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। शुभांक-3-4-6

**मिथुन :** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-6-9

**कर्क :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कार्य सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-8-9

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शुभांक-3-5-7

**कन्या :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-3-4-8

**तुला :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। शुभांक-4-6-9

**धनु :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-6-7-9

**मकर :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

**मीन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-2-4-6

# विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, खेलकूद से और उत्कृष्ट होंगे मीडियाकर्मी

### पहले दिन के मैच में कांची ने सकरी और मयूराक्षी ने खरकई को हराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### टाटा मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज



**रांची।** मीडिया में काम करने वाले लोगों के लिए रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित यह क्रिकेट टूर्नामेंट बहुत लाभप्रद होगा। यह कहना है झारखंड के विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो का। वे रविवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ग्राउंड में टाटा स्टील मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित कर रहे थे। 10 फरवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 20 मैच खेले जाने हैं।

रांची प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दिन आज बिरसा एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय के स्टेडियम में उद्घाटन मैच में टीम कांची ने टीम सकरी को हराकर अपने विजय अभियान का शुभारंभ किया।टूर्नामेंट का शुभारंभ झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबिन्द्रनाथ महतो ने किया। इस मौके पर रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, सचिव अमरकान्त, वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार, कुमार कौशलेंद्र और आनन्द मोहन ने शॉल, बुके और पौधा दे कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर स्पीकर ने पत्रकार खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि रांची प्रेस क्लब के द्वारा किया जा रहा यह आयोजन बेहद उत्साहवर्धक है, साथ ही अनोखा भी है। निसंदेह यह आयोजन पत्रकारों के सेहत और उनके उत्साह को बरकरार रखेगा। स्पीकर ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया। मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का मुख्य प्रायोजक इस बार टाटा स्टील है और सह प्रयोजक अडानी प्राइवेट लिमिटेड, एनटीपीसी और जेके क्रिकेट एकेडमी है। उद्घाटन समारोह में अदाणी ग्रुप के कारपोरेट अफेयर्स हेड संजीव शेखर, टाटा स्टील के अमित कुमार गुप्ता और एनटीपीसी माइनिंग के अधिकारी अमित कुमार बेहरा के अलावा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति आरएस दूबे और प्रभात खबर के जमशेदपुर संपादक संजय मिश्र मौजूद थे। टूर्नामेंट का पहला उद्घाटन मैच कांची और सकरी के बीच खेला गया। सकरी टीम ने टॉस जीत कर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। कांची ने 16 ओवर में 114 रनों का लक्ष्य सकरी के समक्ष रखा। कांची के बनाये स्कोर के जवाब में सकरी ने सभी विकेट खो कर 14.2 ओवरों में 107 रन ही बना पाई। उद्घाटन मैच बेहद रोमांचक रहा और कांची ने सकरी को पराजित कर मैच अपने नाम कर लिया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच फिरोज जिलानी को घोषित किया गया जिन्होंने तैंतालिस रन देकर हैट्रिक के साथ पांच विकेट भी झटके। जिलानी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रांची प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष संजय मिश्रा ने दिया।

टूर्नामेंट के दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम खरकई ने मयूराक्षी के खिलाफ 16 ओवर में 120 रन बनाए। इसके जवाब में टीम मयूराक्षी ने क्यों मात्र दो विकेट खोकर 123 रन बनाकर टीम खरकई पर जीत हासिल कर ली।मयूराक्षी के अमित सिंह ने 22 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाकर मैन आफ द मैच का खिताब जीत लिया। आज मैदान में रांची प्रेस क्लब के सैकड़ों सदस्य अपने परिजनों के साथ शामिल हुए और मैच का लुत्फ उठाया।

मैच में एम्पायर की भूमिका प्रशांत कुमार, शाहिद मिर्जा ने निभाया और स्कोरर की भूमिका जुलकर नैन, सूरज कुमार पांडेय, लाइव स्ट्रीमिंग में स्वराज ने अपनी भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंचल भटाचार्य, अजय कुकरेती, संजीव रंजन झा, प्रियेश ठाकुर, रतन लाल, कुबेर सिंह, सतीश सिंह, आलोक सिंह, राजेश सिंह, आनंद मोहन, एसएम खुर्शीद, चंदन भप्ताचार्य, मोनू कुमार, संजय सुमन, आलोक सिन्हा, राजू प्रसाद, आरजे अरविंद, विजय मिश्रा, संतोष गुप्ता आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# विस्थापितों की समस्या के समाधान तक जारी रहेगा संघर्ष : पंकज शाहदेव

## हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले हुई विस्थापितों की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले रविवार को धुर्वा के ग्राम कुटे में विस्थापितों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने कहा की एकजुट होकर हमें आगे संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा और तब तक संघर्ष जारी रखना है, जबतक विस्थापित की समस्याओं का समाधान ना हो जाए।

श्री शाहदेव ने कहा कि यह वर्ष अभी चुनावी वर्ष है और अब समय आ गया है कि हम आर पार की लड़ाई लड़े और आने वाला समय में यदि सरकार इसी प्रकार विस्थापितों की अनदेखी करती रही तो विस्थापित बाध्य होकर आंदोलन की राह पकड़ने के लिए मजबूर होंगे और इसकी सारी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा कि विस्थापित हमेशा से अन्याय के शिकार रहे हैं और अब विस्थापितों पर हो रही है अत्याचार नहीं चलने वाली है। हम सब विस्थापित के साथ हैं, जब कभी भी विस्थापितों को आवश्यकता होगी हम सब विस्थापितों के साथ खड़े रहेंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नेता शशि भूषण भगत जी ने कहा कि विस्थापित शब्द से ही मन में बहुत पीड़ा होती है और यहां से लेकर कश्मीर तक का विस्थापित का दर्द एक जैसा है जरूरत है सरकार को ध्यान में रखते हुए विस्थापितों की समस्या का समाधान करना चाहिए बैठक को सुबोध सिंह गुड्डू राकेश केसरी केशव भगत सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में कलाम आजाद, प्रमोद शाहदेव, आरती सिंह, अनीता वर्मा, वीणा मिश्रा, रामकुमार दुबे, लाल सूरज नाथ शाहदेव, उमेश यादव, दिव्य साहू, नेहा शर्मा, कुमुद पांडे, प्रभात शाहदेव, तरुण शाहदेव, मनोज बैठा, विनोद बैठा, विनय उरांव, जोसेफ गाड़ी, दिलीप बैठा सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के पहले चरण में आया पेपर लीक का मामला

### आयोग के अधिकारियों ने किया इनकार

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के पहले चरण में ही पेपर लीक होने का मामला सामने आ रहा है। हालांकि, इस समय में जेएसएससी के अधिकारियों का कहना है कि किसी भी सेंटर से पेपर लीक होने की सूचना नहीं है। परंतु, अभ्यर्थियों की मानें, तो मैथ के शत-प्रतिशत क्वेश्चन मैच कर गये हैं। पहले दिन की परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गयी थी। **दूसरे चरण की परीक्षा 4 फरवरी को :** जेएससी सीजीएल कि परीक्षा दो चरणों में होनी है। आज एसएससी सीजीएल के पहले चरण की परीक्षा हुई। दूसरे चरण की परीक्षा 4 फरवरी को है। सीजीएल परीक्षा के लिए लगभग 6.5 लाख अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इस परीक्षा के लिए रांची जिला में 108 केंद्र बनाये गये हैं। वहीं, रांची जिला के 108 परीक्षा केंद्रों में लगभग 70000 अभ्यर्थी परीक्षा देने आ सकते हैं।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में शारदा प्रीमियर क्रिकेट लीग का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शारदा ग्लोबल स्कूल में दो दिवसीय क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन बड़े ही जोश एवं रोमांच के साथ संपन्न हुआ। मैच का उद्घाटन नरेंद्र कुमार सिंह आइजी (रेलवे) ने किया। इस लीग मैच में चार पुरुष टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें शारदा ग्लोबल स्कूल, एनकेडी, शारदा शेल्टर एवं जामदा टीम शामिल हैं। प्रत्येक टीम ने अपना सवेश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर अपना वर्चस्व स्थापित करने की जी जान से कोशिश की। इस मैच में एनकेडी को प्रथम स्थान, जामदा को द्वितीय स्थान, शारदा शेल्टर को तृतीय स्थान और शारदा ग्लोबल स्कूल को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त महिला वर्ग में शारदा ग्लोबल स्कूल बनाम एनकेडी का मैच खेला गया। इसमें शारदा ग्लोबल की महिला टीम विजयी रही। 10 वर्षों से चली आ रही शारदा प्रीमियर लीग का आयोजन शारदा ग्रुप के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष 26 एवं 27 जनवरी को शारदा ग्लोबल स्कूल के प्रांगण में होता आया है। कार्यक्रम स्थल पर विद्यालय के चेयरमैन संजय शारदा, डायरेक्टर दीपक बंका, अनुज रंजन, विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर, श्रीमती दीपा बंका, शिक्षक एवं छात्रग उपस्थित थे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

मौके पर मुख्य अतिथि ने खेलों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि हार और जीत खेल का एक हिस्सा मात्र है। खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने विजयी खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल्स देकर सम्मानित किया।

## गुरुद्रोणा विद्यालय में हुआ आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्रोणा विद्यालय में इस वर्ष बहुत ही आकर्षक कार्यक्रम किया गया, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया। छोटे बच्चों ने एक प्रस्तुति के माध्यम से दिखलाने की कोशिश की कि उनको इस छोटी उम्र में किसी भी किस्म की कोई परवाह नहीं होती है। वह अपने मर्जी के मालिक होते हैं। बच्चों ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की जीवनी को भी दिखाने का शानदार प्रयास एक नाटक और डांस के माध्यम से किया और इसमें वे सफल रहे।

कुछ समय पहले वार्षिक स्पोर्ट्स डे आयोजन किया गया था, जिसके प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही, स्कूल में चलाये जा रहे फ्री अबेकस क्लास में टॉप आए स्टूडेंट को भी पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में संजय कुमार एवं एलएन महतो ने बच्चों का मनोबल को बढ़ाया।

स्कूल के डायरेक्टर उमेश प्रसाद ने बच्चों का पुरस्कृत किया और उन्हें उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर किया। उन्हें बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए बधाई भी दी। समारोह के अंत में गुरुकुल द्रोणा एकेडमी स्कूल की अध्यापिका उषा प्रसाद ने अतिथियों को धन्यवाद दिया और समारोह का समापन किया। समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रमोद लाल एवं राकेश चौधरी थे। उन्होंने स्कूल और यहां के प्रिंसिपल, अध्यापक की सराहना की और कहा कि उनकी सहयोग से बच्चे का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है।

## विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन ने सांसद सेठ को किया सम्मानित

**रांची।** स्थानीय सांसद संजय सेठ को दादासाहेब फाल्के आइकन गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया। सांसद संजय सेठ को अवार्ड 24 जनवरी को नयी दिल्ली में दिया गया। दादा साहब फाल्के संस्थान की ओर से संसद को बेस्ट आइकॉन एमपी झारखंड के रूप में सम्मानित किया गया। इसके बाद सांसद संजय सेठ रांची पहुंचे। विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने अपने टीम के साथ औपचारिक मुलाकात कर सांसद को सम्मानित किया। मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांचीवासियों के प्यार और दुलार का परिणाम है कि उन्हें सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया जा रहा है। वे हमेशा सामाजिक कार्यों के लिए तत्पर रहेंगे। वहीं, गौरव अग्रवाल ने कहा कि सांसद संजय सेठ से उन्हें सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिली है। उन्हीं के मार्गदर्शन में वे भी युवाओं के बीच सामाजिक कार्य कर रहें हैं।

## बैंक ऑफ इंडिया की चर्च रोड शाखा में मना 75वां गणतंत्र दिवस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारत गणराज्य के 75वें गणतंत्र दिवस पर बैंक ऑफ इंडिया की चर्च रोड शाखा में राष्ट्रीय बैंकिंग समूह के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने झंडारोहण किया। महाप्रबंधक ने उपस्थित स्टाफ सदस्यों, सम्मानित ग्राहकों तथा बच्चों को आज की विशेष दिवस की महत्ता बतायी तथा सभी से समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए सजग भूमिका निभाने का अनुरोध भी किया।

महाप्रबंधक महोदय ने उपहारस्वरूप कुछ चुनिंदा ग्राहकों को स्टैंडअप इंडिया, पीएमइजीपी तथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति पत्र भी वितरित किये। स्वर्ण ऋण व्यवसाय के अधिकतम प्रचार-प्रसार के लिए महाप्रबंधक द्वारा चर्च रोड शाखा के एटीएम पर स्वर्ण ऋण द्वार का भी उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर अनिल जाधव, उप महाप्रबंधक, एसएलबीसी, सी गोपाला कृष्णा, उप महाप्रबंधक, राष्ट्रीय बैंकिंग समूह, संजीव कुमार सिंह, आंचलिक प्रबंधक, अनुज अग्रवाल, सहायक महाप्रबंधक, अजीत पोद्दार, सहायक महाप्रबंधक, सुनीत कुमार, सहायक महाप्रबंधक, रवि नंदन, सहायक महाप्रबंधक आदि उपस्थिति थे।

## खबर एक नजर में

### कैंब्रिज ग्रुप के सभी संस्थानों में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**रांची।** कैंब्रिज ग्रुप के सभी संस्थानों में गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। सीआइटी में प्राचार्य एल रंगनाथन एवं कैंब्रिज पॉलीटेक्निक में प्रभारी प्राचार्य बीएन घोष ने झंडारोहण कर तिरंगे को सलाम किया। वहीं, कैंब्रिज बीएड कॉलेज में प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार, कैंब्रिज स्कूल में प्राचार्य टीके नाथ व गौतम बुद्धा स्कूल में प्राचार्या सेवा साही ने तिरंगा फहराया। इस दौरान विद्यालयों में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गयी।

### जीवन यापन पर हमले से आम जीवन त्रस्त : आरपी सिंह

**रांची।** भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र का जिला सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कॉ आर पी सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कामगार वर्ग के जीवन यापन पर हमले से आम जीवन त्रस्त है। एक तरफ बड़े कॉरपोरेट के पक्ष में निजीकरण हो रहा है, दूसरी तरफ संविदा, ठेका, आउटसोर्सिंग, गिग वर्क का हमला मजदूर वर्ग के ऊपर है। कॉम भवन सिंह ने एचईसी में 20 महीने से जारी आंदोलन पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में कोयला, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, मेकॉन, सीआईपी, एचईसी, हाईवे, बैंक, कॉपरेटिव, गिग वर्कर, ट्रांसपोर्ट, सुरक्षा गार्ड, इंडाल के कामगार उपस्थित थे।

### रामलखन सिंह यादव कॉलेज में मना गणतंत्र दिवस



**रांची।** रामलखन सिंह यादव कॉलेज में 75 वीं गणतंत्र दिवस को बडे ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स ने महाविद्यालय के परेड ग्राउंड में परेड मार्च किया। परेड की सलामी प्रचार्य डॉ जे.पी सिंह , प्रधान सहाय सुनील कुमार और एएनओ डॉ. भावना कुमारी ने ली। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक समेत सभी स्टूडेंट्स मौजूद रहे।

### श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति ने किया भंडारे का आयोजन

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति ने रविवार को 133 वें नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया। पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम आश्रम) के प्रांगण मे संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान एवं प्रमोद सारस्वत की देखरेख मे संस्था के वरिष्ठ सदस्या संतोष देवी अग्रवाल,चन्दा देवी अग्रवाल एवं अमिता जालान, नेहा कुमारी एव विनीत कुमार द्वारा वहां के जरूरतमंदों और मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों के बीच 133 वां नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण किया गया।

### ईश्वर हम सभी से करता है प्यार : आर्च बिशप

**रांची।** रांची महाधर्मप्रांतीय कैथोलिक महिला संघ की 60वीं वार्षिक आमसभा रविवार को हुई। आयोजन संत जोन बॉक्र्समन दीघिया पल्ली में हुई। सेवानिवृत्त हो चुके प्रशासक आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो ने कहा कि हम ईश्वर द्वारा बनाए गए हैं और वे प्रत्येक इंसान को प्यार करते हैं। इससे पहले संघ का झंडोत्तोलन कर सभा का शुभारंभ किया गया। मौके पर दो मिनट की मौन प्रार्थना कर मृत माताओं की आत्माओं के लिए प्रार्थना की गई। सभा में स्वागत संबोधन दीघिया विकारियट सह पल्ली पुरोहित फादर विसेंट मिंज, विषय प्रवेश सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप ने कराया। राष्ट्रीय कैथोलिक महिला संघ गोवा सम्मेलन की रिपोर्ट लीली बारला ने पढ़ी। आमसभा 2023 का प्रतिवेदन सभा की महासचिव फ्रांसिस्का खलखो ने पढ़ा। मौके पर सुशील तिग्गा, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, फादर आनंद डेविड खलखो, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### डीएवी हेहल में क्षमता संवर्धन कार्यशाला संपन्न

**रांची।** रविवार को सीबीएसई के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन हो गया। के नागाराजू, रंजन शर्मा ने एक्सपेरेंशियल लर्निंग पर दिलचस्प अनुभव साझा किये। इससे बच्चों का आने वाला कल और अधिक बेहतर बने। इस कार्यशाला में शिक्षण के गुर सिखाये गये। हेहल डीएवी विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने दोनों प्रशिक्षकों को महर्षि दयानंद सरस्वती का अमर ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय में शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच आपस में समन्वय किसी बड़े लक्ष्य को पूरा करता है। उन्होंने सीबीएसई एपटना के क्षेत्रीय अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वी सिंह, पीपी आर्य, एमके सिन्हा,अजय सहगल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यशाला में एनसी पाढ़ी, मौसमी मजूमदार, सोवन देव चक्रवर्ती, प्रीतम सरकार एवं अन्य उपस्थित थे।

## केनरा बैंक के अंचल कार्यालय में मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** केनरा बैंक अंचल कार्यालय रांची में 75वां गणतंत्र दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। वाईडी शर्मा, उप महाप्रबंधक ने ध्वजारोहण किया। केनरा बैंक के सुरक्षाकर्मियों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। मौके पर वाईडी शर्मा, उप महाप्रबंधक ने सभी को 75वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश को आजादी मिलने के पश्चात बाबासाहब भीमराव आंबेडकर की अध्यक्षता में भारत के संविधान का निर्माण हुआ। संविधान सभा द्वारा इस संविधान को 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को यह संविधान पूरे देश में एक लोकतांत्रिक सरकार प्रणाली के साथ लागू हुआ। गणतंत्र दिवस देश के नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों को पुनः याद दिलाने का एक अवसर है। हमें अपने दायित्वों को पूर्ण सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से पालन करना चाहिए। देश के विकास में सभी का सहयोग व योगदान अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि समाज व देश के उत्थान में एक बैंक और बैंकर की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। सरकार अपनी विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का कार्यान्वयन बैंकों के माध्यम से करती है। अतः हम यह सुनिश्चित करें कि ये योजनाएं सफलतापूर्वक कार्यान्वित हों। इस अवसर पर उन सुरक्षाकर्मियों को पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने अपनी शाखा में बेहतर कार्य-निष्पादन किया है।

# झारखंड के विकास के लिए बेचैनी सभी में हो : बाबूलाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**




### 'झारखंड एक बेचैन राज्य का सुख' पुस्तक का विमोचन मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया

**रांची।** प्रेस क्लब में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री बलबीर दत्त ने किया। प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक झारखंड एक बेचैन राज्य का सुख का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस पुस्तक में लेखक ने झारखंड के लिए अपनी बेचैनी को दशार्या है। झारखंड के विकास के लिए इस तरह की बेचैनी राज्य के सभी लोगों में होना चाहिए, जिससे झारखंड का भविष्य सुनहरा और अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि सभी लेखकों को भी राज्य के विकास के प्रति अपनी बेचैनी दशार्नी होगी, तब ही राज्य का विकास तेजी से हो सकेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड अलग बनने के बाद राज्य का विकास हुआ है,कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। उद्घाटनकर्ता झारखंड के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि इस पुस्तक में लेखक श्याम किशोर चौबे ने राज्य के पिछड़ेपन और विकास के लिए बेचैनी को दशार्या है। यह पुस्तक हमें प्रेरणा देगी उन्होंने कहा कि झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल के शासनकाल में बेईमानी नहीं थी। आज समय बदल गया है, राज्य में वित्तीय प्रबंधन के अभाव के कारण राज्य का विकास सही तरीके से नहीं हो रहा है। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार पदमश्री बलबीर दत्त ने कहा झारखंड अलग राज्य बनने के बाद राज्य ने बहुत राजनीतिक उतार-चढ़ाव देखे हैं। झारखंड के विकास के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा तभी राज्य विकास की ओर तेजी से अग्रसर होगा। राज्य से आदिवासी और गैर आदिवासी की भावना को दूर कर सब झारखंडी बनकर मेल मिलाप से कार्य करें तो राज्य आगे बढ़ेगा। समारोह के विशिष्ट अतिथि और संचालनकर्ता वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र ने कहा की लेखक ने पुस्तक में कल्पना को नहीं बल्कि यथार्थ को समेटा है। उन्होंने झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से आज तक जो देखा उसे इस पुस्तक में दशार्या है। यह पुस्तक राज्य के लोगों के लिए एक प्रेरणा साबित होगी। पुस्तक के लेखक श्याम किशोर चौबे ने कहा है की झारखंड में शांति के साथ बेचैनी भी है।अलग राज्य बनने का सुख तो मिला लेकिन विकास नहीं हो पाने की बेचैनी आज भी है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक में अलग-अलग विचारधारा होना स्वाभाविक है लेकिन राज्य के विकास लिए सभी लोग अगर एक साथ बेचैन हो तो इसका लाभ राज्य और राज्य की जनता को मिलेगा। पुस्तक में इसी भावना को प्रदर्शित करने का प्रयास किया हूं। कार्यक्रम में राज्य खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार नीरज पाठक, रामेश्वरम और प्रभात प्रकाशन के प्रमुख पीयूष कुमार ने भी अपने विचार रखें।

स्पीड न्यूज

## धुमकुड़िया भवन की छत की हुई ढलाई



**इटकी।** अखरा टोली में रविवार को धमकुड़िया भवन के छत की ढलाई की गई। सरना युवा संघ के अध्यक्ष बीरा उरांव के नेतृत्व में इटकी अखरा टोली, कटहल टोली, बिड़पी टोली, झाखरा टोली, खोरखा टोली, महुआ टिकरा और चाकबाड़ी के आदीवासी समुदाय के लोग छत ढलाई कार्य में शामिल होकर श्रमदान किया। छत ढलाई कार्य से पूर्व पाहन अमन उरांव और पनभरा बीजो उरांव ने विधिवत पूजा अर्चना किया।

## खलारी : हुटाप मोड़ पर स्कूटी-टेंपो में भिड़ंत, एक घायल

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के हुटाप मोड़ के पास एक टेम्पू व स्कूटी में टक्कर हो गया। टेम्पू व स्कूटी के टक्कर से स्कूटी सवार बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना लगभग 8रू00 बजे की बतायी जाती है। जानकारी के अनुसार बिना न0 टेम्पू खलारी के तरफ से रविवार बाजार करके पथकोय जा रहा था। वही स्कूटी जेएच01सीसी 1819 से मैक्लुस्कीगंज खलारी मुख्य पथ हुटाप के तरफ से आ रहा था। इस दौरान टेम्पू व स्कूटी में टक्कर हो गया। जिससे स्कूटी सवार सलामत अंसारी लगभग ;65 वर्षद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों के मदद से अनन फानन में उठाकर सेंट्रल हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने स्थिति को देखकर रिम्स रेफर कर दिया गया।

## बेदिया युवा मंच की विज्ञान प्रदर्शनी

**सिकिदिरी।** बेदिया युवा मंच के तीसरे बर्षगांठ के मौके पर रविवार को सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में विज्ञान प्रदर्शनी सह कला संस्कृति का आयोजन किया गया। इस मौके पर विज्ञान प्रदर्शनीए सामन्य ज्ञानए कला प्रदर्शनीए पेंटिंग प्रतियोगिताए भाषण प्रतियोगिताए पारंपरिक गीत और नृत्यए नाटक और योगा प्रतियोगियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हेलिकॉप्टर का मॉडलए चंद्रयान और आदिवासी गांव का मॉडल रहा। मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि डीआरडीओ के निदेशक गिरधारी कुमार मांझी विशिष्ट अतिथि बेदिया विकास परिषद के अध्यक्ष शंकर बेदिया उपाध्यक्ष जितनाथ बेदिया रामधन बेदिया देवकी नंदन बेदियाएरुपलाल बेदियाएसुरेन्द्र बेदिया रामदेव बेदिया उपस्थित थे। महोत्सव में 10 स्टडी सेंटर और आठ स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बेदिया युवा मंच के अध्यक्ष दिनेश बेदिया लखिंद्र बेदिया अजय कुमार मांझी चारु मांझी गुहीराम मांझी आदि की भूमिका रही।

## कसमार के बगियारी में पेड़ पर झूलता मिला शव

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के टांगटोना बगियारी गांव के फुटल बांध नामक सुनसान जगह पर महुआटांड़ थाना क्षेत्र के युवक का शव कसमार थाना पुलिस द्वारा पेड़ से झूलता हुआ बरामद हुआ है। कसमार थाना प्रभारी उज्जवल पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या फांसी लगाकर आत्महत्या प्रतीत हो रहा है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। शव का शिनाख्त नहीं होने पर मोर्चरी हाउस में रखने की तैयारी हो रही थी तभी सोशल मीडिया पर चले खबर को देखकर परिजनों को जानकारी मिली। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराकर शव को कसमार थाना लाया गया जहां देर शाम पहुंचे परिजनों ने शव का शिनाख्त कर अंतिम संस्कार के लिए महुआटांड़ ले गये। मृतक तालेश्वर महतो का 30 वर्षीय पुत्र रूपलाल महतो मानसिक रूप से विक्षिप्त था। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

# विकास गोल चक्कर में ट्रक पलटा, एनएच 20 घंटे जाम

### एनएच-20 जाम होने से सरकते रहे वाहन



ओरमांझी में जाम में फंसे छोटे-बड़े वाहन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** एनएच-20 पथ व रिंग रोड के बीच विकास गोल चक्कर के पास आए दिन सड़क जाम से वाहन चालक परेशान हैं। रांची रामगढ़ पथ पर धनबाद बोकारो से प्रति दिन हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं, लेकिन विकास गोल चक्कर के पास पहुचते-पहुंचते अक्सर वाहन जाम में फंस जाते हैं। वहीं ओरमांझी और मेसरा थाना पुलिस को जाम क्लियर कराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं तेज गति से जा रहे एक पाउडर लदा ट्रक एनएल01एसी-4723 पलट कर दो भाग हो गई। इस दुर्घटना में चालक व उपचालक बच गए और दुर्घटना के बाद वाहन छोड़कर फरार हो गए। बाद में पुलिस द्वारा दुर्घटना ग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार गोल चक्कर को वाहनों को आवगमन के लिए चालू के दिया गया, लेकिन सुविधा नहीं दी गई। जिसके कारण गोल चक्कर से गुजरने वालें वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं ओरमांझी से सलहन जाने वाली वाहन रॉग साईड से जाते हैं। जिसके कारण अक्सर जाम की हालात पैदा हो जाति है। वहीं कई वाहन दुर्घटना ग्रस्त भी हो रहे हैं। लोगों ने गोल चक्कर पर सिगनल व सुविधा युक्त लाइट लगाने की मांग की गई है।

## दो कार से टकरायी बाइक सवार का पैर टूटा

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी- ओरमांझी पथ के सांडी स्थित एक बीएड कॉलेज के समीप एक तेज रफ्तार की बाइक असंतुलित होकर दो कार से टकरा गई। इस घटना में बाइक सवार ओरमांझी थाना क्षेत्र के बरवे निवासी आफरोज आलम ;21 वर्षद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका दाहिना पैर टूट गया है। घटना रविवार के दिन करीब तीन बजे की है। सिकिदिरी पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को रिम्स में भर्ती कराया है। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार आफरोज तेज गति से अपने बाइक से ओरमांझी से सिकिदिरी की ओर जा रहा था।इस दौरान आगे चल रहे कार के किनारे से टकराते हुए विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य कार से टकरा गया। सिकिदिरी थाना की पुलिस ने तीनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

## रातू के धनई सोसो में लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर



**रातू।** सुंडील के धनई सोसो रानी तालाब के समीप सामाजिक कार्यकर्ता गारमेंट भगत की पहल पर कर्तव्य पथ संस्था ने निरूशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया। इसमें करीब 130 मरीज लाभान्वित हुये।

उन्होंने संस्था के प्रति आभार जताया। शिविर में महावीर मेडिकल के चिकित्सकों ने विशेष भूमिका निभायी। संस्थापक मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में कैंप आयोजित कर गरीबों को मदद पहुंचायी जायेगी। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशिभूषण भगत ने कर्तव्य पथ की प्रसंशा की। डॉ अनुज ने कहा कि रोगी को समय पर इलाज करने से ही लाभ मिलता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बगैर जांच कराये दवा के सेवन से साइड इफेक्ट का खतरा बना रहता है। लोगों को इससे परहेज करना चाहिये। मौके पर अमित कुमार, डॉ राजेश, संतोष कुमार, शशिकांत, ब्रजेश शर्मा, गौतम गणेशन, धनंजय कुमार, संतोष सिंह, लव-कुश, सूरज पांडेय व नवल सिंह आदि मौजूद थे।

## चाकू के बल पर नाबालिग लड़की के चार मित्रों ने किया दुष्कर्म का प्रयास

### ग्रामीणों ने एक युवक को थाना को किया सुपुर्द

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** चाकू के नोक पर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का प्रयास का मामला प्रकाश में आया। मामला खलारी थाना क्षेत्र के नारायण धौड़ा का है। सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि एक नाबालिक लड़की से चार दोस्त मिलकर चाकू के नोक पर दुष्कर्म करने की कोशिश किया जा रहा था। नाबालिक लड़की को अपराधी चारों मित्र चाकू के बल पर किसी अन्य सुनसान के तरफ ले जा रहे थे। इतने में लड़की डरी व असहज जैसे दिखने से आसपास के ग्रामीणों को शक हुआ। उसके बाद उसका पीछा करके चारों युवकों को पकड़ने का प्रयास किया गया। जिसमें एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने युवक को एक पेड़ पर बांध कर पीटा गया। उसके बाद उक्त युवक को खलारी थाना को सुपुर्द कर दिया गया। थाना में सुपुर्द अपराधी ग्रामीणों के पिटाई से आंशिक रूप से घायल हो गया था । जिसके बाद पुलिस के द्वारा युवक को डकरा सेंट्रल हॉस्पिटल में ईलाज कराया जा रहा है। दुष्कर्म करने के प्रयास में ग्रामीणों के द्वारा पकड़ाया युवक मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के छापर टोला में किसी के मेहमान में आया था। वही खलारी थाना से पूछे जाने पर बताया कि घटना के संबध में कुछ बता नही सकते पीड़ित लड़की व परिवार जन आये हुए है। पीड़ित के तरफ से मामला दर्ज नहीं हुआ। बताया गया कि पीड़ित पक्ष ने महिला पुलिस का मांग किये है। महिला पुलिस के बयान दर्ज कार्रवाई की जायेगा।

## 'हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ' जागरूकता रैली

### इटकी के लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक



हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** गणतंत्र दिवस के मौके पर राज्य पेंशनर समाज इटकी इकाई ने क्षेत्र में हो रहे सड़क दुर्घटना को लेकर हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ मोटरसाइकिल जागरूकता रैली निकाला। थाना प्रभारी अमीत प्रशांतए जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय कुमार व पूर्व जिप सदस्य लाल रामेशवर नाथ शाहदेव ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली बाजार परिसर स्थित जेपी चौक से निकलकर गुलजार रोड, तिरबिंधा चौक, साहेबमोड़, प्रखंड मुख्यालय, पावर हाउस, जामून पतरा, देवी मण्डप चौक होते हुए पुनः जेपी चौक पहुंच कर समाप्त हो गया। इस दौरान चौक चौराहे पर नुक्कड़ सभा का आयोजन कर सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया गया और दोपहिया वाहन चलाने वालों से हेलमेट पहनने की अपील की गई। मोटरसाइकिल रैली में शामिल लोगों ने हेलमेट लगाओ, जीवन बचाओ ना कोई शौक और ना कोई मजबुरी, हेलमेट है वेहद जरूरी के नारे लगा रहे थे। रैली में पेंशनर समाज के अध्यक्ष हाजी मुश्ताक अहमद, बिनोद सिन्हा, देवेंद्र महतो, बलराम गोप, शिवु महतो, सरिता, सरोज, सतीश होरो, जगदीश गोप, किशोर गोप, मो सज्जाद व मोजाहिद सहित अन्य लोग शामिल थे।

एक नजर में

## किराना दुकानदार को अपराधियों ने मारी गोली, घायल

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के कुदलोंग गांव निवासी मणिराज केशरी जो गांव में ही एक किराने की दुकान चलाता है अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया, जिसका इलाज जगरनाथपुर स्थित पारस अस्पताल में चल रहा हैण घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार मणिराज कुदलोंग गांव स्थित दुकान में दिन के लगभग 12 बजे था इसी बीच दो बाइक में पांच युवक आये जिसका उम्र लगभग 18 से 20 वर्ष की होगीण कुछ बातों को लेकर मणिराज से कहा सुनी होने लगी और फिर हाथापाई की नौबत आ गई और इसी हाथपाई के बीच एक युवक ने कट्टा से फायरिंग किया जो मिस फायर हुए फिर दूसरा अपराधी फायरिंग किया जो मणिराज के कान को छूते हुए सिर में जाकर लगीणइसके बाद मणिराज ने शोर मचाया तो आसपड़ोस के लोग जुट गएणजब लोग जमा होने लगे तो मौका देख पांचो अपराधी घटना स्थल से भागने में सफल रहेण हालांकि मणिराज के अनुसार ये लोग पहले भी कई बार दुकान आ चुके थेण घटना से आक्रोशित नगड़ी के ब्यवसायिओं ने स्वेच्छा से अपनी अपनी दुकानें बंद रखी।

## पर्यावरण और फिटनेस का संदेश देने निकले साइकिल दोस्त, मैक्लुस्कीगंज पहुंचे



**खलारी।** साइकिलिंग एक ऐसी कसरत है जिससे कई खतरनाक बीमारिया जैसे मोटापाए रक्तचाप आदि दूर रहती हैए ना ही सिर्फ यह एक कसरत है बल्कि एक आनंदमयी मनोरंजन का जरिया भी है। इसे ध्यान में रखते हुए शहर में अलग .अलग साइकिलिंग ग्रुप बना कर लोग पर्यावरण की रक्षा एवं स्वस्थ रखने का संदेश दे रहे हैं। इस संदेश का एक कड़ी साइकिल दोस्त ग्रुप है। जो राँची से साइकलिंग करते हुए रविवार को मैक्लुस्कीगंज पहुँचे। साइकिल दोस्त ग्रुप में 13 वर्ष से लेकर 60 वर्ष के लोगो का एक ग्रुप है। यह ग्रुप हर रविवार राँची के नजदीक गांवों में जाते है। इस बार साइकिल दोस्त के 13 लोगो का दल राँची से साइकिल चलकर मैक्लुस्कीगंज पहुँचे। साइकिल दोस्त ग्रुप मैक्लुस्कीगंज के जागृति बिहार संस्था पहुँचे। जहाँ पर संस्था के सचिव राजेश प्रसांत व सदस्य शुशील तिवारी ने साइकिल दोस्त ग्रुप का स्वागत किया। वही साइकिल दोस्त ग्रुप ने मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र के पर्यटक स्थलों का भी भ्रमण किये। साईकिल दोस्त ग्रुप में सुमन प्रसादएहेमंत झाएसंचित प्रसादएराजीव रंजन त्रिपाठीए वंदना खेमकाएगणेश रेडीए विनय विभाकरए राकेश अग्रवालएकुणाल गेलनिएनिशा मिंजएएल्फी कुजूर सहित अन्य उपस्थित थे।

# नौकरी और मुआवजा की मांग पर रैयतों ने आठ घंटे बंद रखी खदान



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** नौकरी मुआवजा और पुनर्वास की मांग को लेकर बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के बैनर तले विश्रामपुर के ग्रामीणों ने रविवार की सुबह केडीएच खदान का कामकाज पूरी तरह बंद करा दिया। दोपहर 2 बजे प्रबंधन के साथ हुई समझौता वार्ता के बाद खदान का कामकाज शुरू किया गया। रैयतों की मांग को लेकर 8 घंटे तक खदानों में कामकाज पूरी तरह से बंद रहा। इस बन्दी से कोयला का उत्पादन नहीं हो सका। इस दौरान प्रबंधन के साथ हुई समझौता वार्ता में सीसीएल द्वारा 1976 में अधिग्रहित की गई भूमि मे किये गये छेड़छाड़ के सुधार को लेकर 2 फरवरी को परियोजना कार्यालय में खलारी अंचल के साथ बैठक कर समस्या का समाधान करनेएजमीन सत्यापन के 3 महीने के बाद रैयत को नौकरी और मुआवाजा देनेएविश्रामपुर और तुमांग पंचायत के प्रभावित क्षेत्र का विस्थापन और पुनर्वास का कार्य करने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद आंदोलन को समाप्त करते हुए खदान के कामकाज को शुरू कर दिया गया। समझौता वार्ता में प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंहए स्टाफ ऑफिसर पर्सनल ज्योति कुमारए कार्मिक अधिकारी नवनीत शेखरए शैलेंद्र कुमार और ग्रामीणों की ओर से बिहार कोलरी कामगार यूनियन के जोनल अध्यक्ष ने वार्ता किया।

## महाराणा प्रताप विचार मंच राजपूतों का नहीं, राष्ट्रभक्तों का है संगठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** महाराणा प्रताप विचार मंच बोकारो के तत्वावधान में वार्षिक सम्मेलन सह वन भोज का कार्यक्रम स्थानीय सिटी पार्क स्थित वन भोज स्थल पर आयोजित किया गया। उक्त समारोह में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद लोकसभा सांसद पीएन सिंह सहित श्रमिक नेता राजेंद्र सिंह ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एके सिंह कांग्रेस नेत्री श्वेता सिंह भाजपा नेत्री परिंदा सिंह वरीय कांग्रेसी नेता रास नारायण सिंह भाजपा नेता रोहित लाल सिंह कुमार अमित पूर्व डीआईजी जितेंद्र कुमार सिंहएश्रमिक नेता संग्राम सिंह डॉ सुबोध सिंह कर्नल शेखावत मयंक सिंह गिरीश सिंह आदि उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने क्षत्रिय समाज के इतिहास की चर्चा करते हुए राष्ट्र व समाज के विकास में क्षत्रियों के संघर्ष व निस्वार्थ बलिदान पर विचार व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि क्षत्रियों ने समाज के हर अंग.हर जाति के लोगों को साथ लेकर हमेशा त्याग व आत्मोसर्ग की भावना को प्राथमिकता दी है। मुख्य अतिथि सांसद पीएन सिंह ने महाराणा प्रताप से लेकर आजादी की जंग में राजपूतों के संघर्ष एवं बलिदान का जिक्र करते हुए कहा कि स्वार्थपरक भावनाओं से ऊपर उठकर समाज के हर अंग को साथ लेकर समाज के हर वर्ग की प्रगति. उन्नति के प्रति क्षत्रिय हमेशा हमेशा सक्रिय रहा है। इस समाज ने कभी भी निर्णय की परवाह नहीं की । इतिहास गवाह है कि स्वाभिमान और संघर्ष ही क्षत्रियों का आभूषण रहा है।

## मारांगकिरी- चरकुडीह में हाथियों ने रातभर मचाया उत्पात, ग्रामीणों में दहशत



**सोनाहातू।** प्रखंड क्षेत्र के बारेंदा पंचायत अंतर्गत मारांगकिरी- चरकुडीह गांव में शनिवार रात को जंगली हाथियों का झुंड ने गांव को चारों तरफ से घेर कर उत्पात मचाया है। ग्रामीण वन विभाग के रवैये से काफी आक्रोशित हैं। चरकुडीह के चहवर महतो के एक एकड़ खेत में लगे गन्ने को हाथियों ने मन भर खाया और नष्ट कर दिया है। मगल महतो के खलियान में रखे धान को भी तहस नहस कर दिया है। जहरलाल महतो के आलू के फसल को खाया और नष्ट किया है। हाथियों का झुंड गांव में तीन भागों में अलग-अलग ग्रुप हो गया जिसके कारण रात भर ग्रामीणों को हाथी भागने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ गया। ग्रामीणों ने रात भर जाग कर पटाखे और मशाल के मदद से गांव में हाथियों को प्रवेश करने से रोके रखा। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों की संख्या 40-45 की है। फिर से शाम होते ही गांव में भय और आतंक व्याप्त होगा। हाथियों का झुंड गांव के पास ही जंगल में रुके हैंए और इसको भगाने या गांव को सुरक्षित रखने को लेकर वन विभाग का दिन भर में कोई पहल नहीं हुआ। ज्ञात हो कि एक महीने के हाथियों के द्वारा पांच लोगों को जान से मार डाला है।

## चिन्मय विद्यालय में क्रीड़ा उत्सव शुरू

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में गणतंत्र दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि चिन्मय मिशन बोकारो की आचार्य स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती सहित विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक आदि उपस्थित थे। प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी एवं विद्यालय की उपलब्धियों व गतिविधियों पर प्रकाश डाला। स्वामिनी द्वारा ध्वजारोहण के बाद विद्यालय के 46वें क्रीड़ा उत्सव का आयोजन किया गया।

# रातू : पतराटोली के वनभोज में उमड़ी हजारों की भीड़

### प्रतिनिधियों के लिए ऊर्जा स्रोत हैं ग्रामीण : निर्मला

### लजीज व्यंजन का चखा स्वाद, गीत-नृत्य पर थिरके युवक-युवती

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला बिरेंद्र भगत की ओर से होचर पतराटोली में वनभोज आयोजित किया गया। इसमें आजसू के हटिया विधानसभा संगठन प्रभारी भरत कांसी समेत प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधि और हजारों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और एक-दूसरे का कुशलक्षेम जाना। जमकर हंसी-ठिठौली हुयी। लजीज व्यंजन का स्वाद भी चखा। उत्साहित युवक-युवती नागपुरी गीत-नृत्य पर घंटों थिरकते रहे। लोगों ने वनभोज के बहाने नये साल को शानदार तरीके से सेलिब्रेट किया। इससे पूर्व प्रतिनिधियों ने प्रखंड के लोगों की आर्थिक और सामाजिक विकास पर चर्चा की। श्रीमती भगत ने आगंतुकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण, प्रतिनिधियों के लिये ऊर्जास्रोत हैं। जिप अध्यक्ष ने अपने कार्यकाल के दौरान जनता की उम्मीदों पर खरे उतरने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता की हर समस्या उनकी है। वे पूरे तन-मन से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हर वक्ता प्रयासरत रहेंगे।

**इन्होंने निभायी भूमिका**

पृथ्वीनाथ शाहदेव, अरविंद पांडेय, ब्रजेश शर्मा, उमेश सिंह, राजेंद्र भगत, राजीव रंजन मिश्रा, ओमप्रकाश तिवारी, रामनंदन महतो, सपोर तिग्गा, देवेंद्र पाहन, कार्तिक उरांव, चंद्रदीप उरांव, बंधु महतो, अमीन मुंडा, कीनू उरांव, उपेंद्र उरांव, बसंत पाहन, अनिल भगत, विजय भगत, बसंत भगत, संजीत उरांव, सुरेश साहू, विशाल साहू व अजय मुंडा आदि।

# सांस्कृतिक विरासत बचाने में मेला सहायक : रामटहल चौधरी

### टुसू मेला



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के सिरका गांव मे रविवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी घूमधाम से छोटानागपुरी परिवेश में सातवां युवा महोत्सव सह टूसू मेला का आयोजन किया गया। मेला के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि मेला के माध्यम से हम सब छोटानागपुर की संस्कृति बिरासत को बचाए रख सकते हैं। कहा कि जिस दिन हमारी संस्कृति खत्म हो जाएगी उसी दिन से हमारी पहचान और अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि नशापान से बचे और अपने बच्चो के बेहतर शिक्षा दे । गिरीडीह के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी पूर्व विधायक रामकुमार पहान शिक्षाविद डॉ अमर कुमार चौधरी प्रमुख दीपा उरांव आजसू के केन्द्रीय सचिव पारसनाथ उरांव रामधन बेदिया ने भी अपने विचार रखे। मौके पर सुरेन्द्र महतो नरेश साहू राजू प्रमाणिक सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे। मेला में वालिका फूटबॉल के विजेता टीम आगर टोली और उप विजेता टीम गगारी को तथा टूसू प्रदर्शनी मे बेहतर टूसू प्रदर्शन काने वाले महिला समूहों को सम्मानित भी किया गया। मेला के आयोजन और उसे सफल बनाने में मेला समिति के अध्यक्ष रोशन मुंडा महासचिव साहेब राम महतो धमेन्द्र सिंह सीता राम पहान विपिन मुंडा सहित समिति के सभी पदधारियों एवं सदस्यो का अहम योगदान रहा। मेला में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगो ने खूब रिझ रंग किए।

## बोकारो क्लब में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बोकारो।** बोकारो क्लब में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त कुलदीप चौधरी उप विकास आयुक्त कीर्ति श्री जीए अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया अपर समाहर्ता मेनका समेत अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य व संगीत के माध्यम से दर्शकों में देशभक्ति का संचार किया। कार्यक्रम में एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल दिल्ली पब्लिक स्कूल कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चास अयप्पा पब्लिक स्कूल जीजीपीएस सेक्टर पांच पेंटा कोस्टल असेंबली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चंदनकियारी डीएवी सेक्टर 4 एवं बोकारो पब्लिक स्कूल सेक्टर थ्री के विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी।

# नौवीं बार नीतीशे...

आखिर कार बिहार की राजनीति में एक बार फिर उथल-पुथल हुआ। नौवी बार नीतीश कुमार ने फिर से राजद का दामन छोड़ दिया है। इस राजनीतिक घटना को भाजपा और जदयू दोनों की मजबूरियों से जोड़ कर देखा जा रहा है। जब भाजपा को छोड़कर नीतीश ने राजद से नाता जोड़ा था तब भाजपा से उन्हें सत्ती छिने जाने का डर बढ़ गया था और इस बार भी यह कारण बनी हुई है। लोकसभा के चुनाव में राम लहर के कारण उन्हें राजनीतिक रुप से यह अहसास हो गया था कि उनकी पुरानी स्थिति बरकरार नहीं रहेगी। वही भाजपा को भी मालूम था कि बिहार की 40 में 39 सीट जिस राजग गठबंधन ने जीता थावह स्थिति नीतीश की अनुपस्थिति में संभव नहीं है। दूसरी ओर राजद की महत्वकांक्षा बढ़ती जा रही थी। तेजस्वी यादव को सीएम बनाने का प्रयास भी राजद ने आंरभ कर दिया था। इसके साथ ही इंडी गठबंधन में भी नीतीश कुमार जो करना चाहते थे वे इसमें बुरी तरह विफल रहे थे। इसमें लालू यादव की राजनीति को भी जिम्मेवार ठहराया जा रहा है। नीतीश अपने दल जद यू के साथ ऐसी स्थिति में है कि वे राजद के साथ जाए तो राजद की और भाजपा के साथ आये तो एनडीए की सरकार बन जाती है। इसी राजनीति स्थिति का भरपूर लाभ नीतीश कुमार ने उठाया और साफ शब्दों में कहा जाए तो नीतीश की राजनीतिक बुलंदी ही है कि वो इस प्रकार की राजनीतिक स्थिति पैदा करने में सफल होते रहें हैं। नीतीश के राजग में आने से सबसे बड़ा नुकसान इंडी गठबंधन को हुआ है जिसके संयोजक भी पाला बदल चुके हैं। भाजपा भी 2024 के चुनाव में बेहतर परिणाम को लेकर सतर्क है इस कारण नीतीश का राजग में प्रवेश आसान हो गया। लेकिन उनके विश्वसनीयता पर सवाल तो खड़ा हो ही गया है।

# कर संग्रह में वृद्धि

आयकर और जीएसटी मासिक संग्रह बढ़ने से सरकार अंतरिम बजट में राजकोषीय सूझबूझ पर चलते हुए भी किसानों और सामाजिक योजनाओं के लिए अधिक धन आवंटित करने की स्थिति में रहेगी। सरकार आम चुनाव में जाने के पहले एक फरवरी को अपना अंतरिम बजट पेश करेगी। ऐसे में इस बजट में समाज के गरीब वर्गों, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में आय और कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन में उछाल दिख रहा है। इससे कुल प्रत्यक्ष टैक्स कलेक्शन बजट अनुमान से लगभग एक लाख करोड़ रुपये अधिक रह सकता है। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों से 18.23 लाख करोड़ रुपये जुटाने का बजट लक्ष्य रखा था। इस मद में 10 जनवरी, 2024 तक टैक्स कलेक्शन 14.70 लाख करोड़ रुपये हो चुका था, जो बजट अनुमान का 81 प्रतिशत है। अभी वित्त वर्ष पूरा होने में लगभग ढाई महीने का वक्त बाकी है। वहीं जीएसटी के मोर्चे पर केंद्रीय जीएसटी राजस्व 8.1 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान से लगभग 10,000 करोड़ रुपये अधिक होने की उम्मीद है। हालांकि उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क संग्रह में करीब 49,000 करोड़ रुपये की कमी की आशंका है। केंद्र का सकल कर राजस्व 33.6 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान से 60,000 करोड़ रुपये अधिक होने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने अपनी बजट अगले वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर एवं जीएसटी संग्रह के कारण सकल कर राजस्व 11 प्रतिशत बढ़ेगा लेकिन उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क संग्रह में वृद्धि कम रह सकती है। चुनावी साल में सरकार बजट में सबसे उपेक्षित तबका पर ध्यान केन्द्रीत कर सकती है।

# ईर्ष्या की अनदेखी

विचार-प्रवाह

**सीताराम गुप्ता**

**कई** बार ऐसा होता है कि जब आप अपने किसी मित्र, रिश्तेदार अथवा परिचित से मिलते हैं अथवा मिलने जाते हैं तो आपको अपेक्षित आदर-सत्कार, सम्मान अथवा स्नेह की बजाय उपेक्षा और तिरस्कार मिलता है। कल तक जो लोग आपकी पसंद-नापसंद का ख्याल रखते थे और आपकी प्रशंसा करते नहीं थकते थे, वे ही एकाएक आप में कमियां निकालना तथा आपकी उपेक्षा और तिरस्कार करना शुरू कर देते हैं जबकि आपने ऐसा कोई काम नहीं किया जो उनकी शान के खिलाफ हो। ऐसे में आपका दुखी, उत्तेजित अथवा परेशान होना स्वाभाविक है लेकिन ऐसा करने से पहले जरा इसके कारणों पर विचार कीजिए।

कल तक जो मित्र आपके सेंस ऑफ ह्यूमर अथवा आपके गुणों की प्रशंसा करते थकते नहीं थे, आज आपको बदतमीज और फूहड़ साबित करने पर तुले हुए हैं तो इसका कोई कारण तो होगा ही। लोगों के इस तरह के अप्रत्याशित गलत व्यवहार से दुखी होना स्वाभाविक है। हो सकता है क्रोध भी आ जाए। लेकिन यहां क्रोध करने अथवा दुखी होने की जरूरत नहीं है। प्रायः अधिकांश लोग दूसरों को प्रसन्न देखना नहीं चाहते। हां अगर कोई दुखी है तो उन्हें कोई परेशानी नहीं होती। उर्दू के शायर डॉ. नवाज देवबंदी साहब भी यही फमार्ते हैं :-वो जो मेरे गम में शरीक था, जिसे मेरा गम भी अजीज था,मैं जो खुश हुआ तो पता चला वो मेरी खुशी के खिलाफ है। उपेक्षा, अपमान अथवा तिरस्कार की यह स्थिति आपके लिए दुखी नहीं, प्रसन्न होने के लिए है क्योंकि इस समय आप वास्तव में प्रसन्नचित्त अथवा खुशहाल हैं। आपको नीचा दिखलाने के प्रयास में हैं।

कार्टून वर्ल्ड



साभार: कॉर्टून डॉट कॉम

लेटर टू एडिटर

## आक्रामकता नहीं हल

**आक्रामक** राहुल गांधी बदल पाएंगे कांग्रेस की किस्मतयह सवाल आज अहम हो गया है। जरूरत इस बात की है कि पार्टी संगठन को मजबूत किया जाए। ऐसी ही आक्रामकता राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह सरकार के दौरान प्रस्तावित विधेयक की प्रतियां फाड़ कर दिखायी थी। उसके बाद मोदी सरकार सत्ता में आई थी। वैसे इंडि गठबंधन टूटता दिख रहा है।

**- मधुसूदन शर्मा, जमशेदपुर**

## महापुरुषों की राह

**राजनीतिक** क्षेत्र में बढ़ते स्वार्थ का खुलासा करने वाला रहा। चुनावी उम्मीदवार महापुरुषों का अनुसरण मात्र वोट बैंक भुनाने के लिए करते हैं। चुनाव जीतने के बाद वादे, जनता का विश्वास धराशायी हो जाता है। उनकी करनी और कथनी में काफी अंतर दिखाई पड़ता है। जनहित राजनेताओं की आंखों से ओझल हो जाता है। यह समस्या आज सबसे खतरनाक है।

**-अनिल कौशिक,रांची**

# राम विवाद नहीं, समाधान हैं, इसे व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझें





**- ललित गर्ग**

> अयोध्या में मोदी ने अपने संबोधन में कहा है, राम विवाद नहीं, समाधान है। उनके इस कथन को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझा और स्वीकारा जाना चाहिए। यह भी समझा जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री का यह कथन देश में संभावनाओं के नये आयाम भी खोल रहा है। राम और राष्ट्र के बीच की दूरी को पाटने का एक स्पष्ट संकेत भी प्रधानमंत्री ने दिया है। इस बात को भी समझने की ईमानदार कोशिश होनी चाहिए।

प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा इस सोच और संकल्प के साथ आयोजित हुआ है कि हमें कुछ नया करना है, नया बनना है, नये पदचिह्न स्थापित करने हैं। बीते वर्षों की कमियों पर नजर रखते हुए उन्हें दोहराने की भूल न करने का संकल्प लेना है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम मंदिर के सफल प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और एक धन्यवाद प्रस्ताव में कहा कि लोगों द्वारा उनके प्रति दिखाए गए प्यार और स्नेह ने उन्हें ह्यजननायकह्ल के रूप में स्थापित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पढ़े गए इस प्रस्ताव में मोदी को एक नए युग का अग्रदूत बताया गया। क्योंकि उन्हीं की अगुवाई में सोमवार को अयोध्या में संपन्न कार्यक्रम में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि हम कह सकते हैं कि 1947 में इस देश का शरीर स्वतंत्र हुआ था और अब इसमें आत्मा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। निश्चित ही मोदी अब इस नए युग के प्रवर्तन के बाद, नवयुग प्रवर्तक के रूप में भी सामने आए हैं। श्रीरामलला के नूतन विग्रह में प्राण-प्रतिष्ठा की अपूर्व एवं अलौकिक घटना भारत के लिये युगांतरकारी है। हम एक नये युग में पदार्पण कर रहे हैं। यह नवयुग एवं नया दौर आशा और विश्वास के साथ ही जिम्मेदारियों से भरा है।

नरेन्द्र मोदी के महान एवं ऊर्जस्वल व्यक्तित्व को एक राजनीतिक दल के सर्वोच्च नेता के सीमित दायरे में बांधना उनके व्यक्तित्व को सीमित करने का प्रयत्न है। उन्हें नए राष्ट्र का निमार्ता कहा जा सकता है। मोदी जैसे व्यक्ति दो-चार नहीं, अद्वितीय होते हैं। उनका गहन चिन्तन राष्ट्र के आधार पर नहीं, वरन् उनके चिन्तन में राष्ट्र अपने को खोजता है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के माध्यम से स्वस्थ मूल्यों को स्थापित करके राष्ट्र को सजीव एवं शक्तिसम्पन्न बनाने का प्रयत्न किया है। राष्ट्र-निर्माण की कितनी नयी-नयी कल्पनाएं उनके मस्तिष्क में तरंगित होती रहती हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य, दिव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा उनके ही संकल्पों की निष्पत्ति है। इसके साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा की यह तारीख आने वाले हजारों वर्षों के लिये एक उजाला एवं संकल्प बनते हुए नये इतिहास का सृजन करने वाली शुभ एवं श्रेयस्कर गति है। जैसा कि नरेन्द्र मोदी ने कहा है, यह नये इतिहास-चक्र की भी शुरूआत है। इस अवसर पर दिये गये संबोधन में मोदी ने अपने संकल्प ह्यसबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वासह्ल को एक नया आयाम भी दिया है। नरेन्द्र मोदी केवल व्यक्तियों के समूह को राष्ट्र मानने को तैयार नहीं हैं। उनकी दृष्टि में राष्ट्र के सदस्यों में निम्न विशेषताओं का होना आवश्यक है जिस राष्ट्र के सदस्यों में इस्पात-सी दृढ़ता, संगठन में निष्ठा, चारित्रिक उज्ज्वलता, कठिन काम करने का साहस और उद्देश्य पूति के लिए स्वयं को झोंकने का मनोभाव होता है, वह राष्ट्र अपने निर्धारित लक्ष्य तक बहुत कम समय में पहुंच जाता है। कहा जा सकता है कि नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र-चिंतन में जो क्रांतिकारिता, परिवर्तन एवं नये दिशाबोध हैं, वे राष्ट्र के चिंतकों को भी चिंतन की नयी खुराक देने में समर्थ हैं।

इसे भी पढ़ें: प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण के बाद उत्तर प्रदेश में विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है

अयोध्या में मोदी ने अपने संबोधन में कहा है, राम विवाद नहीं, समाधान है। उनके इस कथन को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझा और स्वीकारा जाना चाहिए। यह भी समझा जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री का यह कथन देश में संभावनाओं के नये आयाम भी खोल रहा है। राम और राष्ट्र के बीच की दूरी को पाटने का एक स्पष्ट संकेत भी प्रधानमंत्री ने दिया है। इस बात को भी समझने की ईमानदार कोशिश होनी चाहिए कि श्रीराम की महत्ता हिंदू समाज के आराध्य होने में ही नहीं है, बल्कि उन्हें सुशासन का प्रतीक पुरुष एवं शासक समझने में भी है। तभी हमारा राष्ट्र राजनीतिक विसंगतियों से मुक्त होकर सुशासन का आधार बन सकता है। जिसमें हर नागरिक को, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, वर्ण, वर्ग का हो, प्रगति करने का समान और पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए।

प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा इस सोच और संकल्प के साथ आयोजित हुआ है कि हमें कुछ नया करना है, नया बनना है, नये पदचिह्न स्थापित करने हैं। बीते वर्षों की कमियों पर नजर रखते हुए उन्हें दोहराने की भूल न करने का संकल्प लेना है। हमें यह संकल्प करना और शपथ लेनी है कि आने वाले वर्षों में हम ऐसा कुछ नहीं करेंगे जो हमारे उद्देश्यों, उम्मीदों, उमंगों और आदर्शों पर प्रश्नचिह्न टांग दे। अपनी उपलब्धियों का अंकन एवं कमियों की समीक्षा कर इस अवसर पर हर व्यक्ति अपनी विवेक चेतना को जगाकर अपने भाग्य की रेखाओं में राष्ट्रीयता और जिजीविषा के रंग भरें, सामंजस्य एवं सहिष्णुता को जीवन के व्यवहार में उतारने का अभ्यास करें। केवल अपनी भावनाओं को ऊंचा स्थान दे, वह स्वार्थी होता है। स्वार्थी होने की कीमत चुकानी ही पड़ती है। दूसरों की भावना के प्रति उदार बनें। उदार होने का मतलब है आप किसी के कहे बिना भी उनकी भावनाओं को समझें। उसके बारे में सोचें, विचारें। इससे आपके जीने का अंदाज बदल जायेगा। यही जीने की आदर्श शैली का प्रशिक्षण प्राण-प्रतिष्ठा महा-महोत्सव का हार्द है।

समूचा देश राममय हो रहा है, इस ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय अवसर पर अपने-पराये का भेद मिटाने की आवश्यकता को भी समझना जरूरी है। धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर, अर्थ के नाम पर, भाषा के नाम पर होने वाला कोई भी विभाजन ह्यराम-राज्यह्ल में स्वीकार्य नहीं हो सकता। सांस्कृतिक अथवा धार्मिक राष्ट्रवाद के नाम पर किसी को कम या अधिक भारतीय आंकना भी राम-राज्य की भावना के प्रतिकूल है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अयोध्या में नया मंदिर बनने के बाद हिंदू समाज में एक नया उत्साह है, जो स्वाभाविक भी है। पर हमें इस भाव की सीमाओं को भी समझना होगा। नदी जब किनारा छोड़ती है तो बाढ़ आ जाती है। सरसंघचालक मोहन भागवत ने प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर कहा भी था जोश के माहौल में होश की बात करनी जरूरी है।

खास बात

## प्रेरणा और संबल

**प्रशांत झा**

ये किताबें हमें कैरियर के मामले में परीक्षाओं को पास करने के रास्ते सुझाती हैं, रणनीतियां बताती हैं, जिनके जरिये हम कठिन परीक्षाओं को क्रैक कर सकते हैं। हमारे हौसले को बनाये रखती हैं, जो न सिर्फ हमारी रुचियों को बरकरार रखने का जरिया होता है बल्कि हमें लगातार कुछ कर सकने के लिए प्रेरित करता है। सबसे बड़ी बात, ऐसी किताबें खुद पर नियंत्रण करना सिखाती हैं। ये हमें अनुशासन में रहना सिखाती हैं। अगर मामला अपनी बीमारियों को जानने, समझने और स्व-चिकित्सा से हो तो ये किताबें हमें इतना संबल देती हैं कि हम इनके मुताबिक लंबे समय तक संघर्ष करके जटिल बीमारियों से भी पार पा सकते हैं। इसलिए अगर पढ़ने और न पढ़ने से मिलने वाले फायदों पर अंगुली रखना हो तो निश्चित रूप से न पढ़ने के मुकाबले ऐसी किताबों को पढ़ने के कई फायदे होते हैं।

**कमजोरियां जानने व पार पाने में मददगार**

इन किताबों को पढ़ने का फायदा इसलिए होता है, क्योंकि ये हमारी गलतियों को चिन्हित करती हैं। इनको पढ़कर हम जान पाते हैं कि आखिर हम गलतियां क्या कर रहे हैं और उनसे कैसे बच सकते हैं यानी ये किताबें हमें हमारी कमजोरियों को जानने-पहचानने में मदद करती हैं। इन किताबों को पढ़कर हम नया कुछ सीखने के लिए प्रेरित होते हैं, हमारी उम्र, हमारी भाषाई समझ, हमारा ज्ञान, हमारे लिए किसी तरह की बाधा नहीं बनता। ये हमें एक उत्साह देती हैं, जिससे हम किसी भी उम्र में कोई भी कौशल सीखने के लिए तैयार हो जाते हैं और जब सीखते हैं तो उसका फायदा मिलता है। ऐसी किताबें हमें दृढ़ बनाती हैं, समस्या का समाधान सुझाती हैं।

**नए तरीके से सोचने की कला**

एक बड़ा फायदा यह भी मिलता है कि हम उस अभ्यास के तौर-तरीके को जान पाते हैं, जो हमें आगे चलकर मदद करता है। ये हमें अपने प्रति ईमानदार बनाती हैं और अपना मूल्यांकन करने के लिए तरीका और पैमाने सुझाती हैं। निश्चित रूप से इन किताबों को पढ़कर हमें ज्ञान होता है, हमें हिम्मत आती है और हम नए तरीके से सोचने की कला सीख जाते हैं।

**आगामी** 4 फरवरी 2024 को धनबाद में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यक्रम के निमित्त सरिया स्थित राजशाही रिजॉर्ट में बगोदर और धनवार विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा नेताओं, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं कार्यक्रम प्रभारी श्री बालमुकुंद जी के साथ बैठक हुई।

**–अन्नपूर्णा देवी, सांसद**

आपके ट्वीट

**अग्निपथ** घोटाले ने देशभक्तों के साथ धोखा किया है - 1.5 लाख युवाओं को पुरानी भर्ती से नियुक्ति का वादा कर बदले में बेरोजगारी और हताशा दी है। सरकार उन्हें या तो भर्ती दे या मुआवजा - हम रुकेंगे नहीं जब तक नहीं मिलेगा 'युवा न्याय'। **–राहुल गांधी, कांग्रेस**





विकसित भारत का निर्माण उत्तर प्रदेश के तेज विकास के बिना संभव नहीं है। आज बुलंदशहर में विकास कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम का हिस्सा बनकर काफी प्रसन्नता हो रही है।

**– नरेन्द्र मोदी**

# उत्तर भारत के पर्यटन विकास का केन्द्र अयोध्या धाम होगा

**पी सबनानी**

प्रभु श्रीराम केवल भारत ही नहीं बल्कि विश्व के कई अन्य देशों में भी पूज्य है। कई देशों ने तो रामायण को अपनी भाषा में भी लिखा है। इस दृष्टि से रामायण के कई रूप हैं। थाईलैंड, कम्बोडिया, लाओस, चीन, म्यांमार, इंडोनेशिया, वियतनाम, आदि देशों में रामायण के स्थानीय रूप मिलते हैं। पूरे विश्व में कुल मिलाकर 300 भाषाओं में रामायण उपलब्ध है। उत्तरी थाईलैंड में एक शहर का नाम ही अजोध्या है। यह प्राचीन काल में एशियन थाई राज्य की राजधानी रहा है। कालांतर में जिन देशों में भारतीय मूल के नागरिक गए हैं वहां रामायण भी पहुंचा है। जैसे केरेबीयन देशों में, अफ्रीकन देशों में, फीजी आदि देशों में प्रभु श्रीराम विद्यमान रहे हैं और यहां के नागरिक, भारतीय मूल के नागरिकों सहित, प्रभु श्रीराम की पूजा करते हैं। अब भारत इन सभी देशों के साथ अपने राजनैतिक एवं सामरिक रिश्तों को मजबूत कर सकता है और इन देशों में रह रहे नागरिकों को भारत एक तरह से अपने देश की तरह दिखाई देने जा रहा है।

दूसरे, अब भारत में धार्मिक पर्यटन बढ़ने की अपार सम्भावनाएं बन गई हैं। भारत में अभी तक सबसे अधिक पर्यटक पड़ौसी देश बंगला देश से आते हैं, इसके बाद पश्चिमी देशों से पर्यटक भारत आते हैं, जैसे अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, रूस, आस्ट्रेलिया, फ्रान्स, जर्मनी आदि। इसके बाद एशिया के अन्य देशों से पर्यटक भारत आते है, जैसे मलेशिया, श्रीलंका एवं थाईलैंड। जबकि इन एशियाई देशों में प्रभु श्रीराम में आस्था रखने वाले नागरिकों की बहुत बड़ी संख्या निवास करती है। अतः अब इन एशियाई देशों से भारत में पर्यटकों का आना बढ़ना चाहिए। इन समस्त देशों के नागरिक प्रभु श्रीराम के बचपन की कहानियां पढ़कर बड़े हुए हैं।

पर्यटन

विशेष रेलगाड़ी 18 दिनों में 8000 किलो मीटर की यात्रा सम्पन्न करेगी, इस विशेष रेलगाड़ी के इस रेलमार्ग पर 18 स्टॉप होंगे। यह विशेष रेलमार्ग प्रभु श्रीराम से जुड़े ऐतिहासिक नगरों अयोध्या, चित्रकूट एवं छतीसगढ़ को जोड़ेगा। अयोध्या में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर वैश्विक पटल पर इस रूट को भी रखेगा।

विश्व के कई अन्य देश धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है। इसी प्रकार, वेटिकन सिटी में प्रतिवर्ष 90 लाख लोग पहुंचते हैं। इस धार्मिक पर्यटन से अकेले वेटेकन सिटी को प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आय होती है, और अकेले मक्का शहर को 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आमदनी होती है। अयोध्या में तो किसी भी धर्म, मत, पंथ मानने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार की पाबंदी नहीं होगी। अतः अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 5 से 10 करोड़ प्रतिवर्ष तक जा सकती है।

प्रातः अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर शाम तक वापिस चले जाते थे परंतु अब अयोध्या को इतना आकर्षक रूप से विकसित किया गया है कि श्रद्धालु 3 से 4 दिन रुकने का प्रयास करेंगे। एक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक पर्यटक लगभग 6 लोगों प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता है इस संख्या के हिसाब से तो लाखों नए रोजगार के अवसर अयोध्या में उत्पन्न होने जा रहे हैं। अयोध्या के आसपास विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है।

# सर्वोदय योजना की गति तेज हो, निम्न तबके को मिले

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 22 जनवरी को प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना की शुरूआत की घोषणा की। इस योजना का लक्ष्य एक करोड़ घरों की छतों (रूफटॉप) पर सोलर पैनल लगाने की है। इस नीति की विस्तृत जानकारी अभी सामने आनी है लेकिन इसका व्यापक लक्ष्य एकदम स्पष्ट हैः गरीब और मध्य वर्ग के परिवारों को स्वच्छ और सस्ती बिजली मुहैया कराना।

सबसे बढ़कर यह कि छतों पर लगने वाले सौर ऊर्जा उपकरण सबको बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य हासिल करने का एक अहम जरिया है। ऐसा इसलिए कि पारंपरिक बिजली उत्पादन मॉडल की तरह इसमें अंतिम छोर तक अधोसंरचना की उतनी जरूरत नहीं होती। यह अक्षय ऊर्जा को लेकर देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता के निबाह की दृष्टि से भी उपयोगी कदम होगा।

भारत का लक्ष्य अपनी स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 50 फीसदी अक्षय बिजली उत्पादन स्रोतों से हासिल करने का है। परंतु इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए नई योजना को उन चुनौतियों से भी पार पाना होगा जो छतों पर सौर ऊर्जा उपकरण लगाने के क्षेत्र में आरंभ से ही देखने को मिल रही हैं।

सूर्योदय योजना 2010 से अब तक घोषित चौथी ऐसी योजना है जो छतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने से संबंधित है। 2010 में सबसे पहले जवाहरलाल नेहरू नैशनल सोलर मिशन की स्थापना की गई थी। वर्ष 2015 में एक अन्य योजना की घोषणा की गई ताकि आम परिवारों तथा बिजली वितरण कंपनियों को ऐसी परियोजनाओं को लेकर प्रोत्साहित किया जा सके।

बजट

सरकार ने 2017 में सोलर ट्रांसफिगरेशन ऑफ इंडिया (सृष्टि) योजना की शुरूआत की। इसका इरादा वित्तीय प्रोत्साहन की मदद से रूफटॉप सोलर योजनाओं के लिए वितरण कंपनियों को नोडल एजेंसी के रूप में मजबूती प्रदान करना था।

बहरहाल, 13 सालों के इस नीतिगत समर्थन का परिणाम यह हुआ है कि ग्रिड से संबद्ध रूफटॉप सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता 40 गीगावॉट के लक्ष्य के बजाय केवल 11 गीगावॉट तक पहुंची है। यह लक्ष्य भी 2022 से आगे बढ़ाकर 2026 कर दिया गया है। अब तक 70,000 से 80,000 घर सौर ऊर्जा पैनलों की मदद से रोशन हैं।

रूफटॉप सोलर सिस्टम को बड़े पैमाने पर अपनाए जाने की राह में तीन बड़ी बाधाएं हैं: जागरूकता की कमी, ऊंची लागत और वित्तीय विकल्पों की कम उपलब्धता तथा वितरण कंपनियों की ऐसी परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के प्रति अनिच्छा। ऐसे में सूर्योदय योजना की सफलता के लिए लोगों को इसके लाभ के बारे में यकीन दिलाना होगा। परंतु ऐसा करने के लिए पहले कई सफल योजनाओं का उदाहरण पेश करना होगा।

मिसाल के तौर पर लागत की बात करें तो छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की लागत 2.2 लाख रुपये से 3.5 लाख रुपये तक आ सकती है। केवल अमीर और उच्च मध्य वर्ग के लोग ही कुछ हद तक वित्तीय विकल्पों तक पहुंच बना सकते हैं क्योंकि अधिकांश भारतीय परिवार कम खपत वाले दायरे में आते हैं। ऐसे लोगों के लिए रूफटॉप सोलर सिस्टम तभी कारगर साबित हो सकता है जब उन्हें भारी भरकम सब्सिडी प्रदान की जाए। बिजली वितरण कंपनियों की अनिच्छा में भी इस वित्त की अहम भूमिका है।

अधिकांश लोगों को डर है कि नेट मीटरिंग सिस्टम के कारण उच्च मूल्य ग्राहकों से राजस्व को क्षति होगी और उनकी पहले से खस्ता वित्तीय स्थिति पर और बुरा असर होगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**रामगढ़।** सामान्य स्नातक योग्यता धारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त को लेकर रविवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कैथा क्षेत्र में संत अन्ना स्कूल, बाजारटांड स्थित राम प्रसाद चंद्रभान विद्यालय, छावनी प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़, गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़, अग्रसेन डीएवी भरेचनगर, छोटा नागपुर महाविद्यालय, कुजू प्लस टू उच्च विद्यालय सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा कार्य में लगे सभी केंद्र अधीक्षकों, दंडाधिकारियों उड़न दस्ता दल के दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को परीक्षा के दौरान संयुक्त जिला आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया ।

### सेवा मंच ने गरीबों को खिलाया खाना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, प्रो. रामानुज सिंह, समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल व उमाशंकर जयसवाल ने लगभग 130 गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी व जलेबी का वितरण किया। डब्लू सिंह ने कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है, ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, डॉ जयश्री मेहता, अप्पू मिश्रा, ललन सिंह, सुधीर दुबे, अषित कुमार, संजू सिन्हा, कन्हैया कुमार, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

### खान सुरक्षा सप्ताह पुरस्कार वितरण संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** तापीन साउथ के जवाहरलाल स्टेडियम में आयोजित 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह पुरस्कार वितरण के साथ समारोह पूर्वक संपन्न हो गया। समारोह में भुरकुंडा परियोजना को डस्ट स्प्रेशन के लिए ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार ग्रहण करते हुए सीसीएल बरका-सयाल के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह व भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार पाठक ने कहा की यह सम्मान सबों के बेहतर कार्य के कारण मिला है। यह सम्मान सबों को और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कहा की मेहनत के बल पर हर मुकाम को पाया जा सकता है। पुरस्कार ग्रहण करने वालो में जीएम अजय सिंह, पीओ मनोज पाठक सहित कोलफील्ड मजदूर यूनियन के सचिव पप्पू सिंह, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य शशि भूषण सिंह, विकास कुमार, भुरकुंडा खान मैनेजर राजकुमार वर्णवाल, बबलू कुमार, पंकज कुमार सिंह, अविनाश चंद्र, शैलेंद्र कुमार सिंह, रामानुज प्रसाद, मनोज कुमार राम आदि शामिल थे।

### जवाहर नगर में हरिकीर्त्तन संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित सिद्धपीठ चबुतरा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 24 घंटे के अखंड-हरिकीर्त्तन का शनिवार को संपन्न हुआ। इस दौरान हरे राम-हर कृष्ण के भक्ति उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। शनिवार की शाम भव्य भंडारे में सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर सतीश मोहन मिश्रा, सुखदेव प्रसाद, अमरेश सिंह, राजन पांडेय, योगेश दांगी, कुमेल उरांव, बैजनाथ कुमार, संतन सिंह सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थें। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने सतीश मोहन मिश्रा, कुल्लू मिश्रा, विजय मिश्रा, विक्की मिश्रा, जगतार सिंह, संतन सिंह, डीके पडित, अप्पू मिश्रा, पवन मिश्रा, विपुल शर्मा, भीम सिंह, सहित दर्जनों श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

### पगला आश्रम में भंडारे में उमड़ी भीड़

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा उपर धौड़ा पगला आश्रम मंदिर परिसर में शनिवार से श्रीश्री 108 रामदास बाबा जी महाराज के 11वें पुण्यतिथि के अवसर पर 24 घंटे के अखंड-हरीकीर्त्तन का शुभारंभ हुआ। 24 घंटे का अखंड-हरीकीर्तन का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस दौरान हरे राम-हर कृष्ण के भक्ति उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। रविवार को अखंड-हरीकीर्तन के समापन के बाद भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारा में सैंकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने जयप्रकाश तिवारी, ओम प्रकाश बजाज, शिव शंकर सिंह, मदन मोहन सिंन्हा, श्यामलाल, नंदू, अशोक कुमार मिश्रा, शशि भूषण वर्मा, यदुनाथ प्रसाद, भुवनेश्वर नाथ मेहता, पंकज कुमार, विपुल पटेल, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, श्रवण कुमार, विकास कुमार, शुभम पासवान, चंद्रमणि प्रसाद, राहुल कुमार सिंह, दीपक कुमार, शक्ति यादव, अजीत वर्मा, सुजीत कुमार मेहता, ऋषि कुमार, पीयूष कुमार, निशांत कुमार सहित कमेटी के दर्जनों लोगो का सराहनीय योगदान रहा।

### हाइवा ओनर एसोसिएशन का धरना जारी



**टंडवा(चतरा)।** विस्थापित हाइवा ऑनर एसोसिएशन टंडवा के बैनर तले वाहन मालिकों ने तीन सूत्री मांग को लेकर आज तीसरा दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे है। वाहन मालिकों ने बताया कि चट्टी बरियातू से टंडवा एनटीपीसी, बचरा रेलवे साइडिंग एवं कटकमसांडी रेलवे साइडिंग के लिए कोयला ट्रांसपोर्टिंग करने वाली टायकून इंडस्ट्रीज कम्पनी, प्रगति कम्पनी, पीएनएम एवं ऋत्विक कंपनी द्वारा किया जाता है। जिसमें इन सभी कम्पनियों की मनमानी रवैया जैसे भाड़ा की दर कम एवं सही समय पर भाड़ा की भुगतान नही होना इस प्रकार की समस्याओं से क्षुब्ध होकर हाइवा ऑनर एसोसिएशन ने अनिश्चितकालीन के लिए ट्रांसपोर्टिंग कार्य बंद कराके हड़ताल पर बैठ गया है। तीन सूत्री मांग को लेकर ऑनरो ने पत्र जारी कर मुख्य मांग एवं भाड़ा की दर तय किया। जिसमें पहला चट्टी बरियातू से एनटीपीसी के लिए 200 रुपये प्रति टन, बचरा रेलवे साइडिंग रु 320 कटकमसांडी रेलवे साइडिंग रुपये 650 , दूसरा कोयले की ढुलाई लोकल वाहनों के द्वारा किया जाए।

# संविधान की रक्षा करें भाजपा कार्यकर्ता : सांसद

## जयंत सिन्हा ने अटल भवन में फहराया तिरंगा

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** 75 वां गणतंत्र दिवस की शुभ अवसर पर भाजपा जिला - कार्यालय अटल भवन में हजारीबाग लोकसभा के सांसद सह वित्त संबंधी स्थाई समिति के अध्यक्ष जयंत सिन्हा ने झंडोत्तोलन किया।

सिन्हा ने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को संविधान की रक्षा के लिए आगे बढ़कर काम करना चाहिए और समाज में रहने वाले सभी नागरिक को संविधान में वर्णित तथ्यों के आधार पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। झंडोतोलन कार्यक्रम में गरिमा मई उपस्थिति भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य केपी ओझा, अनिल मिश्रा, टुन्नू गोप ,हरीश श्रीवास्तव, सुदेश चंद्रवंशी ,जिला पदाधिकारी विवेकानंद सिंह, दामोदर सिंह ,राजेश गुप्ता, नंदलाल मेहता, जय नारायण प्रसाद, कुंवर मनोज सिंह, रेणुका साहू ,तनवीर अहमद के अलावे मुकुट धारी महतो ,शंकर लाल गुप्ता ,आनंद देव, भैया बांके बिहारी, विजय वर्मा, सुमन कुमार पप्पू ,विवेक बैरियर, हैदर अली ,ज्ञान जी ,कृष्ण सिंहा मनमीत अकेला ,अनूप भाई वर्मा, जुगनू सिंह, अनिल सिंहा बिगन सिंहा प्रियंवदा, ज्योत्सना , मीरा मेहता, जितेंद्र जैन, कयुम अहमद ,रमेश हेंब्रम, छोटू राणा ,सुमन सिंह यदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद ने दी।

# माइका गोदाम में छापा

## 120 टन माइका बरामद, चार गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** पुलिस और टास्क फोर्स की टीम ने संयुक्त रूप से छापामारी कर झुमरीतिलैया के इंदरवा छठ तालाब के समीप अवैध रूप से संचालित माईका गोदाम पर शनिवार देर रात छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित ढिबरा/माईका के साथ ढिबरा लोड एक शक्तिमान, 3 मोटरसाइकिल को जप्त किया गया। वहीं 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में करमा तिलैया निवासी प्रकाश दास पिता लक्ष्मण दास, बासुदेव तुरी, इंदरवा बस्ती निवासी विनोद यादव पिता रामचंद्र यादव और लालू यादव को गिरफ्तार किया गया। उक्त जानकारी एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया। एसपी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तिलैया थाना क्षेत्र अंतगर्त इंदरवा छठ तालाब के समीप अवैध रूप से माईका गोदाम संचालित किया जा रहा है, सूचना के आलोक में उपायुक्त और एसपी के संयुक्त निर्देश पर एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, जिला खनन पदाधिकारी दरोगा राय व कोडरमा, तिलैया पुलिस ने गोदाम में छापामारी की, गोदाम के अंदर एक टाटा शक्तिमान ट्रक जिस पर करीब 2 टन माईका को अनलोड करते पाया गया। वहीं गोदाम के अंदर जांच के क्रम में अलग अलग जगहों पर रखे करीब 120 टन माईका बरामद किया गया। वहीं एसपी श्री सिंह ने बताया की छापामारी टीम के द्वारा गोदाम को सील कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अवैध रूप से माईका गोदाम संचालित करने के खिलाफ मामला दर्ज करने को लेकर डीएमओ दारोगा राय के द्वारा तिलैया थाना में आवेदन दिया गया है। छापामारी अभियान में एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, डीएमओ दारोगा राय, तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार, मरकच्चो थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान, डोमचांच थाना प्रभारी पंचम तिग्गा, एसआई सुमित साव, ऋषिकेश सिन्हा, लव कुमार व भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

### कोडरमा : सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा संपन्न

**कोडरमा।** नेशनल टेसि्ंटग ऐजेंसी द्वारा आयोजित सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2024 झुमरीतिलैया स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में कदाचार मुक्त व शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। परीक्षा में 603 परीक्षार्थियों को शामिल होनी थी, जिसमें 6 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे एवं 597 परीक्षार्थियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा दिया। परीक्षा के दौरान कोई दिक्कत न हो इनकी पूरी ख़्याल रखते हुए परीक्षा से संबंधित सारी व्यवस्था ससमय पूरा किया गया। परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में सिटी को-कॉर्डिनेटर सह मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार, पर्यवेक्षक अनिल कुमार, सह पर्यवेक्षक राहुल मिश्रा, सेंटर सुपरिटेंडेंट सह प्राचार्य डीएवी के के सिंह, सेंटर ड्यूटी सुपरिटेंडेंट मौसमी मलिक, मजिस्ट्रेट प्रमोद कुमार सिन्हा एवं डीएवी स्कूल के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का अहम योगदान रहा।

परीक्षा केंद्र पर शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए सब इंस्पेक्टर एस भूषण ने अपने दल-बल के साथ मौजूद थे।

## चार फरवरी को धनबाद में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ले सांसद आवास पर बैठक



**कोडरमा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 4 फरवरी को धनबाद आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला की बैठक सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी तथा संचालन जिला महामंत्री अनूप जोशी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा उपस्थित हुए। वहीं बालमुकुंद सहाय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 फरवरी को धनबाद आ रहे हैं, उसमें धनबाद लोकसभा, गिरिडीह लोकसभा, कोडरमा लोकसभा के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में धनबाद चलना है और संगठन के बारे में गांव चलो अभियान के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कोडरमा लोकसभा में हमारे कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में धनबाद जाएंगे। उसके लिए सभी मंडल अध्यक्ष मीटिंग कर कार्यकताओं की सूची जिला अध्यक्ष को दे दें, ताकि जाने की व्यवस्था की जाए। वहीं डॉ. नीरा यादव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी धनबाद कार्यक्रम में हमारे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओ को धनबाद ले जाना है। मंडल अध्यक्ष 30 तारीख के पहले अपने मंडलों में बैठक कर सूची बना लें और जिला अध्यक्ष को सौप दें। अमित यादव ने कहा कि बरकट्ठा से हजारों की संख्या में हमारे कार्यकर्ता प्रधानमंत्री जी के संबोधन को सुनने जाएंगे। वहीं नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष 30 जनवरी के पहले सूची बनाकर दें ताकि उनके जाने की व्यवस्था की जाए। मौके पर दिलीप वर्मा, टुन्नू गोप, रमेश सिंह, रवि मोदी, रामचंद्र सिंह, अनूप जोशी, बटेश्वर मेहता, परमेश्वर मोदी, वीरेंद्र मेहता, वीरेंद्र सिंह, रामनाथ सिंह, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, शिवलाल सिंह, जयप्रकाश राम, देवनारायण मोदी, द्वारिका राणा, रामदेव मोदी, सुरेंद्र यादव, संजय शर्मा, नवीन चौधरी, पप्पू पांडे, पवन सिंह, मनोज साव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चतरा : इडी और केंद्र के खिलाफ झामुमो ने निकाला मशाल जुलूस



चतरा। हेमंत सरकार पर ईडी के द्वारा लगातार समन भेजे जाने के विरोध में शनिवार देर शाम चतरा में जेएमएम कार्यकताओं ने मसाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। मशाल जुलूस पार्टी कार्यालय से निकलकर शहर का भ्रमण करते हुए केसरी चौक पहुंची। यहां केंद्र सरकार और ईडी के विरोध में कार्यकताओं ने जमकर नारेबाज की। जेएमएम कार्यकर्ता केंद्र सरकार होश में आओ, मोदी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी, मोदी सरकार होश में आओ सहित अन्य नारे लगा रहे थे। जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार को केंद्र सरकार पचा नहीं पा रही है। यही कारण है कि केंद्र सरकार लगातार केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है और झारखंड की हेमंत सरकार को लगातार परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा ही रवैया रहा तो झारखंड से कोयला बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन किया जाएगा।

### कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत में संचालित प्लस टू हाई स्कूल में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज का जिला स्तरीय बैठक रविवार को किया गया। जहां कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय पांडेय के निदेर्शानुसार परमानंद शर्मा ने किया। संचालन सचिव राजन पांडेय ने किया। कार्यक्रम में परशुराम की चित्र समीप दीप प्रज्वलित कर स्वस्तिवाचन करते हुए शंख ध्वनि के साथ शुरूआत की गई। बैठक में 8 फरवरी को पिकनिक के साथ साथ समाज की एक साल पूर्ण हो जाने के उपलक्ष में महासम्मेलन करने का भी लोगों ने प्रस्ताव पारित किया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने को लेकर जिलाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रखंड के अधिकारियों द्वारा सहयोग राशि जमा करने की भी बात पारित की गई है। बैठक की समापन गायत्री मंत्र के साथ ओम शांति करते हुए की गई।

## ब्लू प्लानेट स्कूल का वार्षिकोत्सव मना

▶▶ छात्र-छात्राओं ने पेश किया आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** बंजारी स्थित ब्लू प्लानेट स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा, विशिष्ट अतिथि रंजन फौजी उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ अमित सिन्हा, विशिष्ट अतिथि रंजन फौजी, भारत विकास परिषद अध्यक्ष नीरज पाठक, आचार्य त्रिपाठी जी व मुकुल जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बुके देकर व बैच लगाकर उनका स्वागत किया।

सिन्हा ने कहा कि वार्षिकोत्सव में शामिल होकर विद्यालय और यहां के बच्चों के बारे में जानने का मौका मिला। कहा कि विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय में बच्चों के लिए शिक्षा की जो उत्तम व्यवस्था की है वह सराहनीय है। यहां के बच्चे संस्कारवान हैं । कहा कि बच्चों ने अपने संस्कार की झलक विद्यालय के वार्षिकोत्सव के दौरान पेश किया। मुख्य अतिथि ने कहा की विद्यालय में बच्चों को प्रबंधन द्वारा बहुत ही बेहतर सुविधा और शिक्षा का माहौल प्रदान किया है। कहा की आनेवाले समय में यह विद्यालय क्षेत्र में सफलता के नया इतिहास लिखेगा। इसके उपरांत विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। जिसकी उपस्थित लोगों ने खूब प्रशंसा की। वार्षिकोत्सव के दौरान अतिथियों द्वारा विद्यालय के बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका



पल्लवी, रोशनी, निशू, अंबिका, सुशीला, सुषमा, काजल, शिवानी ने अहम योगदान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक राम टहल महतो ने पत्नी हेमंती देवी के साथ कार्यक्रम में शामिल होनेवाले अतिथियों व गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया।

### हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ेंगे छाई डैम के विस्थापित : योगेंद्र यादव



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बलकुदरा छाई-डैम के विस्थापित ग्रामीणो द्वारा रविवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें कहा गया की पीवीयूएनएल कंपनी बलकुदरा छाई-डैम में विस्थापित ग्रामीण को दरकिनार कर काम करने की कोशिश कर रही है। जिसे विस्थापित ग्रामीण बर्दाश्त नही करेंगे। हक-अधिकार को लेकर विस्थापित ग्रामीण पीवीयूएनएल कंपनी के खिलाफ आरपार की लड़ाई लडने को तैयार हैं। झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने कहा कि पीवीयूएनएल प्रबंधन द्वारा स्थाई रोजगार जो यूपीएल के माध्यम से दिया जा रहा है, वो विस्थापित को दरकिनार कर बाहर के लोगो को दिया जा रहा है। सरकार नियोजन अधिनियम के तहत 75 प्रतिशत स्थानीय को कानून बना है।

## एक नजर में

### केरेडारी एनटीपीसी में कोयला उत्पादन शुरू



**केरेडारी।** ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में, एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के एमबीओ कंपनी बीजीआर माइनिंग एण्ड इंफ्रा लिमिटेड ने रविवार को अपने खदानों से कोयले का उत्पादन शुरू करते हुए एक महत्वपूर्ण कीर्तिमान हांसिल किया। केरेडारी खदान से कोयला उत्खनन की अधिकतम मूल्यांकित क्षमता 6 मिलियन टन प्रति वर्ष होगी और 25 वर्षों के लिए कुल क्षमता 140 मिलियन टन कोयले का भंडार है। उद्घाटन समारोह में हजारीबाग के अनुमंडल पदाधिकारी, विद्याभूषण कुमार, परियोजना प्रमुख फैज तय्यब, अमर महाप्रबंधक एसपी गुप्ता, सीओ रामरत्न बीडीओ अमित कुमार मुखिया सकीबा खातून , बीजीआर कंपनी से सत्यनारायण रेड्डी, श्रीनिवासन, अब्बुबाकर एवं अन्य कर्मियों ने केरंडारी खदान से उत्खनन किए गए पहले ट्रक का ध्वजारोहण किया। समारोह में सीओ एवं बीडीओ एवं सभी एनटीपीसी केरेडारी चट्टी बरियातु के अधिकारी, स्थानीय समुदाय के नेता, और एनटीपीसी प्रबंधन के सदस्यों ने हिस्सा लिया। फैज तैयाब, केरेडारी और चट्टी बरियातु परियोजना के प्रमुख ने खनन के विकास के दौरान जिला प्रशासन और स्थानीय गाँववालों के सकारात्मक सहयोग के लिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। केरेडारी परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद ने जिला प्रशासन को उनके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्थानीय गाँववालों के द्वारा निभाये गए सहयोग को इस कीर्तिमान की प्राप्ति में एक अविभाज्य कारक माना। केरेडारी कोयला खनन परियोजना भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती देने के लक्ष्य के साथ, कोयले के उत्पादन को बढ़ाने के लिए एक कुंजीय पहल है। इस परियोजना ने अपने तकनीकी सुधार और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारीपूर्ण प्रयासों के साथ राष्ट्र के सतत विकास और ऊर्जा स्वतंत्रता के लिए राष्ट्र के दृष्टिकोण के साथ मेल खाता है।

### मदरसा सुन्नी हनफि एजुकेशनल ट्रस्ट में मना गणतंत्र दिवस



**केरेडारी।** ग्राम पंचायत पाण्डू में स्थित मदरसा सुन्नी हनफि एजुकेशनल ट्रस्ट में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा झंडा फहराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पाण्डू पंचायत के मुखिया सकीबा खातून संचालक व प्रधानाध्यापक हाफिज इंतेखाब आलम, अधियक्ष मो. मोफिल एवं मदरसा के सहायक शिक्षक मो. हासीबुल्लाह मो.जावेद अखतर मिनहाज अंसारी मो. अलताफ सूफिया बानो एवं मदरसा के बच्चे के साथ साथ ग्रामवासी मौके पर उपस्थित थे।

### दारू : चुंगी वसूली का ग्रामीणों ने किया विरोध



**दारू।** राष्ट्रीय मानवाधिकार सह आरटीआई संगठन के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) देव कुमार राज के अध्यक्षता में झुमरा बाजार से अवैध तरीके से चुंगी वसूली के विरोध में रविवार को बैठक हुई। बैठक में दारू, हरली, पेटो ,गोपलो, तिलैया, रामदेव खरिका, झुमरा, कवालु, जोनिहया, महेशरा, जिनगा एवं अन्य कई गांव के गणमान्य लोग शामिल थे। देव कुमार राज ने कहा कि झुमरा साप्ताहिक बाजार का कई वर्षों से टेंडर नहीं हुआ है,बावजूद चुंगी वसूली का सिलसिला जारी है। इसे लेकर हम सभी ग्रामीण इसका विरोध करते है। कहा कि जिला परिषद कार्यालय हजारीबाग द्वारा एक पत्र निर्गत किया गया है जिसके आधार पर प्रखंड के जिला परिषद सदस्य के पति सोना साव द्वारा बाजार का चुंगी वसूली किया जा रहा है। ज़िला परिषद सदस्य गीता देवी ने कहा कि ज़िला परिषद हजारीबाग द्वारा झुमरा बाजार बंदोबस्ती को लेकर कई बार विज्ञापन प्रकाशित करने के बावजूद भी किसी भी व्यक्ति द्वारा बंदोबस्ती में भाग नहीं लिया गया । जब तक झुमरा बाजार की नियमानुसार बंदोबस्ती नहीं हो जाती है तब तक विभागीय रूप से ज्ञापन 598 द्वारा चुंगी वसूली का आदेश निर्गत किया गया है। देव कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य में यह पहला मामला है कि बिना टेंडर के विभागीय चुंगी वसूली किया जा रहा है। बाजार में चुंगी के नाम पर 20 से 500 तक वसूली किया जाता है। ऐसे में गरीब किसानो पर अतिरिक्त बोझ बढ़ता जा रहा है। इसे लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव कृषि मंत्री, उपायुक्त हजारीबाग, आरक्षी अधीक्षक हजारीबाग, अनुमंडल पदाधिकारी सदर हजारीबाग, अंचल अधिकारी दारू, प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू इत्यादि को आवेदन देने की बात कही।

### स्नातक योग्यताधारी प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न



**दारू** दारू प्रखंड में झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। दारू प्रखंड में सरस्वती हाई स्कूल व महेशरा उच्च विद्यालय में परीक्षा की केंद्र बनाई गई थी। परीक्षा की तैयारी को लेकर विद्यालय में निगरानी के लिए सी.सी.टी.वी की व्यवस्था की गई, पीने के लिए पेयजल की व्यवस्था, मोबाइल व बैग आदि रखने की व्यवस्था की गई थी। सरस्वती उच्च विद्यालय में कुल 312 अभियार्थी में से 219 अभियार्थी उपस्थित थे वही महेशरा उच्च विद्यालय में कुल 300 अभियार्थी में से 191 अभियार्थी उपस्थित थे। परीक्षा के व्यस्थापक परितोश कुमार थे वही रामेश्वर प्रसाद परीक्षा नियंत्रक थे। सरस्वती उच्च विद्यालय में निरीक्षक के रूप में कामेश्वर सिंह, रंजू सिंह, राजेश राय, जीतेन्द्र कुमार पाण्डेय, बासुदेव मंडल, मनीशा कुमारी, कांति करकेरा, नंदकिशोर सहित कई शिक्षकों ने अपना सहयोग दिया वही महेशरा उच्च विधालय में नितिन सिन्हा, अशोक ठाकुर, ममता कुमारी, विशुन ठाकुर, राजेंद्र कुमार, वसीर आलम, मंजू कुमारी, स्वेता कुमारी सहित कई शिक्षकों ने अपना सहयोग दिया।

### पिकअप पर लदे मवेशियों को ग्रामीणों ने पकड़ा



पदमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत पदमा चौक पर स्थानीय लोगो ने चार पिकअप को पकड़ा। जिस पर 23 गाय और 14 बछड़ो को बांधकर ले जाया जा रहा था ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची। जहां स्थानीय लोगो ने थाने को पिकअप पर लदे पशुओं को पिकअप साथ सौंप दिया।

### 16 फरवरी को हड़ताल के लिए सीटू की बैठक



**कोडरमा।** केंद्र सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ और आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, सहिया और विद्यालय रसोईया सहित सभी स्कीम वर्कर्स को न्यूनतम 26 हजार वेतन, स्थायीकरण, पेंशन व ग्रेच्युटी देने की मांग पर 16 फरवरी को सीटू सहित सभी केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका यूनियन (सीटू) की बैठक रविवार को अम्बेडकर पार्क में हुई। बैठक में आंगनबाड़ी में पांच माह से बकाया पोषाहार राशि, राज्य सरकार द्वारा हर साल सेविका सहायिका को क्रमशः 500 व 250 रुपए मानदेय बढ़ाने और सेविका को स्मार्ट फोन देने का फैसला लागू नहीं होने, ऑनलाइन काम के लिए रिचार्ज की व्यवस्था करने, आंगनबाड़ी बच्चों का नाश्ता खाना बनाने के लिए गैस रिफिलिंग की व्यवस्था करने सहित अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की गई और 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में स्थानीय मुद्दे पर समाहरणालय परिसर में विशाल प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

## स्पीड न्यूज

### चंदवा के बनहरदी में संपन्न हुआ पांच पड़हा का सम्मेलन


पड़हा सम्मेलन में मौजूद लोग।

**चंदवा।** प्रखंड के बनहरदी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रांगण में रविवार को पांच पड़हा पड़हा के संयुक्त तत्वावधान में पड़हा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता पांच पड़हा राजा रामेश्वर उरांव व संचालन नवाहीर उरांव ने किया। सम्मेलन में मौजूद बतौर मुख्य अतिथि जिला पड़हा राजा प्रभु दयाल उरांव, जिला दिवान बिरसा मुंडा, जिला कोटवार रंथू उरांव समेत कई वक्ताओं ने पांचवीं अनुसूचि के तहत आदिवासी समाज को मिले हक अधिकार एवं पड़हा स्वशासन व्यवस्था पर चर्चा करते हुये समाजिक एकजुटता पर बल दिया। कहा कि समाज के सभी लोगो को हक एवं अधिकार की लड़ाई में संगठित होकर एक मंच में आने की जरूरत है। हम सभी को आजादी मिल गयी है लेकिन अभी भी हमारा समाज मानसिक रूप से गुलाम है, हमे गुलामी की जंजीरो को तोड़ना होगा तभी हमे अधिकार मिलेगा। मौके पर समाजिक कार्यकर्ता चमरू उरांव, धनलाल उरांव, विरेन्द्र उरांव, बलराम उरांव, चंद्रदेव उरांव, दिलीप उरांव, अनूज उरांव, बहादूर टाना भगत, महेश्वर उरांव, बनेश्वर उरांव, जीतू उरांव, रमेश उरांव, शिव मंगल उरांव समेत सैकड़ो महिला पुरूष मौजूद थे।

### बरवाडीह प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**बेतला।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड में सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में बड़ी ही धूमधाम से तिरंगे झंडे को फहराया गया, बरवाडीह प्रखंड के कुटमु चौक स्थित राजा मेदनीराय के प्रतिमा पर विधायक रामचंद्र सिंह, बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, पंचायत के मुखिया मंजू देवी,पूर्व मुखिया संजय सिंह, ने माल्यार्पण करने के साथ-साथ तिरंगे झंडे की सलामी दी, वही बेतला रेंज कार्यालय में रेंजर शंकर पासवान बेतला पंचायत सचिवालय में मुखिया मंजू देवी, केचकी पंचायत सचिवालय में मुखिया बुद्धेश्वर सिंह ,एवं पोखरी कला पंचायत सचिवालय में मुखिया नीतू देवी के द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया,कुटमु स्थित श्री सर्वेश्वरी मंगलम विद्या मंदिर विद्यालय में बहुत ही सुंदर स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, इस दौरान नन्हे बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक डांस प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जो बच्चों ने डांस करके सभी अभिभावक बच्चों एवं शिक्षकों को मन मोह लिया, वहीं इस विद्यालय में शिक्षिका सरिता सिंह के द्वारा झंडोतोलन की सलामी दिया गया, मौके पर शिक्षक विकास कुमार सिंह, संजीव पाल, बेतला पंचायत की उप मुखिया बसंती देवी वार्ड सदस्य जमुना सिंह दरोगा सिंह संजय सिंह संतोषी सिंह उमेश बैठा अख्तर हुसैन सकीचंद प्रसाद कमलेश यादव विनोद यादव समेत कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

### पूर्व विधायक कांग्रेस नेता चंद्रिका महथा का निधन

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले के जमुआ विधान सभा से पूर्व विधायक सह कांग्रेस नेता चंद्रिका महथा का आज निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि श्री महथा पिछले कई दिनों से रांची के मेदांता अस्पताल में इलाजरत थे और हृदय रोग से पीड़ित थे। रविवार की सुबह इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गयी।

### शादी से पहले हुआ गायब, कुएं से शव बरामद

**जामताड़ा।** जामताड़ा के बाराबनी थाना के जामग्राम के 24 साल के सैकत दास का शव उसके घर के पीछे एक कुएं से बरामद किया गया। वह बीते छह दिनों से लापता था। सैकत की 23 जनवरी को बारात निकलने वाली थी। 22 जनवरी को हल्दी की रस्म भी हो चुकी थी। इसके बाद से ही वह लापता हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। आज सैकत का शव कुएं से बरामद किया गया।

### सब्सिडाइज्ड खाद्य सामग्री के नाम पर ठगे 28 लाख

सब्सिडी पर खाद सामग्री दिलाने का झांसा देकर 28 लाख रुपए की ठगी करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ शनिवार को गोंदा थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई। ठगी के शिकार हुए सुरेंद्र सिंह उर्फ रामा हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के पीपी कंपाउंड के रहनेवाले हैं। जबकि, आरोपियों के नाम दीपक कुमार श्रीवास्तव और दयानंद प्रसाद है।

---

इडी के खिलाफ पूरे झारखंड में हो रहा है विरोध प्रदर्शन, झामुमो ने किया राजभवन मार्च

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ साजिश रच रही है केंद्र सरकार : बैद्यनाथ राम

## झारखंड की खनिज संपदा पर है केंद्र सरकार की नजर : मोती नाथ शाहदेव

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार।** इन दिनों पूरे राज्य के ईडी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। लोगों में इस बात को लेकर खासा आक्रोश है कि आखिर केंद्र सरकार ईडी के सहारे लगातार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे केस में फसाने और विकास कार्यों को करने से रोकने का काम कर रही है। उक्त बातें लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक बैद्यनाथ राम ने कही। विधायक रविवार को राजधानी रांची में केंद्र सरकार और ईडी के खिलाफ निकाली गई आक्रोश रैली का नेतृत्व कर रहें थे। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव समेत प्रदेश के कई नेता, लातेहार जिला के झामुमो कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए थे। जहां विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार देश के अन्य राजनीतिक पार्टियों और उनके नेताओं के खिलाफ साजिश के तहत काम कर रही है, लेकिन अब पूरे देश की जनता इनके कारनामों से भली भांति अवगत हो चुकी है। आगामी चुनाव में झारखंड की जनता इन्हे सबक सिखाने के लिए तैयार हो गई है। वहीं लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोरोना के बावजूद राज्य के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जीतने विकास कार्य किए है, उसका 10% भी भाजपा की सरकार ने नहीं किया था। भाजपा तो सिर्फ यहां झूठ की राजनीति करके यहाँ के खनिज संपदाओं के पीछे पड़ी थी और रात दिन खनिज संपदाओं को यहां से दूसरे शहरों में ले जाने का काम युद्धस्तर पर किया। मुख्यमंत्री ने राज्य की कमान संभालते ही इनके काले कारनामे पर लगाम कस दिया। जिससे केंद्र सरकार और इनके नेताओं में बोखलाहट है और फिर से उनकी नजर यहां की खनिज संपदाओं पर है। इसलिए केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सत्ता से हटाने के तमाम उपाय कर रही है और राज्य की जनता ऐसा हरगिज नहीं होने देगी। इन झारखंड विरोधी ताकतों को अब मुंह तोड़ जवाब देने का वक्त आ गया है। इस मौके पर लगभग हजारों हजार कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में 10वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई


विदाई समारोह में मौजूद अतिथि व विद्यार्थी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रोल व परसाही में संचालित ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह आयोजित कर 10 वीं के विद्यार्थी को विदाई दी गयी। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि संस्थापक आशिष कुमार मिश्रा, शिक्षक शशिकांत मिश्रा, समाजसेवी आशिष सिंह व विद्यालय से संचालक कुश यादव ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुये पुरे लगन व मेहनत के साथ 10 वीं की परीक्षा की तैयारी को पूर्ण कर बेहतर परिणाम लाने की बात कही। इस मौके पर विद्यालय के बच्चे-बच्चियों के द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुत किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रीति रिवाज में किया गया। मौके पर मनिजर उरांव, मनोज यादव, रविन्द्र यादव, मनिलाल यादव, शिव शंकर प्रजापति, संतोष प्रजापति, अनिल यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### बीडी पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आयी स्क्रैप लोड बाइक, टला बड़ा हादसा

- रेल पुलिस ने एक संदिग्ध बाइक सवार को भी लिया हिरासत में, जांच जारी


दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त बाइक व परेशान यात्री।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी-महुआमिलान के बीच अप लाइन पोल संख्या 182/27-29 के बीच परसाही के पास बरकाकाना से डेहरी जा रही बीडी पैसेंजर ट्रेन के चपेट एक स्क्रैप लोड बाइक आ गयी। इस दुर्घटना में यात्री पैसेंजर ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होते होते बाल बाल बच गयी। ट्रेन के चपेट में होने से बाईक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी व लगभग सौ फीट तक ट्रेन के इंजन में फंस कर घसिटते हुये चली गयी। इसी क्रम में बाईक में लदी स्कैप लोहा से इंजन का ऑयल टंकी भी फट गयी। ट्रेन के पायलट व लोको पायलट ने सही समय पर सुझ बुझ का परिचय देते हुये आपातकालिन ब्रेक लगायी जिस कारण बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना के बाद अप रेल लाईन पर लगभग 9:35 बजे से 11 बजे तक डेढ घंटे परिचालन पुरी तरह से बाधित रहा। दुर्घटना की सुचना के बाद टोरी टीआई संजय कुमार, आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार व टोरी रेलवे के अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुये तत्काल राहत व बचाव कार्य शुरू किया व दुसरा इंजन मंगवाकर ट्रेन को गणतव्य के लिए रवाना किया। इधर मौके पर रेल पुलिस के द्वारा मिसराउल पिता रियाज नवाडीह हंटरगंज चतरा को हिरासत लिया गया है जिससे जांच पड़ताल की जा रही है।

सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार चंदवा के चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत प्लांट से लोहा स्क्रैप की चोरी कर कुछ तस्कर बाईक से लेकर आ रहे थे, इसी क्रम में इसी क्रम में परसाही के पास रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान अचानक ट्रेन आ गयी, जिससे बचने के प्रयास में स्क्रैप व बाइक को ट्रैक पर हीं छोडकर तस्करों ने अपनी जान बचायी। बताया जाता है कि रेल पुलिस के गिरफ्त में आये एक संदिग्ध के अनुसार कई लोग बाहर से आकर कबाड़ी दुकान में रहते है व प्लांट से लोहा चोरी कर ग्रामीण रास्ते कबाड़ी दुकान तक लाते है। अगर पुलिस सही से जांच कर तो कई स्क्रैप चोर पुलिस के गिरफ्त में आ सकते हैं।

### भाजपा के 'गांव चलो' अभियान की कार्यशाला संपन्न





खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी जिला लातेहार के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण के अध्यक्षता में गांव चलो अभियान कार्यशाला माको डाक बंगला लातेहार में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम श्रद्धा से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रवजलन, पुष्पांजलि एवं वंदे मातरम गीत के साथ प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं मंचस्थ सभी अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि गांव चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आम जनता के लिए सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में गांव-गांव जाकर बताना है साथ ही साथ नव मतदाताओं को नमो नव मतदाता कार्यक्रम से जोड़ना है,गांव चलो अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता को गांव-गांव में प्रवास कर मतदाता सूची का निरीक्षण, बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों का कार्य का निर्धारण,विगत चुनाव में प्राप्त मतों के आधार पर समीक्षा, अनुसूचित जाति जनजाति मोहल्ले में जाना, लाभार्थी से संपर्क उनकी वार्ता का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करना, शहीद सैनिक एवं नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवारों से मुलाकात करना, दीवार लेखन तथा भूत कमेटी का सत्यापन करना, एवं 11 फरवरी 2024 को बूथ/गांव में सभी बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि मनाना जैसे अनेको महत्वपूर्ण कार्य करना है, सभी मंडल अध्यक्षों के सहयोग से गांव चलो अभियान के मंडल स्तरीय संयोजक, सह संयोजक के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाना है। मुकेश निरंजन सिन्हा जी, बृजमोहन राम जी, राजधानी प्रसाद यादव जी ने कार्यक्रम में संबोधित एवं मार्गदर्शीत किये। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पंकज सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन गांव चलो अभियान कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक सरोज देवी ने किया। मुख्य रूप से मौके पर उपस्थित थे जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा,अनुसूचित जाति मोर्चा के झारखंड प्रदेश प्रभारी बृजमोहन राम, प्रदेश का समिति सदस्य राजधानी यादव, महिला मोर्चा के प्रदेश मंत्री श्रीमती नीलम यादव,जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती पूनम देवी, गांव चलो अभियान के जिला संयोजक संतोष यादव, सह संयोजक प्रियंका कुमारी, भाजपा के जिला पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष गण, सभी मंडल अध्यक्ष, गांव चलो अभियान के मंडल स्तर के संयोजक, सह संयोजक,सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### साई नर्सिंग होम में लगा रक्तदान शिविर


रक्तदाता को सम्मानित करते रोहित कुमार।

**चंदवा।** चंदवा स्थित साई नर्सिंग होम परिसर में रविवार को हेल्थ प्वाइंट हॉस्पिटल के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हेल्थ प्वाइंट हॉस्पिटल के मेडिकल टीम के देखरेख में 52 रक्तविरो ने रक्तदान किया। रक्तदान करते वाले रक्तविरों को साई नर्सिंग होम से संचालक रोहित कुमार व अन्य अतिथियों के द्वारा प्रमाणपत्र व ट्रॉफी प्रदान प्रदान कर सम्मानित किया गया। रोहित कुमार ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, रक्तदान करने से किसी को जीवन दान दिया जा सकता है, साथ ही रक्तदाता को भी इसके कई फायदे भी होते हैं। रक्तदान करने वालो में रवि राज, अंकित कुमार, शौरभ कुमार, गोपाल जायसवाल, मोहनीश कुमार, बबलू कुमार, नेहाल कुमार समेत कई अन्य शामिल हैं।

विधायक ने संवेदक व विभाग के अधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करने का दिया निर्देश

# विधायक वैद्यनाथ राम ने चंदवा में दो सड़क मरम्मत कार्य का किया शिलान्यास

- कामता से सेरक तक 12.5 किमी व एनएच-75 से लाधुप सेन्हा तक 2.6 किमी सड़क की मरम्मत होगी

खबर मन्त्र संवाददाता


शिलान्यास करते विधायक व अन्य अतिथि।

**चंदवा।** लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने शनिवार को मुख्यमंत्री गाम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा चंदवा में कराये जा रहे दो सड़कों के विशेष मरम्मति कार्य का शिलान्यास किया। विधायक वैद्यनाथ राम सर्व प्रथम प्रखंड के लाधुप पंचायत पहुंचे जहां एनएच-75 से लाधुप सेन्हा तक लगभग 2.6 किमी तक सड़क विशेष मरम्मति कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इसके उपरांत विधायक श्री कामता पहुंचे जहां कामता से सेरक तक 12.5 किमी सड़क विशेष मरम्मति कार्य का शिलान्यास किया। इसके पूर्व पंडित गोपाल वैद्य के द्वारा विधिवत पूजन के उपरांत नारियल तोड़ व शिला पट का अनावरण कराया गया। इस मौके पर विधायक वैद्यनाथ राम ने संवेदक व विभाग के अधिकारियों को सड़क विशेष मरम्मति कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होने कहा कि प्रत्येक गांव को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ना हेमंत सरकार की प्राथमिक्ता है, दोनो सकड़ो के मरम्मति कार्य पूर्ण होने के बाद ग्रामीणो को प्रखंड मुख्यालय आने जाने में काफी सहुलियत होगी। मौके पर सासंद प्रतिनिधि महेन्द्र साहू, संवेदक लवकुश सिंह, संतोष सिंह, युवा नेता अंकित पांडेय, विभाग के सहायक अभियंता, बिस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, राजकुमार साहू, बबलू राही, पपन खान मुखिया नरेश भगत, पंसस अयुब खान, लाधुप मुखिया विफई मुंडा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

## एक नजर में

### वरीय पत्रकार आशीष टैगोर सम्मानित किये गये



**लातेहार।** गणतंत्र दिवस के मौके पर शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिला मुख्यालय के 17 सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के अलावा स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने भाग लिया था। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बेहतर संयोजन व मंच संचालन के लिए जिले के वरीय पत्रकार आशीष टैगोर को सम्मानित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी परवेज आलम ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर उन्होने श्री टैगोर के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर भूमि सूधार उप समार्हत्ता उदय कुमार, भू-अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन, गोपनीय शाखा प्रभारी श्रेयांस रंजन, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, नगर प्रशासक राजीव रंजन व जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, एपीओ मनोज मिश्रा व रोज मिंज आदि मौजूद थे। बता दें कि इस पहले भी गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस के अलावा अन्य कार्यक्रमों के बेहतर संयोजन व मंच संचालन के लिए आशीष टैगोर को सम्मानित किया जा चुका है। पुरस्कार मिलने के बाद श्री टैगोर ने कहा कि पुरस्कारों के मिलने से हौसला अफजाई होती है। इसके लिए उन्होने जिला प्रशासन को बधाई दी। आगे बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से पहले दो दिन पूर्वाभ्यास किया जाता है और उसके बाद अंतिम रूप से कार्यक्रमों का चयन किया जाता है।

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच घायल, तीन रिम्स रेफर

बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र में रविवार को हुए दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए। पहली घटना बालूमाथ चतरा एनएच 22 मुख्य पथ पर बारीखाप के समीप घटी। जहां एक मोटरसाइकिल में सवार होकर भानु टाना भगत 50 वर्ष पिता स्व. लालजीत टाना भगत एवं रामदास टाना भगत 55 वर्ष पिता स्व. नारायण टाना भगत दोनों ग्राम कैमा लातेहार से अपने रिश्तेदार के घर रहिया ग्राम जा रहा था। इसी बीच एक अनियंत्रित कार ने टक्कर मार कर फरार हो गया। घटना के बाद बालूमाथ पुलिस ने दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया पहुचाया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना बालूमाथ सेरेगड़ा पथ पर नर्सरी के समीप घटी अपने पुराना घर बेलवाड़ीह से मोटरसाइकिल में सवार होकर लौट रहे भुवनेश्वर प्रसाद 69 वर्ष पिता स्वर्गीय वृंदा साब एवं उसकी पत्नी रंभा देवी 65 वर्ष को विपरीत दिशा से आ रहा मोटरसाइकिल चालक विकास कुमार 21 वर्ष पिता महरंग गंझू ग्राम बुकरु ने टक्कर मार दिया जिससे तीनों घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां भुवनेश्वर प्रसाद का प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया।

### डीबीएलएम पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के बड़का बालूमाथ ग्राम स्थित डीबीएलएम पब्लिक स्कूल में स्कूल का वार्षिक उत्सव मनाया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी समाजसेवी सुरेश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बोलते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष जनता देवी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगिक विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहना चाहिए उन्होंने आयोजित कार्यक्रम की सराहना किया। वहीं प्रधानाचार्य ममता पुरियार ने विद्यालय द्वारा प्राप्त किए गए उपलब्धियां एवं सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। एवं वार्षिक रिपोर्ट अभिभावकों के सामने रखी और मेधावियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को उच्च स्तरीय एजुकेशन देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने एक से एक बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक संजय परिवार, ब्रह्मदेव पांडे, सुनील कुमार गुप्ता, योगेंद्र ठाकुर, महेंद्र यादव, केस ठाकुर, जमुना प्रजापति सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



## स्पीड न्यूज

### बाइक-ऑटो में टक्कर, आधा दर्जन घायल


गंभीर रूप से घायल व्यक्ति।

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के निगनी गांगूपारा के समीप रविवार को हुए सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। दुर्घटना में घायल लोगों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार यात्रियों को लेकर ऑटो लोहरदगा से बगड़ू जा रही थी जबकि मोटरसाइकिल लोहरदगा की ओर आ रही थी इसी दौरान अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने ऑटो में टक्कर मार दी। जिसमें मोटरसाइकिल सवार हिसरी नवाटोली निवासी जट्टू उरांव के 18 वर्षीय पुत्र ज्योतिष उरांव तथा स्वर्गीय लॉरेंस एक्का के 18 वर्षीय पुत्र प्रवीण एक्का के अलावे ऑटो सवार सलगी नवाटोली निवासी स्वर्गीय श्याम लोहरा के 31 वर्षीय पुत्र गलिन्द्र लोहरा व गलिन्द्र लोहरा की 30 वर्षीय पत्नी नूतन देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से एम्बुलेंस द्वारा सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा घायलों का इलाज किया गया।

### भाजपा की बैठक संपन्न

**गुमला।** चार सौ पार लक्ष्य को लेकर भाजपा पूरे राज्य में करीब 40000 गांव में प्रवास कार्यक्रम तय की है। गांव चलो अभियान के तहत सभी मंडलों में संयोजक 24 घंटे क्षेत्र में प्रवास कर संगठन को मजबूत करेंग। बुथ कमिटी, शक्तिकेन्द्रों को सशक्त बनायेंगे,अयोध्या दर्शन कार्यक्रम के तहत हर एक विधानसभा से 2000 कार्यकर्ता आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या में प्रभु श्री राम लाल का दर्शन करेंगे। नारी शक्तिवन्दन कार्यक्रम के तहत महिला संगठनों, सामाजिक संगठनों को जोड़कर नारी शक्ति को मजबूत करेंगे। इन सभी कार्यक्रम को जिले में सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु भाजपा गुमला जिला का गांव चलो अभियान का कार्यशाला जिला अध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी की अध्यक्षता में लोहरदगा रोड स्थित साहु कॉम्प्लेक्स में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, महिला प्रदेश प्रतिनिधि पिंकी खोया,अभियान के जिला संयोजक भिखारी भगत, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा,जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा उपस्थित थे।

### प्रसूता की मौत के मामले में उपायुक्त से की जायेगी जांच की मांग

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल की केंद्रीय सदस्य सह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की प्रभारी पुष्पा उरांव ने गुमला अस्पताल की लापरवाही के कारण प्रसूता की प्रसव के दौरान मौत के प्रति गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा है कि बिल्कुल डॉक्टर की लापरवाही से असमय काल के गाल में प्रसूता समा गई है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 30 जनवरी 2024 को इस मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई के लिए गुमला उपायुक्त को मांग-पत्र सौंपी जाएगी। जरूरत पड़े तो इस मामले में दोषी डॉक्टरों पर कार्रवाई के लिए महिला मंडल सड़क पर उतरकर आंदोलन भी करने के लिए बाध्य होगी।

### पेड़-पौधों के संरक्षण को लेकर लस्टाड़ व मलगो गांव में हुआ बैठक का आयोजन


बैठक में शामिल ग्रामीण।

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के लस्टाड़ और मलगो गांव में वन विभाग गुमला द्वारा बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। बैठक में लोगो को जागरूक करटे हुए वन संरक्षण, वन जीवन संरक्षण, समुदाय भागीदारी, जल संरक्षण, वन में आग ना लगाना, अवैध कटाई ,अवैध चराई अवैध अतिक्रमण जैसे कई विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित समन्वयक अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि वृक्ष की हम सभी को संरक्षण करने की जरूरत है जंगलों में पेड़ पौधों के हो अवैध कटाई को हम सभी को मिलजुल कर रोकने की जरूरत है ।वृक्ष है तो कल है।मौके पर कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### समाज को समृद्ध व आपसी सौहार्द्र को प्रगाढ़ बनाता है जतरा : मंगल भोगता


जतरा को संबोधित करते मंगल सिंह भोगता।

**गुमला।** गुमला प्रखंड के सेमरा में माघ जतरा का आयोजन किया गया। माघ जतरा के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का उदघाटन भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने किया। मेला में आए लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि गीत संगीत, जतरा मेला जनजातीय क्षेत्र का सांस्कृतिक विरासत और परंपरा का हिस्सा है। यह समाज को समृद्ध बनाने और आपसी सौहार्द्र को मजबूत बनाता है। आयोजन समिति के अध्यक्ष ललकू नगेशिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। राजदेव नायक एवं टीम के द्वारा नागपुरी गीत संगीत व नृत्य की प्रस्तुति देर शाम तक चलता रहा। ठेठ नागपुरी गीत संगीत में कलाकारों ने जहां दिन भर समा बांधे रहा वहीं श्रोता भी देर शाम तक झूमते रहे। पहान पुजार ने ग्राम देवी की पूजा कर मेला का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में महेश सिंह, देवेन्द्र सिंह, संजय गोप, बाल किशुन, दीपक सिंह, बसंत सिंह, मुन्ना सिंह आजाद गोप आदि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में स्कूटी चालक हुआ घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सड़क दुर्घटना में स्कूटी चालक घायल स्थानीय व पुलिस के मदद से अस्पताल में कराया गया भर्ती घटना देर शाम की बताई जा रही है.थाना क्षेत्र के सेन्हा वन डिपू के समीप देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में जे एच 01 ई के 5605 स्कुटी चालक सवार को गम्भीर चोटें आई है। वही घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को देते हुए घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया।

## परिजनों ने प्रबंधन पर लापरवाही का लगाया आरोप, उच्च स्तरीय जांच की मांग की

# नवडीहा टाना स्कूल में फंदे से झूलता मिला 5वीं कक्षा का छात्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के नवडीहा टाना स्कूल में हॉस्टल के एक कमरा से पुलिस ने पंखे में चादर के टुकड़े के सहारे फंदे से झूलता हुआ 5वीं क्लास के छात्र द्रविड़ उरांव का शव शनिवार की रात बरामद कर थाना लायी। वहीं शव को पोस्टमार्टम हेतु रविवार को गुमला ड्रोज दिया। घटना में रविवार को सुबह थाना में पहुंचे ग्रामीण और परिजनों ने प्रबंधन पर आरोप लगाया उनके लापरवाही के कारण इस तरह की घटना घटी है। इसके साथ ही घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग भी परिजनों द्वारा किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया शनिवार की रात 10:30 बजे नवडीहा टाना स्कूल से वार्डन ने दूरभाष पर बताया गया कि एक छात्र ने हॉस्टल के रूम में फांसी लगा लिया है। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पहुंच मजिस्ट्रेट और परिजन के उपस्थिति में शव को पंखे के फंदे से झूलता हुआ को नीचे उतारा और कब्जे में कर थाना ले आई। घटना के बाबत जानकारी देते हुए यह भी बताया कि उक्त बच्चा अपने घर परिजनों के साथ 10 जनवरी को गया था और वह दूसरे दिन वापस आ गया था। वहीं वह होस्टल के एक रूम में विगत 15 दिनों से अकेले रह रहा था। घटना की रात वह अंदर से दरवाजा बंद किया हुआ था। वहीं द्रविड़ के रूम के बगल में शौचालय है। अन्य रूम में रहने वाले छात्रों के द्वारा जब दरवाजा खुलवाया गया तो वह नहीं खुला। इसके बाद दरवाजा को तोड़कर अंदर की ओर गया तो देखा पंखे में फांसी पर द्रविड़ लटका हुआ दिखा। जिसके बाद इसकी सूचना वार्डन को दी। इसके बाद वार्डन ने घटना की जानकारी थाना प्रभारी को दी। वहीं पुलिस उक्त रूम में ताला लगा दिया है और मामले की छानबीन कर रही है। घटना के बाद परिजनों ने लिखित आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी को देते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन पर कई आरोप लगाए हैं


घटना के बाद थाना परिसर में जुटे लोग।

#### मामले में जो भी दोषी होगा, उसपर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी

इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी ने बताया कि टाना भगत अवासीय विद्यालय में एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जिसके बाद इसकी सूचना बीडीओ घाघरा को देते हुए मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव को फंदे से उतार कर थाना लाया गया। साथ ही मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव का जांच रिपोर्ट तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भोज दिया गया है। आगे की कार्रवाई वरीय पदाधिकारी के निर्देश के अनुसार किया जाएगा और इस पूरे मामले में जो भी दोषी होंगे उसे पर कार्रवाई भी की जाएगी।

#### अलग रूम में द्रविड करना चाहता था स्टडी : वार्डेन

इस संबंध में विद्यालय की वार्डेन रोज किरण मिंज से पूछने पर उन्होंने कहा बच्चे ने समूह में पढ़ाई करने में समस्या होने की बात कही थी और वह अकेले रूम में रहकर अच्छे से स्टडी करना चाहता था। यह कह कर द्रविड़ अकेले रूम में पढ़ाई करता था। द्रविड़ का सारा सामान पुराने कमरे में ही मौजूद है। वह सिर्फ स्टडी करने के लिए दूसरे रूम में जाता था। पहले से भी द्रविड़ गुमसुम चुपचाप रहता था। कई बार हम लोगों ने उससे पूछा भी कि तुम इतना मायूस क्यों रहते हो पर वह कुछ जवाब नहीं दे रहा था।

## यौन अपराधों में गंभीरतापूर्वक अनुसंधान आवश्यक, समय का भी रखें ध्यान : पीडीजे

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के मार्गदर्शन में सिविल कोर्ट परिसर स्थित सभागार में एक दिवसीय मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लोहरदगा जिले में प्रतिनियुक्त विभिन्न थानो से आए पुलिस अधिकारी, सदर अस्पताल के डाक्टर, बाल कल्याण समिति के सदस्य, एलएडीसीएस के अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ अधिवक्ता, एनजीओ प्रतिनिधि एवं अर्ध न्यायिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल, एसपी हारिश बिन जमां, फैमली जज श्री सुभाष, पोक्सो स्पेशल जज अखिलेश कुमार तिवारी, डीएलएसए सचिव राजेश कुमार और जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुजारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन भाषण में डालसा अध्यक्ष सह पीडीजे ने डीएलएसए के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की तारीफ की और प्रतिभागियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने का आह्वान किया। डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिभागी ज्यादा से ज्यादा प्रश्नों को पूछ कर शंकाओं को खत्म करें। ताकि अधिनियम को सही ढंग से लागू किया जा सके।

कार्यक्रम में प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट, श्री अखिलेश कुमार तिवारी ने पोक्सो एक्ट के विभिन्न पहलुओं से लोगों को अवगत कराया और कहा कि पोक्सो कानून के द्वारा बच्चियों के विरुद्ध किए जा रहे यौन दुर्व्यवहार को सफलतापूर्वक रोका जा रहा है। क्योंकि इसमें दोषी को कठोरतम सजा का प्रावधान किया गया है और यौन अपराध से संबंधित मामलों को न्यायालय प्राथमिक स्तर पर तीव्र गति से निपटारा करती है। उन्होंने प्रतिभागियों को पोक्सो एक्ट के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल ने पोक्सो एक्ट के तहत बालकों- बालिकाओं की स्थिति एवं जूविनाइल जस्टिस एक्ट के तहत बालकों के संरक्षण संबंधी विभिन्न प्रावधानों को बताया। जबकि प्रोबेशन ऑफीसर अनुराग मेराज टोप्पो ने एसआई रिपोर्ट एवं बच्चों एवं उसके माता-पिता के काउंसलिंग के महत्व को बताया। इस मौके पर सदर अस्पताल के डीएस डॉ शंभू नाथ चौधरी ने कहा की चिकित्सक अपने जांच में पोक्सो के हर बिन्दुओं पर गंभीरता से जांचने और समझने की आवश्यकता है। क्योंकि इस परिस्थिति में पीड़िता और उनके परिवार के मन में भय व्याप्त रहता है। जिसे चिकित्सक सावधानी पूर्वक दूर कर सकते हैं। मेडिकल के दौरान उन सभी बिंदुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है जो पीड़िता को न्याय दिलाने में सहायक साबित हो। पूरे कार्यक्रम के दौरान पीडीजे राजेन्द्र बहादुर पाल और एसपी हारिश बिन जमां सहित न्यायिक पदाधिकारीगण मौजुद रहे। और प्रशिक्षण में आए पुलिस कर्मियों और चिकित्सक के संदेह और सवाल को क्लियर किया। ताकि पोक्सो एक्ट और जेजे एक्ट में पीड़िता को न्याय मिल सके। कार्यक्रम के दौरान जिला जज श्री अरविन्द कुमार, सीजेएम डॉ चंदन, सीनियर सिविल जज अर्चना कुमारी, पीएम जेजेबी पूजा कुमारी लाल, सचिव डीएलएसए राजेश कुमार, प्रशिक्षु आईपीएस बेदान्त शंकर, डीएस डॉ शंभू नाथ चौधरी और डॉ दिप्ती मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता लाल धर्मेन्द्र नाथ शाहदेव ने किया।



संबोधित करते पीडीजे।

## एक नजर में

### आदिवासी समाज ने शुरू की पालकोट रोड झंडा पूजा स्थल की घेराबंदी


दोनों पक्ष से बातचीत करते एसडीओ व एसडीपीओ।

**गुमला।** पालकोट रोड झंडा पूजा स्थल पर रविवार को आदिवासी समाज के द्वारा साफ-सफाई किया गया और स्थल की घेराबंदी आरंभ की गई। पूजा स्थल के घेराबंदी को लेकर एक व्यक्ति ने जमीन के कुछ हिस्से पर अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। घटना की सूचना पर तत्काल एसडीओ, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थाना प्रभारी दल बल के साथ पहुंचे। जहां अधिकारियों ने दोनों पक्षों की बात सुना और मामले को शांत कराया। दोनों पक्षों से जमीन की कागजात की मांग की गई। इधर आदिवासी समाज का कहना है कि वह जमीन उनका झंडा पूजा स्थल है। उसकी घेराबंदी कर वे उससे सुरक्षित कर रहे हैं। ताकि भविष्य में पूजा पाठ को लेकर कोई कठिनाई न हो। इधर समाज के धर्म गुरू बंधन तिग्गा के द्वारा चाहरदीवार निर्माण का नींव रखा गया। वहीं आदिवासी समाज के सदस्यों के द्वारा पारंपरिक तरीके से उक्त स्थल पर पूजा किया गया। मौके पर मीना टोप्पो, पुष्पा उरांव, फुलमनी उरांव, कलावती खड़िया, महेंद्र उरांव, राजू उरांव, जगरन्नाथ उरांव, महेश उरांव, सुकरा उरांव, बालकृष्णा उरांव, दीपनारायण उरांव, हंदू भगत, जितेश मिंज, रंथू उरांव, संजय उरांव आदि उपस्थित थे।

### गुमला जिला युवा कांग्रेस ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का जारी किया पोस्टर


पोस्टर जारी करते युवा कांग्रेस के सदस्य।

**गुमला।** जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में स्थानीय परिसदन भवन में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का पोस्टर जारी किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रभारी लक्ष्मीकांत पासवान उपस्थित थे। मौके पर जिला प्रभारी लक्ष्मीकांत पासवान ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। हमारे नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे फेज के तौर पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर निकले हैं। यह यात्रा के पांच स्तंभ मूल रूप से है। जिसमें पहला न्याय युवा न्याय दूसरा भागीदारी न्याय तीसरा नारी न्याय चौथा किसान न्याय व पांचवा श्रमिक न्याय। इस यात्रा में देश के युवाओं से अपील है कि कार्यक्रम को सफल बनाएं। जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा कि मोदी सरकार युवाओं को ठगने का कर रही है। हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था जो जुमला साबित हुआ। आने वाले दिनों में युवा इसका मुंह तोड़ जवाब देने का काम करेंगे। हमारे राहुल गांधी जी देश को अंधेरे से निकलकर न्याय की रोशनी की ओर ले जाने के लिए उन्होंने भारत जोड़ो पार्ट 2 भारत न्याय यात्रा की शुरूआत की है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष पल्लव कुजूर, अंजलिंता बाड़ा, जय सिंह, सिसई विधानसभा अध्यक्ष नीलेश उरांव, आतिफ अनवर, अशोक तिग्गा, मनीष तिर्की, अलका मिंज समीर अंसारी,साहेब वसीम, सादाब आलम, संदीप मिंज, कैफ आलम, सोनू, तौकीर आलम, सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष व मुखिया की बेटी ने देश में किया नाम रोशन, राष्ट्रीय परेड में हुई शामिल


परेड में शामिल संतोषी।


अनुराग ठाकुर के साथ संतोषी।

खबर मंत्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड की बेटी ने प्रखंड के साथ पूरे जिले और राज्य का नाम रौशन किया है। कैरो प्रखंड भाजपा मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि लखन उरांव की पुत्री संतोषी कुमारी ने इस बार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित राष्टीय कार्यक्रम के परेड में शामिल होकर सबको गर्व से गद गद कर दिया। संतोषी कुमारी को इस बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि फ्रान्स के राष्ट्रपति व देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व हजारों लोगो के समक्ष दिल्ली में आयोजित परेड में नेतृत्व किया। संतोषी कुमारी राय यूनिवर्सिटी रांची में बीटेक की छात्रा है और राष्टीय संस्था राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) में झारखंड से कुल तीन युवतियों में संतोषी कुमारी को भी शामिल होने का अवसर मिला जो परिवार सहित प्रखंड व जिला का नाम रौशन की है। संतोषी कुमारी को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सहित राष्टीय स्तर के कई नेताओं के संग भोजन करने के साथ साथ आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। इधर संतोषी के इस कामयाबी पर माँ पंचायत मुखिया सुमित्रा उरांव, उप मुखिया जगबन्धन भगत, पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत, प्रज्ञा केंद्र संचालक एम तिवारी, सहित राजनीतिक पार्टी, सामाजिक संस्था के लोग सहित पुरला क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### करियर का कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं है : सलीमा टेटे

- देवनारायण भगत मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट पर पोलोन फुटबॉल क्लब लोहरदगा का हुआ कब्जा


विजेता टीम के खिलाड़ियों के साथ अतिथि।

खबर मंत्र संवाददाता

**घाघरा।** न्यू स्टार क्लब के द्वारा 13 वीं शहीद देवनारायण भगत मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। जिसका समापन 26 जनवरी के दिन धूमधाम से की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी सलीमा टेटे के अलावे कई अतिथि मौजूद थे। इस दौरान शहीद देवनारायण भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया गया। फाइनल मैच पोलोन फुटबॉल क्लब लोहरदगा बनाम ब्रदर्स एफसी गुमला के बीच खेला गया। जिसमें पोलोन फुटबॉल क्लब लोहरदगा ने ब्रदर्स एफसी गुमला को दो जीरो से हराया। जूनियर वर्ग के मैच में जटेया स्कूल जटेया ने जय सरना लूरखुड़िया डेवीडीह को 1-0 से हराया। वहीं सीनियर वर्ग के मैच में दलादिल्ली रांची ने यंग वॉरियर्स कुडू को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया है। सभी विजेता टीमों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सलीमा टेटे ने कहा केरियर का कोई भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं है। सदैव अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। मंजिल अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब सभी खेल में करियर की अपार संभावनाएं हैं। वहीं न्यू स्टार क्लब के सचिव सुशील टोप्पो ने कहा टूनामेंट देश की सेवा में शहीद सभी सेनानियों के नाम समर्पित है। हम टूनामेंट के माध्यम से प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को शहीदों को नमन करते हैं कुर्बानियों को याद करते हैं। टूनामेंट में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का छाप छोड़ते है। जिस प्रकार इस क्षेत्र से अष्टम उरांव व संतोष उरांव ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वैसे ही सभी खिलाड़ी निरंतर प्रयास कर देश व राज्य का नाम रोशन करे। मौके पर मुख्य रूप से अनिरुद्ध चौबे, विजय साहू, संजीव उरांव, पवन शर्मा, लाल उरांव, राजकुमार उरांव, अजय कुमार साहू, विनीता उरांव, राजा सिंह, सुनील केरकेट्टा, डेविड तिर्की व सुभाष भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

### सुखदेव भगत ने राहुल गांधी की यात्रा को लेकर कृषि मंत्री से किया विचार विमर्श


मंत्री के साथ सुखदेव भगत।

**लोहरदगा।** देवघर सर्किट हाउस में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सह लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्र लेख से राहुल गांधी के झारखंड में होने वाले भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सफल बनाने के संदर्भ में विचार विमर्श किये। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि झारखंड में होने वाली राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगा ।इस यात्रा से राज्य के कांग्रेस जनों के साथ-साथ झारखंड की जनता काफी उत्साहित है। इस यात्रा में सभी वर्गों का व्यापक जन समर्थन मिलेगा। सभी वर्गों से राहुल गांधी मिलेंगे। मौके पर लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू भी उपस्थिति थे।

## पुलिस ने एक देसी कट्टा, दो कारतूस एवं माओवादी संगठन का पर्चा किया बरामद

# माओवादी संगठन के नाम पर संवेदक से लेवी वसूलने की योजना बना रहा युवक गिरफ्तार

- सुरसांग थाना में एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** माओवादियों के नाम पर संवेदक से लेवी वसूलने की योजना बना रहे एक अअभियुक्त को सुरसांग पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल ड्रोज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त पालकोट थाना क्षेत्र के कुटमाडीह निवासी 26 वर्षीय दिनेश खड़िया उर्फ गुजु है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा गोली, माओवादी संगठन का पर्चा व एक बाईक बरामद किया है। इस संबंध में रविवार को सुरसांग थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी को गुप्ता सूचना मिली कि सरसांग थाना क्षेत्र के गिजनाडांड के पास शंख नदी में चल रहे पुल निर्माण कार्य कराने वाले संवेदक से लेवी की वसूली के लिए कुछ संदिग्ध योजना बना रहे हैं। जिसके बद थाना प्रभारी सुरसांग के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम जब छापामारी करने गिजनडांड पहुंची तो देखा की कुछ बाईक पर लाइट जल रहा है। जहां पर दो से तीन लोग योजना बा रहे थे। पुलिस को आता देखकर तीनों भागने लगे। भागने के क्रम में पुलिस ने एक को खदेड़कर पकड़ा जबकि दो लोग भागने में सफल रहे। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में अपना नाम दिनेश खड़िया उर्फ गुजु बताया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा गोली, माओवादी संगठन का पर्चा बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्त दिनेश खड़िया ने बताया कि व शंख नदी में पुल निर्माण करा रहे संवेदक से लेवी लेने की योजना बना रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने पकड़ लिया। छापामारी अभियान में सुरसांग थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान, पुअनि कपुल दीपक नाग, आरक्षी वसीम अकरम, आरक्षी सुभाष कुमार साहु, व आरक्षी संजय उरांव शामिल थे।


गिरफ्तार आरोपी के साथ एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य।

### संगठन का विस्तार हमारी पहली प्राथमिकता : नीरू शांति भगत

**लोहरदगा।** आजसू प्रधान कार्यालय ब्लॉक के समीप आजसू पार्टी लोहरदगा प्रखंड की एक बैठक जिला महासचिव सह लोहरदगा प्रखंड प्रभारी विलियम कुजूर के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत उपस्थित हुई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के विस्तार से संबंधित चर्चा हुई एवं प्रत्येक पंचायत में बैठकों की तिथि निर्धारित की गई और नए सदस्यों को आजसू पार्टी में शामिल करने पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए नीरू शांति भगत ने कहा कि संगठन का विस्तार ही हमारी पहली प्राथमिकता है। आज जिन नए सदस्यों एवं पुराने कार्यकताओं को पदभार मिला है उनका मैं स्वागत करती हूं और आने वाले समय में पार्टी का और विस्तार किया जाएगा और पार्टी कार्यकर्ता जनता के मुद्दे को लेकर आगे बढ़ेंगे। बैठक को मुख्य रूप से संबोधित करने वालों में आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव अरविंद यादव, विश्वनाथ उरांव,पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह, जिला महासचिव विलियम कुजूर, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी ,लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष रुपेश आँईन्द,किशोर उरांव ,जिला सहसचिव शमीम अंसारी, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मालती टोप्पो, सचिव हेमंत देवी, करमी भगत, अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष शमीम अंसारी, रियाज अंसारी आदि शामिल है।

स्पीड न्यूज

## हक-अधिकार की लड़ाई में सुरेंद्र महतो ने दी थी शहादत

**सिंदरी।** कांड्रा महाशक्ति मैदान में सुरेन्द्र महतो का शहादत दिवस विशाल संकल्प दिवस के रुप में रविवार को मनाया गया। सभा को संबोधित करते हुए मासस युवा नेता बबलू महतो ने कहा कि सुरेंद्र महतो का शहादत किसी लोभ लालसा स्वार्थ के लिए नहीं हुआ था। उनका शहादत हक और अधिकार की लड़ाई के लिए हुई थी। उनकी शहादत से ही चासनाला कांड्रा में हक अधिकार की लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाया गया था। लोगों को मुआवजा और नौकरी भी मिला। आज इस क्षेत्र की परिस्थिति वैसे ही बदल गई है और फिर से सेल कंपनी को औने पौने दाम पर लालच से भरमा कर ग्रामीणों को अधिकार से वंचित करना चाह रहे हैं। उन्होंने उत्तेजना भरे स्वर में कहा कि किसी भी हालत में यह होने नहीं दिया जाएगा। संकल्प सभा में युवाओं की भागीदारी देखी गई।

## ओबीसी की बैठक में एकजुटता पर दिया गया बल

**झरिया।** रविवार को ओबीसी, एससी, एसटी एवं माइनॉरिटी भारतीय ओबीसी ने संयुक्त रूप से जामाडोबा, डुमरी 2., नंबर टाटा वाटर पॉइंट के पास कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता वाल्मीकि प्रसाद एवं संचालन गोपाल यादव ने किया।जिसमें मुख्य रूप से आर के प्रसाद,गोपाल यादव,राम प्रवेश यादव, राजेंद्र रजवाड़, महेंद्र सिंह मीनू, कृष्ण देव कुमार पासवान, संजय राम, रंजीत यादव, मोतीलाल हेमराम, हरे राम पंडित मो सागिर, ओम प्रकाश शाह, अशोक कुमार, सरयू प्रसाद, रंजीत दास, चिंटू शर्मा ने समाज के प्रति जागरूक पैदा करने के लिए शिक्षा, रोजगार एवं एकजुटता पर बल देकर बैठक में संयुक्त रूप से नारा दिया आवाज दो हम सब एक हैं।

## गोड्डा में भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला



**गोड्डा।** आज भाजपा गोड्डा कार्यकर्ताओं द्वारा तीन कार्यक्रमों के एक साथ ताबड़ तोड़ कार्यक्रम किए गए । प्रथम गांव चलो कार्यशाला का। दूसरा गोड्डा के लोकप्रिय सांसद डॉ निसीकांत दूबे जी का जन्म दिन भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गोड्डा जिला भाजपा कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। तीसरा बिहार में नीतीश कुमार के एनडीए गठबंधन की सरकार बनने की खुशी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा कारगिल चौक में आतिशबाजी की गई और मिठाई वितरण किया गया।

## प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर प्रखंड अध्यक्ष ने की बैठक

**पूर्वी टुंडी।** 4 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन एवं जिले के बरवाअड्डा मे आयोजित कार्यक्रम को लेकर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष समीर साव की अध्यक्षता में बडाकर नदी के कासजोर घाट पर भाजपा पार्टी की बैठक एवं वन भोज का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हाएभाजपा ओबीसी मोर्चा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष महादेव कुमारए ग्रामीण जिला प्रभारी किसान मोर्चा के सुरेश महतोए भाजपा नेता बिपिन दाए मंजूर मंडलएशंकर चंद्र दाए एवं कार्यकर्ताओं ने कई आगामी कार्यक्रम को लेकर योजनाएं बनाई। जिसमें गांव चलो अभियान दीवार लेखन समेत कई और बिंदु पर चर्चा की गई। इस मौके पर भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ता जुट गए हैं।

# उपायुक्त ने किया हर्ल कारखाने का निरीक्षण

**4 फरवरी को प्रधानमंत्री करेंगे कारखाने का उद्घाटन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** आगामी 4 फरवरी को हर्ल खाद कारखाने का प्रस्तावित उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर्ल केन्द्रीय कंट्रोल रूम में बटन दबाकर कर सकते हैं। इसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह व एसएसपी धनबाद एच पी जनार्दन ने रविवार को हर्ल में बने हैलीपैड और सीसीआर रुम सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धनबाद उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री 4 फरवरी को ड्रीम प्रोजेक्ट हर्ल खाद कारखाने का उद्घाटन करेंगे। उनका धनबाद में पहला कार्यक्रम हर्ल का उद्घाटन समारोह में शामिल होना तय है और इसके बाद वह बरवड्डा के लिए रवाना होंगे। इसको लेकर हर्ल हैलीपैड का निरीक्षण कर हर्ल सिंदरी प्रबंधन को प्रधानमंत्री के हैलीकॉप्टर उतरने के लिए विशेष दिशानिर्देश दिए गए हैं। हर्ल प्लांट के अंदर बने सभा स्थल का भी निरीक्षण गया है। अतिरिक्त प्लान और अन्य अतिथियों के आगमन को लेकर बलियापुर हवाई पट्टी पर भी तैयारी की जा रही है। धनबाद के बरवड्डा में प्रधानमंत्री रैली भी करेंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।



### सड़कों का हो रहा पुनरुद्धार

प्रधानमंत्री आगमन को लेकर हर्ल सिंदरी प्रबंधन तैयारियों में जुटा हुआ है। वहीं धनबाद नगर निगम सहित हर्ल सिंदरी की मदद से सिंदरी की सड़कों का पुनरुद्धार किया जा रहा है। निरीक्षण की टीम में सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार, बलियापुर थाना प्रभारी सूबेदार यादव, सिंदरी थाना एसआई आदर्श कुमार सहित दलबल शामिल थे।

# शराबबंदी को लेकर महिलाओं ने निकाली रैली

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची ।** रामाकुंडा पंचायत के रामाकुंडाए आमटाडए हुटूटूगरी माथाडीह आदि गांवो के महिला समूह से जुडी दीदीयों ने रविवार 28 जनवरी को शराबबंदी को लेकर रैली निकाली।रामाकुंडा शिव मंदिर चौक से दर्जनों महिलाएं कतारवध एवं शराबबंदी को लेकर अपने हाथ में तकती के साथ गर्मजोशी नारे लगाते हुए रामाकुंडा आमटाड हूटूटूगरी माथाटांड गांव का भ्रमण की।इस सिलसिले में महिलाओं ने नशा व शराब के खिलाफ आमजन को जागरूक किया। उन्होंने संदेश दिया कि नशा व शराब के सेवन से शारीरिकएमानसिक एवं आर्थिक नुकसान होता हैएसाथ ही शराबी का परिवार उजड़ जाता है। इसलिए नशापान व शराब का सेवन नहीं करना है।शराबबंदी कर स्वस्थ समाज व उन्नत परिवार बनाने में हर एक व्यक्ति को आगे आना चाहिए।शराबबंदी रैली का नेतृत्व आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सदानंद महतोएतोप चांची प्रखंड के उप प्रमुख हेमलाल महतोए समाजसेवी ओमप्रकाश महतोएबिंदली देवीए विमला देवी एकांति देवीएरेशमी देवी ने कियाणशराबबंदी रैली को सफल बनाने में भारती देवीए पारो देवीएभुवनेश्वरी देवीएपूनम देवीए सुगिया देवी आशा देवीएमालती देवी कौशल्या देवीएमीना देवीएगंगा देवी आदि की अहम भूमिका रही।

## संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा केंद्रों में 50 प्रतिशत से कम रही उपस्थिति


**गोविंदपुर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा रविवार को आयोजित संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा में गोविंदपुर के परीक्षा केदो में 50 प्रतिशत से भी कम उपस्थिति रही । प्लस टू हाई स्कूल गोविंदपुर में 420 की जगह 189 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाथुरिया में 240 की जगह 98, केके पॉलिटेक्निक परीक्षा केंद्र में 624 की जगह 299, परियोजना कन्या उच्च विद्यालय में 276 की जगह 124, राय एकेडमी तिलकरायडीह में 300 की जगह 152 , उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाईडीह में 228 की जगह 93, नरसिंह नारायण हाई स्कूल बागसुमा में 288 की जगह 141 तथा महेंद्र प्लस टू हाई स्कूल बरवापूर्व में 264 की जगह 109 परीक्षार्थियों ने भाग लिया । सभी केदो में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई । प्रखंड विकास पदाधिकारी जहीर आलम, अंचल अधिकारी रामजी वर्मा, अंचल निरीक्षक कुमार सत्यम भारद्वाज, पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, बीईईओ विनोद कुमार पांडेय एवं राजीव रंजन की देखरेख में सभी केदो में कदाचार रहित परीक्षा संपन्न हुई।

## धनबाद प्रेस क्लब मीडिया कप 2024 नॉकआउट टूर्नामेंट 30 जनवरी से

**8 टीमों की जर्सी लांच**

**धनबाद।** धनबाद प्रेस क्लब का मीडिया कप 2024 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 30 जनवरी से रेलवे स्टेडियम में होने रहा है। आठ फ्रेंचाइजी टीमें 99 ग्रुप ऑफ कंपनीएआर आर डायनामाइटएनालंदा बिल्डरए किंग रिसोर्टएकिंग वारियरए डी 3ए जीसीएमडीए ग्रो मोर टूनामेंट में शामिल है। इस टूनामेंट में प्रेस क्लब धनबाद के सदस्य ही खेलेंगे। इसी के संदर्भ में रविवार को स्टेडियम में जर्सी की लॉन्चिंग की गई है और कप का अनावरण भी कर दिया गया। नॉक आउट टूनामेंट का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया। कौन टीम किस टीम के साथ किस दिन खेलेगी इसकी घोषणा कर दी गई है।धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया की हर साल की तरह इस साल भी नॉक आउट टूनामेंट क्रिकेट का आयोजन किया जा रहा है इस क्रिकेट टूनामेंट में धनबाद प्रेस क्लब के सदस्य भाग ले रहे है सभी टीमों के नाम की घोषणा कर दी गई है और खिलाड़ियों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया है। जर्सी की लॉन्चिंग भी कर दिया गया है और टूनामेंट का भी टाइम टेबल जारी कर दिया गया है।प्रेस क्लब के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि हम लोग प्रत्येक साल टूनामेंट करवाते हैं और सभी खिलाड़ी खेल की भावना से खेलेंएचाहे वह किसी भी टीम में हो फाइनल मैच खत्म होने के बाद विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी

## गोमो में एक साथ तीन घरों में चोरी जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोमो।** गोमो में बीती रात एक साथ तीन घरों में हुई चोरी से आस पास के लोग काफी स्तब्ध हैं,लोगों का कहना है कि आज तक हमारे कॉलोनी में कभी चोरी की घटना नहीं घटी थी। मामला तोपचांची थाना क्षेत्र के लोको बाजार में सटे फुट ओवर ब्रिज की है जहां चोरों ने भगवान दास के घरों में धावा बोलकर लगभग साढ़े तीन लाख रुपये के जेवर समेत नगदी पर भी हाथ साफ कर लिया है। घटना के संबंध में भगवान दास के पुत्र आंनद विश्वकर्मा ने बताया कि उसकी शादी लगभग एक माह पूर्व हुई थी उसकी पत्नी मायके गई थी जहां चोरों ने छत के ऊपरी तल्ले में बने कमरे का दरवाजा तोड़ते हुए गोदरेज में रखे नथिया, मांगटीका, हार, झुमका, पायल, बिछिया, सानिया और लगभग 24 हजार रुपये नगदी की चोरी कर ली,चोरी गए जेवरों की कुल कीमत लगभग साढ़े तीन लाख रुपये आंकी जा रही है,वहीं चोरों ने उसी कॉलोनी के रजिया खातून तथा एनुल हक के घर मे भी चोरी की घटना को अंजाम देते हुए हजारों रुपये की चोरी कर ली। भुक्तभोगी और स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना तोपचांची पुलिस को दी गई जहां पुलिस मौके पर पहुंच छान बीन में जुटी है।

## एसडीओ ने की सेक्टर मजिस्ट्रेट संग बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी सह 40 धनबाद विधानसभा के ईआरओ श्री उदय रजक ने आज पुराने समाहरणालय के सभागार में सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट से सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने, पानी, बिजली, शौचालय, रैंप सहित अन्य एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी की उपलब्धता सुनिश्चित करने, रूट चार्ट, क्लस्टर, वाहनों की आवश्यकता सहित अन्य बिंदुओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को बीएलओ के साथ बैठक कर उनके मतदान केंद्रों के 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता एवं पर्सन विद डिसेबिलिटी (पी.डब्ल्यू.डी.) मतदाताओं को चिन्हित कर सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सह 40 धनबाद विधानसभा के ईआरओ उदय रजक, कार्यपालक दंडाधिकारी सह एईआरओ रवींद्रनाथ ठाकुर, सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं निर्वाचन कोषांग के कर्मी मौजूद थे।



### पासवान परिवार का मिलन समारोह

**पुटकी।** रविवार को करकेन्द नेहरू पार्क में अखिल झारखण्ड दुसाध महासभा धनबाद के द्वारा पासवान परिवार मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। इस समरोह में बतौर मुख्यथिति पूर्व राज्य सभा सांसद ब्रमहदेव आनन्द, आई डी पासवान, पूर्व महानिर्देशक झारखंड ,आशिष पासवान, उपायुक्त,सेल्स टैक्स, बिहार सरकार, अशोक सम्राट, उप निदेशक, भू-अर्जन, झारखंड, सान्तनु चंद्रा( बबलू पासवान)समाज सेवी एंव उधमी,रजनीकांत पासवान, संयुक्त सचिव, पुलिस एसोसिएशन, धनबाद,दिलीप कुमार, लोजपा जिलाध्यक्ष शामिल हुए. समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया। वही समरोह का अध्यक्षता अर्जुन पासवान, मंच संचालन विजय कुमार पासवान ने किया। वही इस समारोह में उपस्थित पूर्व राज्य सभा सांसद ब्रमहदेव आनन्द ने कहा कि दुसाध मे तीन अक्षर है.द, स, ध जो दुनिया के किसी भी जात में यह तीनों अक्षर नहीं होता है.इस लिए नहीं होता है की द से दया, स से सत्य और ध से धर्म जिस जाती में दया, सत्य और धर्म है वही दुसाध हो सकता है दूसरा कोई नहीं हो सकता है।

## एक नजर में

### जुगनू परवीन को डायन कहकर किया गया प्रताड़ित, थाने में प्राथमिकी दर्ज

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत रजवार टोला गोड्तोपा की जुगनू परवीन को डायन कहकर प्रताड़ित किया गया । मारपीट एवं बदसलूकी की गई । इस संबंध में उन्होंने रविवार को गोविंदपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कयूम अंसारी की पत्नी जुगनू प्रवीण ने प्राथमिकी में लिखा है कि नसीम बीवी, पति अयूब अंसारी ने उन्हें डायन कहा। यह भी कहा कि मेरे ससुर को तुम खा गई हो और मुझे भी खो जाओगी । उन्होंने कहा कि डायन होने की बात पूरे इलाके में प्रचारित कर दी । इससे अब गांव में उसके साथ कोई बात नहीं करता । न कोई मतलब रखता है। नसीमा बीवी, अरबाज अंसारी, पिता नईम अंसारी, अयूब अंसारी एवं अशरफ अंसारी पिता हाशिम अंसारी ने मिलकर उसे गोबर एवं मैला पिलाया। इसके बाद भैसुर अयूब अंसारी, गोतनी और भतीजे ने उसे मारा। पटक कर छाती में चढ़ गया। छाती में लात से मारा। इससे वह चोटिल हो गई है। इस संबंध में पुलिस ने भादवि की धारा 323, 325, 354, 504 एवं डायन प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।त्र पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने कहा कि महिला के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोषी लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### जनसंपर्क अभियान में सूरज महतो को मिल रहा जनता का समर्थन

**बाघमारा।** रविवार को बाघमारा जन शक्ति दल के अध्यक्ष सुरज महतो ने जनसंपर्क अभियान के 39वें दिन मधुवन पंचायत मे जनसम्पर्क कर रहे है मधुवन पंचायत के लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। सभी लोगों को अब यह विश्वास हो रहा है कि बाघमारा में जो विकास की गति रुक गई थी अब वह सुरज महतो के नेतृत्व में पूरा होगा । लोगों से जनसंपर्क कर उनकी जन समस्याओं से अवगत हो रहे है सुरज महतो के जनसंपर्क से बाघमारा विधानसभा में परिवर्तन की लहर को लेकर चर्चा जोरों पर है। हर एक परिवार एक मुट्ठी अन्न देकर जन शक्ति दल के प्रति अपना आस्था व्यक्त कर रहे है लोगों के इस भीड़ से लग रहा है बाघमारा में परिवर्तन होगा जन शक्ति दल के अध्यक्ष सुरज महतो को मधुवन पंचायत के हर घर से आशीर्वाद एवं प्यार मिल रहा है।

### बच्चों संग शिक्षक-अभिभावकों ने मनाया वनभोज



**धनबाद ।** धनबाद बिरसा मुंडा पार्क में डैफोडिल्स बचपन और डैफोडिल्स एकाडेमी के बच्चों ने वनभोज का आनंद उठाया। इस वनभोज कार्यक्रम में विधालय के करीब 150 छात्रों के साथ 50 अभिभावक एवं अतिथिगण एवं करीब 45 शिक्षक/ शिक्षिका शामिल हुए। सभी लोगो ने वनभोज का जमकर आनंद उठाया।अतिथियो में मनप्रिय चटर्जी, संजय जयसवाल, पी.एस .ए के सुमन घोष, हरेन्द्र चौधरी,बिजय महतो, कपिलदेव चौधरी,आदि ने अपना बहुमूल्य समय देकर वनभोज कार्यक्रम को सफल बनाया। वनभोज में बच्चो ने जंपिंग ,झूला, मिक्की माउस , टय ट्रेन, बोटिंग, ब्रेक डांस , ड्रेगन, आदि भरपुर आनंद उठाया। विधालय प्राचार्य तापस बनर्जी ने सभी अभिभावक एवं अतिथियो पर बिशेष ध्यान दे रहे थे। अंत में सभी को विधालय लाने के बाद विधालय वाहन द्वारा घर तक छोड़ा गया।

### झामुमो स्थापना दिवस को लेकर झाकोमयू ने सिंदरी में की बैठक



**सिंदरी।** धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में झामुमो स्थापना दिवस के 52 वें स्थापना दिवस समारोह को लेकर रविवार को झामुमो सिंदरी नगर वार्ड नं 53 अध्यक्ष राजकुमार महतो की अध्यक्षता में राजकीयकृत मजदूर उच्च विद्यालय परिसर सिंदरी में बैठक संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि झाकोमयू केन्द्रीय सदस्य सह झामुमो तैयारी समिति सिंदरी नगर प्रभारी मलय चंद्र महतो ने कहा कि स्थापना दिवस को ऐतिहासिक मनाने को लेकर चर्चा की जा रही है। सिंदरी नगर से हजारों की संख्या में मोटर साइकिल चारपहिया वाहन से तीर कमान, गाजा बाजा और जुलूस के साथ गोल्फ ग्राउंड धनबाद पहुंचेगे। मौके पर झाकोमयू केन्द्रीय सदस्य मुरारी मोहन झा, परशुराम सिंह, दिवास बैहरा, राजेश कुमार महतो, सुमीत रजक, निपेन विश्वकर्मा, गौतम कुमार महतो, विकास कुमार महतो, अमर मंडल, विकास महतो, तपन सिंह, बैजनाथ विश्वकर्मा, सूर्य महतो, दिपक महतो, सोनु रक्षित, सीताराम बाउरी, मिथुन महतो, लालमोहन सिंह, बिजय राय, मानीक चन्द्र महतो, प्रदीप महतो, तपन सिंह, राजा मंडल, अरूप मंडल, सर्वेश्वर महतो, राज कारवा सहित कई झामुमो व झाकोमयू कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## गोड्डा में झामुमो महिला मोर्चा कार्यकारिणी की बैठक में चुनाव को लेकर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** गोड्डा जिला महिला मोर्चा झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति कार्यकारिणी की बैठक नहर चौंक स्थित हीरो शोरूम के सामने एसदर प्रखंड गोड्डा कार्यालय में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता सह संचालन जिला महिला अध्यक्ष ललिता झा ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश मंडल केंद्रीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य एजेंडा 2 फरवरी 2024 को संथाल परगना प्रमंडलीय 45 वा झारखंड स्थापना दिवस में महिला मोर्चा की उपस्थिति एसंगठन की स्थिति एवं सदस्यता अभियान की स्थिति मुख्य था। उपस्थित सभी महिला प्रखंड अध्यक्षा ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा हम सभी महिला हजारों की संख्या में 2 फरवरी को दुमका स्थापना दिवस मे जाना चाहते हैं पर हम महिला घर गृहस्थी चलाने वाली महिला है।अगर हमे सभी प्रखंडों पर जाने की सुविधा जिला झामुमो समिति के द्वारा कराया जायेगा तो हम महिला एपुरुषों से उपस्थिति में पीछे नहीं रहेंगे। हम कम से कम 500 महिला प्रत्येक प्रखंड से स्थापना दिवस में जाना चाहते हैं। गोड्डा सदर प्रखंड को छोड़ कर सभी प्रखंड में महिला मोर्चा समिति का कमिटी गठन हो गया है।2 फरवरी से पहले गोड्डा प्रखंड का भी महिला मोर्चा गठन कर लिया जाएगा। जिसका सदर प्रखंड झामुमो अध्यक्ष बालमुकुंद महतो ने जिम्मा लिया। उपस्थित महिला मोर्चा को एक हजार सदस्यता फार्म झामुमो अध्यक्ष बासुदेव सोरेन ने महिला अध्यक्ष ललिता झा जी को सुपुर्द किया है।

## चलकरी से हज ए उमरा के लिए मां के साथ बेटा भी हुआ रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/खेतको।** पेटरवार प्रखंड के चलकरी पंचायत से सउदी अरब हज ए उमरा के लिए रविवार को दो हज यात्री रवाना हुए जिसमे रजिया बेगम के साथ बड़ा बेटा हसनैन अंसारी भी रवाना हुए । रवानगी के मौके पर उनके और तीन बेटे अनीस अंसारीए नईम सरवर ए सईद अनवर ने अपनी मां के कदमों में गिरकर व भाई को गले लगा कर भावुक विदाई किया।

इस अवसर पर जियारत हुसैनए शफीक अंसारीए जाहिद हुसैन ने भी अपने सास और साल को रवानगी के समय मौजूद थे और कहा कि हम लोगों का भी मदीने वालों से सलाम कहना ।इस घड़ी में पंचायत कि मुखिया अखलेश्वर ठाकुर ने अपने पंचायत मे किसी की बुरी नजर ना लगे और मेरे पंचायत में हिंदू मुस्लिम मिलकर पंचायत को विकास करने के लिए दुआ करने को कहा। इस अवसर हज ए उमरा के लिए रवानगी करते समय पंचायत वासियों की आंखें भी नाम थी तो किसी की आंखों में खुशी दिखाई पड़ रही थी। सभी ने हज पर जाने वाले दोनो हाजियों से अपनी अपनी मगफिरत की दुआएं मांगने की मिन्नते कर रहे थे।

मौके पर मजार के खादिम हाजी हसन इमाम अंसारी हाजी यूसुफ अंसारी हाजी सफी अलम अंसारीए मौलाना इसराफिल सदर समीर आलम सेक्रेटरी गुलाम हैदरए बशारत अंसारी एसरफराज अंसारी मोइन अंसारी एवकील गुलाम गौस एमो इश्तियाक अब्दुल रशीद अलावे हजे उमरा पर जाने वाले के परिजनों के अलावे सैकड़ों की संख्या में पंचायत वासी मौजूद थे।

# भाजपा इस बार करेगी 400 पार, तीसरी बार बनायेगी सरकार

**हेमंत सोरेन इडी की कार्रवाई से बच नहीं सकते, गलत करने पर सजा मिलती ही है**

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा झारखण्ड मे सभी 14 लोकसभा सीट सहित पूरे देश मे 400 पार की जादुई आंकड़ा छूते हुए पुनः देश में पीएम मोदी की सरकार बनेगी। उन्होंने राहुल गाँधी के न्याय यात्रा का कोई असर देश मे नहीं पड़ने वाला है। राहुल के दोहरे छवि को देश की जनता समझ चुकी है। देश मे भाजपा की सरकार ने विकास की लकीर ऐसी खींची है कि जनता एक बार पुनः मोदी को पीएम बनना देखना चाहती है। उक्त बातें हथियापाथर स्थित आवास पर प्रेसवार्ता आयोजित कर पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी ने कहा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में हुए भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और भगवान के निर्मित मंदिर लोगों मे आस्था के साथ पीएम मोदी के प्रति एक विश्वास पैदा हुआ है कि मोदी जो कहते है वो निश्चित रूप से करते है इसकी गारंटी है। भाजपा आस्था और विकास दोनों में समन्वय बना देश को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यही वजह है कि देश मे भाजपा की लहर है। डॉ लुईस मरांडी ने ईडी और सीबीआई के द्वारा गैर भाजपा राज्य मे कार्रवाई के आरोप को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि जैसी करनीए वैसी भरनी होती है। जो गलत किया इसकी सजा मिलती ही है। आगामी चुनावों की तैयारी पर बोली कि भाजपा एक ऐसी पार्टी से जो 365 दिन जनता के बीच रहती है। गांव चलो अभियान कार्यक्रम की शुरूआत के साथ ही भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में उतर गई है। पार्टी की ओर प्रदेश उपाध्यक्ष की नई जिम्मेवारी मिली है। उन्होंने बताया कि भाजपा का मूल मंत्र है। हर हाथ को कमए हर खेत तक पानी। जिसके तर्ज पर योजना बनाई गई है।

### फाइनल राउंड में पहुंचे 56 विद्यार्थी

डॉ मरांडी ने कहा कि बूथ स्तर तक काम शुरू हो गया है। पन्ना प्रमुख का भी काम शुरू है। आगामी 4 से 10 फरवरी के बीच प्रवास करना है। 24 घंटा किसी न किसी गांव या बूथ में समय बिताना है। गांव में जाकर लोगों से बात करनी है। प्रधानमंत्री के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को जन.जन तक पहुंचना है। जिसका डाटा तैयार कर प्रदेश में जमा करना है। डॉ मरांडी नद केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना और दो कार्यकाल में किए गए कार्य के आधार पर इस बार 400 से ज्यादा सीट जीतने का दावा की है। आगामी लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में उम्मीदवारी के जबाब पर कहा कि वह 2009 से चुनाव लड़ रही हैं। लेकिन आज तक कभी टिकट की मांग नहीं की। हम काम करना जानते हैं। हमेशा जनता के बीच रहते हैं। नेतृत्व की नजर सब पर है। पार्टी की कार्यकर्ता है। पार्टी की दिए जिम्मेदारी को बखूबी पूरा करने की बात कही। केंद्रीय नेतृत्व का फैसला जो भी होगा वह सर्वमान्य होगा। वह अपने आप को एक कार्यकर्ता मान रही है और जो जिम्मेदारी उन्हें मिलेगी उसके लिए हर वक्त तैयार है। सीएम हेमंत सोरेन को ईडी द्वारा जमीन घोटाला मामले में बार.बार समान किए जाने और झामुमो द्वारा इसे केंद्र सरकार की साजिश करार देने पर के सवाल पर डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि गलती सीएम कर रहे हैं और ठीकरा बीजेपी पर फोड़ते हैं। आम लोग भी जानते है कि कानून से ऊपर कोई नहीं हैए यदि कोई गलत करता है तो पावर के बल पर थोड़ी देर के लिए आप उसे टाल सकते हैं। लेकिन अंत में कानून की गिरफ्त में आना ही होगा। जनता बहुत अच्छे तरीके से भाजपा और झामुमो को जान चुकी है। समय आने पर जबाब देने को तैयार बैठी है।

# अंगिका सेवा सदन, छोटागोविंदपुर के शौचालय के जीर्णोद्धार कार्य का हुआ शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अंगिका सेवा सदन,छोटा गोविंदपुर के शौचालय के जीणोर्धार कार्य का शिलान्यास स्थानीय जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह के जिला परिषद फंड से विधायक श्री मंगल कालिंदी, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा जी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंगल कालिंदी ने कहा की हम सब मिल कर गोविंदपुर के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। अंगिका सेवा सदन स्थानीय लोगों के सुविधा के लिए हमेशा तत्पर है। जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा ने कहा की जिला परिषद ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर है। जिला परिषद डॉ परितोष सिंह ने कहा की गोविंदपुर में सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है, अन्य योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए हम सब प्रतिबद्ध है।



कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह, स्वागत भाषण अध्यक्ष रमन सिंह,धन्यवाद ज्ञापन अनिल सिंह ने किया। इस अवसर पर नरेश सिंह, मनोहर सिंह, शंकर सिंह, संदीप सिंह, जितेंद्र सिंह, बालाजी भगत, विमल कुमार, संतोष कुमार, प्रशांत चौधरी, दिनेश सिंह, निकेश कुमार, अंकित कुमार, राजकुमार, आनंद मिश्रा, नवीन सिंह, सहित भारी संख्या में समाज के व्यक्ति उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

# सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन का परिवार मिलन समारोह संपन्न



वनभोज कार्यक्रम में सम्मान।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन द्वारा आयोजित वनभोज सह वार्षिक परिवार मिलन कार्यक्रम गाँधी घाट में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी भी आयोजित हुई, जिसमें नगर के स्वनामधन्य कवि गणों ने अपनी स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत की। कवि गोष्ठी की अध्यक्षता श्री सुभाष चंद्र मुनका , ने किया, कविता पाठ करनेवालों में प्रमुख यमुना तिवारी व्यथित, डॉ अजय ओझा, रमेश कुंअर, सुरेशचंद्र झा, अशोक पाठक सनेही, रीना सिंह, पूनम सिंह, डॉ संजय पाठक सनेही, सविता सिंह मीरा, डॉ वीणा पाण्डेय भारती, दिव्येन्दु त्रिपाठी, एन के सिंह, सुरेश दत्त पाण्डेय, राजेंद्र साह राज, बलविंदर सिंह, जितेश तिवारी, लक्ष्मी सिंह, आरती श्रीवास्तव, निवेदिता श्रीवास्तव सहित अन्य 49 कवियों का भी सहभाग रहा। वनभोज में परिवार के सभी अंगों के लिये दर्जनों खेल एवं प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

# कोड्स इंटरनेशनल स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स मीट आयोजित



एनुअल स्पोर्ट्स मीट का उद्घाटन करते अतिथिगण।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कोड्स इंटरनेशनल के कपाली कैंपस में एनुअल स्पोर्ट्स मीट आयोजित की गई जिसमें किड्स इंटरनेशनल स्कूल के सारे बच्चे, शिक्षिकाए और पैरेंट्स मौजूद थे। इस मौके पर श्री टारनिश कुमार हंस, एक्जीक्यूटिव ऑफिसर/ एडमिनिस्ट्रेटर, नगर परिषद, कपाली मुख्य अतिथि थे। साथ ही सब इंस्पेक्टर संदीप, ओ.सी. कपाली और डॉक्टर हस्सन इमाम मल्लिक, सीनियर इंटरनेशनल हैंडबॉल कोच, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स गेस्ट ऑफ ऑनर थे।

अतिथियों की मौजूदगी ने बच्चों को उत्साहित किया। अतिथियों ने गुब्बारे उड़ाकर,और स्कूल का झंडा लहरा कर प्रोग्राम की शुरूवात की। साथ ही स्पोर्ट्स मिनिस्टर अयान अहमद के द्वारा मशाल जलाई गई। स्कूल के डायरेक्टर सैयद राशिद जफर ने अतिथियों को टोकन ऑफ लव दिया और उनका स्वागत किया। चीफ गेस्ट ने बच्चों की उत्साह बढ़ाई और कहा की स्पोर्ट्समैनशिप के साथ सभी को स्पोर्ट्स खेलना चाहिए।

### इन्हें किया गया पुरस्कृत

बेस्ट ड्रिल – कराटे ड्रिल
बेस्ट मार्च पास्ट – हार्मनी हाउस
ओवरऑल बेस्ट हाउस – लिगेसी हाउस
बेस्ट एथलीट जूनियर बॉयज – शादमान बशीर
बेस्ट एथलीट जूनियर गर्ल्स – हुमैरा हुसैन
बेस्ट एथलीट सीनियर बॉयज – अलकैस हुसैन
बेस्ट एथलीट सीनियर गर्ल्स – जहरा फात्मा रिजवी
बैडमिंटन मैच– इनायत हुसैन
क्रिकेट मैच – लिगेसी हाउस
फुटबॉल मैच – यूनिटी हाउस
प्रोग्राम के अंत में स्कूल प्रिंसिपल, रूकशार आयशा ने वोट ऑफ थैंक्स दिया।

इस मौके पर चार जजेस मौजूद थे : प्रीतम नेशनल लेवल कराटे एंड खो खो प्लेयर, मनीष दास : नेशनल लेवल गोल्ड मेडलिस्ट इन कराटे, रोहित कुमार मालाकार : नेशनल लेवल कराटे प्लेयर एंड डिस्ट्रिक्ट लेवल योग चैंपियन और सरजू राम : चीफ इंस्ट्रक्टर, झारखंड गोजु रियू कराटे डू एसोसिएशन। प्रोग्राम की संचालन स्पोर्ट्स हेड, श्री एम. प्रशांत ने किया। स्कूल के डायरेक्टर सैयद राशिद जफर ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ बंग उत्सव 2024

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बंग उत्सव समिति की ओर से बिष्टुपुर गोपाल मैदान में कोल्हानस्तरीय बंग उत्सव का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रों से आए सामाजिक संगठन व समितियों के प्रतिनिधियों ने अपनी संस्कृति को दशार्ते हुए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सम्मेलन को लेकर बंगभाषियों में उत्सव सा माहौल रहा। सम्मेलन का शुभारंभ समिति के कोल्हान के वरीय पदाधिकारियों ने संयुक्त रुप से किया। इसके बाद अलग-अलग डांस ट्रूप सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उद्घाटन सत्र के बाद देर शाम तक कई अतिथियों ने शिरकत की तथा बंग समुदाय की समस्याओं से अवगत हुए। अतिथियों के रुप में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्वी के विधायक सह पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री सरयू राय, विधायक समीर महंती, मंगल कालिंदी, सांसद विद्युत महतो की पत्नी उषा महतो सहित कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

समारोह में सभी प्रतिनिधियों ने आनेवाले दिनों में एकजुट होकर रहने का संकल्प लिया तथा भाषा एवं संस्कृति को बचाए रखने के लिए चरणबद्ध आंदोलन जारी रखने का भी निर्णय लिया गया।



क्षेत्रीय बंग उत्सव समिति के पदाधिकारी स्मारिका का विमोचन करते हुए।



उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

अतिथियों को आयोजकों ने सम्मानित किया। इस दौरान नृत्य संगीत का दौर देर शाम तक चलता रहा। शाम को मानभूम पुरुलिया से आये लोक कलाकार बादल पाल ने बाउल व क्षेत्रीय गीत-संगीत का ऐसा समा बांधा कि लोग कुर्सी से चिपके रहे। उनके साथ अन्य कलाकारों ने भी खूब मनोरंजन किया। तत्पश्चात कोलकाता से आईं अनुष्का पात्र तथा राहुल सिन्हा ने भी अपने गीतों के माध्यम से लोगों को देर रात्रि तक झूमाते रहे। इस दौरान पूरे गोपाल मैदान परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। पर्याप्त संख्या में वॉलिंटियर्स की मौजूदगी थी, आगंतुकों का ध्यान रखते हुए पेयजल की व्यवस्था, पार्किंग को सुव्यवस्थित करना, पूरे गोपाल मैदान परिसर में सीसीटीवी की पैनी नजर से निगरानी, प्राथमिक सहायता केंद्र एंबुलेंस के साथ मौजूदगी, पर्याप्त मात्रा में अग्निशमन यंत्र, फायर टेंडर आदि की भी सुविधा थी। आयोजन को सफल बनाने में बंग बंधु, विवेकानंद क्लब, लेडीज मैत्री परिवार, बंगाल क्लब, न्यू फॉर्म एरिया, हलुदबनी क्लब सहित कई सामाजिक संस्था के सदस्य सक्रिय रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष सह राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य अचिंतम गुप्ता ने कहा कि बताया कि राज्य में बंगभाषियों की संख्या लाखों में है। इसके बावजूद इस समाज की उपेक्षा लगातार की जा रही। उन्होंने कहा कि किसी भी दूसरे भाषा से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन बंग समाज और बंगला भाषा कों भी उनका अधिकार देना होगा। उन्होंने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि सरकार से उनकी यही मांग है कि भाषा व शिक्षा पर सरकार समुचित ध्यान दे। ऐसा नहीं होने पर बहुत जल्द बंगभाषियों की बैठक कर आगामी चुनाव में एकजुट होकर मतदान करने का भी निर्णय लिया जा सकता है।

बंग बंधु की अपर्णा गुहा ने कहा कि यह सिर्फ एक उत्सव नहीं, अपनी समस्याएँ साझा करने का बेहतर मंच है। बंग समुदाय के लोगों को हमेशा एक वोटर समझा गया, जिसे चुनाव के बाद लोग भूल जाते हैं। लेकिन बंग समाज भी इसबार अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने निकल पड़ा है और अपना हक व अधिकार लेकर ही वापस लौटेगा।

# पासी समाज का 11वां पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पासी समाज कोल्हान प्रमंडल समिति का 11वां वार्षिक मिलन समारोह साहबान भोज सूर्य मंदिर पार्क में हरसोलश के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर एवं महाराजा बिजली पासी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधानसभा के विधायक मंगल कालिंदी उपस्थित रहे। मंगल कालिंदी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है। बच्चे जब पढ़ेंगे तभी अपने अधिकारों के बारे में सोचेंगे। समाज में अपने योगदान की बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी समाज हित में उनकी आवश्यकता होगी वह उपस्थित रहेंगे। मौके पर पासी समाज की ओर से एक मांग पत्र विधायक को सौंपा गया जिसमें यह मांग रही कि पासी समाज का भी अपना एक भवन हो जिसमें समाज अपनी सभी कार्यों को सुचारू रूप से कर सके। कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित अतिथि एवं बागबेड़ा क्षेत्र के सरपंच सुनील गुप्ता ने कहा कि समाज एकजुट होगा तभी आगे बढ़ेगा जो भी सरकारी योजनाओं में समाज के लोग वंचित है उन्हें उनका लाभ दिलाने का काम करेंगे।

### पीएम के दौरे पर फुसरो भाजपा की बैठक में चर्चा

**बेरमो /फुसरो।** भाजपा फुसरो नगर की बैठक अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में हुई। बैठक की अध्यक्षता फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव एवं संचालन महामंत्री रमेश स्वर्णकार ने की। मुख्य अतिथि भाजपा के बोकारो जिला अध्यक्ष भगत यादव एवं पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल मौजूद थे। बैठक में पीएम मोदी के धनबाद में कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव के पहल पर फुसरो नगर के वार्ड 28 निवासी मुकेश सिंह के नेतृत्व में दर्जनों लोग पार्टी में शामिल हुए। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष जगरनाथ राम, जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामकिंकर पाण्डेय, भाई प्रमोद सिंह, जिला मंत्री विक्रम पांडेय, वरीय भाजपा नेता मधुसुदन सिंह, सुरज सिंह, लाल मोहन महतो, रंजन सिंह, नितेश सिंह, भैरव महतो, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### विस्थापित मोर्चा का मिलन सह वनभोज

बेरमो। रैयत विस्थापित मोर्चा जारंगडीह शाखा अध्यक्ष इस्लाम अंसारी के नेतृत्व में रविवार को मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में मोर्चा के समर्थक, नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए इस्लाम अंसारी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता आती है।

### गरीबों के बीच कंबल का वितरण

**बेरमो /गोमिया।** बेरमो अनुमंडल विधिक सेवा समिति द्वारा गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर साड़म पश्चिमी पंचायत के मड़ई टोला एवं लरैयाटांड में अत्यंत गरीब व वृद्ध व्यक्तियों के बीच पैनल लॉयर देव दत्त तिवारी एवम पी एल भी कृष्णा रजक एवम सुनीता सिन्हा द्वारा कंबल वितरण किया गया। प्रत्येक वर्ष नालसा, झालसा एवं डालसा के निदेर्शानुसार एस डी एल एस सी बेरमो एट तेनुघाट द्वारा क्षेत्र के गरीबों के बीच बढ़ती ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया जाता है।

# बीएसीइटी : सिविल के छात्र श्याम का प्लेसमेंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जमशेदपुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र श्याम चंद दास का चयन मेसेर्स लकी यूनिवर्सल इंटरप्राइजेज, जो टाटा स्टील की वेंडर कंपनी है, में सिविल साइट इंजीनियर के पद पर आकर्षक पैकेज में हुआ है।



कंपनी के द्वारा इसका इंटरव्यू 19 जनवरी 2024 को हुआ था और ये कंपनी में 5 फरवरी 2024 से एक महीने की ट्रेनिंग में रहेंगे। श्याम चंद दास के इस चयन पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्राचार्या डॉ डॉली चक्रबोर्ती, प्लेसमेंट अधिकारी श्री राहुल सिंह तथा कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी हैं।

### कोयलांचल के मजदूर नेता हरिशंकर सिंह का निधन

**बेरमो।** जनता मजदूर संघ के सीसीएल जोन के अध्यक्ष और कोयलांचल के जाने माने मजदूर नेता हरिशंकर सिंह का इलाज के दौरान रविवार को निधन हो गया। इस मौके पर यूनियन के बीएडके एरिया अध्यक्ष राहुल कुमार, ढ़ोरी एरिया अध्यक्ष घीरज पांडेय व एरिया सचिव विकास कुमार सिंह ने कहा कि यह अत्यंत और दुखद अपूरणीय क्षति है। हरिशंकर सिंह ने अपनी अधिकतर जिंदगी मजदूरों के सेवा में ही बिताया। जमसं में उन्होंने अपना बहुमूल्य समय कई वर्षो तक रिजनल अध्यक्ष के तौर पर दिया। शोक व्यक्त करने वाले में उज्जवल मुखर्जी, नवीन श्रीवास्तव, शंकर नायक, प्रत्युष राय, रंघीर सिंह सहित दर्जनो लोग शामिल है।

### भारत माता पूजनोत्सव कार्यक्रम

**गढ़वा।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती गढ़वा जिला इकाई के तत्वावधान में शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में भारत माता पूजनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्कार भारती झारखंड प्रांत के मंत्री नीरज श्रीधर, पलामू विभाग प्रमुख डॉ. शंभू कुमार तिवारी, गढ़वा जिला इकाई अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, लोक कला संयोजक अरविंद कुमार तिवारी, गढ़वा जिला इकाई सहमंत्री अंजलि शाश्वत ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप जलाकर एवं पुष्पार्चन कर किया। इस दौरान अंजलि शाश्वत ने साायति संस्कार भारती भारते नवजीवनम् की प्रस्तुति दी। मौके पर प्रांत मंत्री नीरज श्रीधर ने कहा कि शाश्वत विश्वगुरु भारत माता के प्रति तज्ञता ज्ञापित करने का उत्सव है भारत माता पूजनोत्सव। हम सौभाग्यशाली हैं कि भारत की पवित्र भूमि पर हमारा जन्म हुआ है। साथ ही विश्व के सबसे समृद्ध कला संगठन संस्कार भारती से जुड़ने का जो सौभाग्य प्राप्त हुआ है वह निश्चय ही पूर्व जन्म के पुण्य और पूर्वजों के आशीर्वाद का फल है।

# नीतीश कुमार सबके साथ, दोस्त बदलते रहे कुर्सी नहीं बदली

### 23 साल में 9वीं बार ली सीएम पद की शपथ

**पटना (एजेंसी)।** छात्र जीवन से राजनीति में कदम रखने वाले नीतीश कुमार 5 बार पाला बदल चुके हैं। 2005 में उन्होंने बिहार के सीएम पद की कमान संभाली थी। देश भर में कड़ाके की ठंड के बावजूद बिहार में राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। नीतीश कुमार ने एक बार फिर राजनीतिक पाला बदल लिया है। वह 2005 से बिहार की सत्ता के केंद्र में बने हुए हैं। बीच में 20 मई 2014 से लेकर 20 फरवरी 2015 तक कुछ महीनों के लिए उनकी ही मर्जी से जीतन राम मांझी बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। इससे पहले नीतीश कुमार केंद्र सरकार में रेल सहित कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। वर्ष 2000 में वह पहली बार सात दिनों के लिए बिहार के मुख्यमंत्री बने। उसके बाद 23 साल गुजर चुके हैं। तब से 28 जनवरी तक वे 9 बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं। इन वर्षों में उनके सहयोगी बदलते रहे, लेकिन कुर्सी पर नीतीश कुमार बने रहे। बिहार में चाहे जिसके साथ मिलकर उन्होंने सरकार बनायी हो, लेकिन सिक्का उन्हीं का चला है। नीतीश के राजनीतिक करियर में अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार में मंत्री रहने तक से लेकर कई राजनीतिक उतार-चढ़ाव आये।

**बिजली बोर्ड की नौकरी छोड़ राजनीति में इंट्री :** नीतीश कुमार ने बिहार इंजीनियरिंग कालेज से डिग्री हासिल की और छात्र जीवन में ही राजनीति में आ गये। हालांकि सक्रिय राजनीति में एंट्री से पहले उन्हें बिहार राज्य विद्युत बोर्ड में नौकरी मिल गयी थी। कुछ ही दिनों की नौकरी के बाद उन्होंने राजनीति का रास्ता पकड़ लिया। यह लगभग वही दौर था, जब लालू यादव राजनीति में कदम रख रहे थे। दोनों का राजनीतिक करियर जनता दल से जुड़ने के बाद परवान चढ़ा।

दो बार चुनाव हारे---------

बिजली बोर्ड की नौकरी छोड़ने के बाद उन्होंने सियासी सफर की शुरूआत में जनता पार्टी के टिकट पर हरनौत सीट से 1977 में विधानसभा का चुनाव लड़ा। ये चुनाव वे हार गये। तब निर्दलीय भोला प्रसाद सिंह इस सीट से जीते थे। 1980 में वे इसी सीट से जनता पार्टी (सेकुलर) के टिकट पर चुनाव लड़े और निर्दलीय अरुण कुमार सिंह से हारे। इसी सीट पर तीसरे प्रयास में उन्होंने लोक दल से 1985 का चुनाव लड़ा और कांग्रेस के बृज नंदन प्रसाद सिंह को हराकर विधायक बने। इसके बाद उन्होंने जनता दल का दामन थाम लिया था।

**अटल बिहारी वाजपेयी के समय बढ़ा कद :** इसके बाद जनता दल से ही 1989 में बाढ़ संसदीय सीट से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। इस सीट पर नीतीश कुमार ने कांग्रेस के राम लखन सिंह यादव को चुनाव हराया था। 1991, 1996, 1998, 1999, 2004 में लोकसभा चुनाव जीतकर वे लगातार सांसद बने। नीतीश कुमार का राजनीतिक कद अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान खूब बढ़ा। इसी दौरान उन्हें केंद्र में रेलवे जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली। 2004 में नीतीश कुमार बाढ़ और नालंदा दो सीटों से चुनाव लड़े। नालंदा से जीते, लेकिन बाढ़ से हार गये।




**भाजपा के कहने पर बने बिहार के सीएम :** नीतीश कुमार को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने में भाजपा की बड़ी भूमिका रही। बिहार में एनडीए को पहली बार 2000 में सरकार बनाने का मौका मिला। तब नीतीश कुमार समता पार्टी के नेता थे। यह चुनाव भाजपा, जनता दल और समता पार्टी ने साथ मिलकर लड़ा था। चुनाव में भाजपा को 67, समता पार्टी को 34 और जनता दल को 21 सीटें मिल7ी थीं। राजद 124 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन उनको स्पष्ट बहुमत नहीं था। तब झारखंड नहीं बना था और बिहार विधानसभा में 324 सीटें थीं। कहा जाता है कि तब भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री बनने के लिए नीतीश कुमार को आगे किया,जबकि उनकी खुद की पार्टी समता पार्टी उन्हें सीएम बनाने के पक्ष में नहीं थी।

**पहली बार 7 दिनों के लिए सीएम बने :** भाजपा नेता सुशील मोदी ने नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाने का प्रस्ताव अपने नेताओं को दिया था। लाल कृष्ण आडवाणी और अरुण जेटली जैसे नेताओं के प्रयास से पहली बार नीतीश कुमार को बिहार में एनडीए विधायक दल के नेता के तौर पर चुना गया। तब सात दिन के लिए नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री बने। विधानसभा में बहुमत साबित नहीं होने के कारण तब पद छोड़ना पड़ा था। हालांकि, उसके बाद 2005 के चुनाव में जीत के बाद उन्होंने 24 नवंबर को मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। उसके बाद 17 मई 2014 तक लगातार मुख्यमंत्री बने रहे।

**मुख्यमंत्री बनने की कहानी :** नीतीश कुमार पहली बार 3 मार्च 2000 को सीएम बने थे, हालांकि, बहुमत न जुटा पाने की वजह से उन्हें 10 मार्च 2000 को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद बिहार में 2005 में हुए चुनाव में नीतीश भाजपा के समर्थन से दूसरी बार मुख्यमंत्री पद पर काबिज हुए। 2010 में हुए विधानसभा चुनाव में वह तीसरी बार सूबे के मुख्यमंत्री बने रहे। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ पार्टी के खराब प्रदर्शन की वजह से उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। इस दौरान उन्होंने जीतनराम मांझी को मुख्यमंत्री पद सौंपा। हालांकि, 2015 में जब पार्टी में अंदरुनी कलह शुरू हुई तो नीतीश ने मांझी को हटाकर एक बार फिर सीएम पद पर कब्जा किया। 2015 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन (जदयू, राजद, कांग्रेस और लेफ्ट गठबंधन) की एनडीए के खिलाफ जीत के बाद नीतीश कुमार एक बार फिर पांचवी बार बिहार के मुख्यमंत्री बने।

**तेजस्वी पर भ्रष्टाचार के आरोप के बाद बदल पाला :** वर्ष 2017 में आइआरसीटीसी घोटाले में राजद और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद नीतीश कुमार ने महागठबंधन से नाता तोड़ लिया। उन्होंने जुलाई 2017 में ही पद से इस्तीफा दिया और एक बार फिर एनडीए का दामन थाम कर सीएम पद की शपथ ली। 2020 में सातवीं बार बने मुख्यमंत्री। 2020 के विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन ने जीत हासिल की। हालांकि, जदयू की सीटें भाजपा के मुकाबले कम थीं, इसके बावजूद नीतीश कुमार ने सातवीं बार सीएम पद की शपथ ली।

**2022 में फिर आ गये महागठबंधन के साथ :** अगस्त 2022 में एक बार फिर उन्होंने एनडीए का दामन छोड़ दिया और महागठबंधन के साथ आकर आठवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। अब एक बार फिर उन्होंने महागठबंधन से नाता तोड़ लिया और एनडीए के साथ मिलकर नौवीं बार सीएम पद की शपथ ली।

# लगातार छठीं बार बजट पेश करेंगी निर्मला सीता रमण

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट में उपभोग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के अलावा मुद्रास्फीति को नीचे लाने के उपायों को जारी रखेंगी। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। यह सीतारमण का लगातार छठा बजट होगा।

विशेषज्ञों ने कहा कि उपभोग को बढ़ावा देने का एक तरीका लोगों के हाथों में अधिक पैसा देना है, और ऐसा करने का एक संभावित तरीका कर स्लैब में बदलाव करना या मानक कटौती में बढ़ोतरी के जरिये लोगों पर कर का बोझ कम करना हो सकता है। एक अन्य प्रस्ताव ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना-मनरेगा के तहत धनराशि बढ़ाने और किसानों के लिए अधिक भुगतान से संबंधित है।

विशेषज्ञों ने कहा कि आम चुनाव से पहले उपभोग को बढ़ावा देने के सीतारमण के प्रयास के तहत महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को अतिरिक्त प्रोत्साहन मिल सकते हैं। आमतौर पर आम चुनावों से पहले लोकसभा में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट में नए कर प्रस्ताव या नई योजनाएं शामिल नहीं होती हैं।

अंतरिम बजट में सरकार वित्त वर्ष 2024-25 के चार माह के लिए अपने खर्चों को पूरा करने के लिए संसद से अनुमति मांगेगी। इसमें तत्काल ऐसी आर्थिक समस्याओं के समाधान के प्रस्ताव शामिल हो सकते हैं, जिनके लिए चार महीने तक इंतजार नहीं किया जा सकता।




### सुस्त उपभोग मांग से संबंधित मुद्दों का समाधान करने की तत्काल जरूरत

विशेषज्ञों के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुस्त उपभोग मांग से संबंधित मुद्दों का समाधान करने की तत्काल जरूरत है। डेलॉयट इंडिया के भागीदार रजत वाही ने कहा कि कंपनियों ने एफएमसीजी और रोजमर्रा के इस्तेमाल के ज्यादातर उत्पादों के दाम पिछली आठ-10 तिमाहियों में बढ़ाए हैं। कंपनियों को उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की वजह से यह कदम उठाना पड़ा है।

वाही ने कहा, ऐसे में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के प्रभाव, उत्पादन लागत में बढ़ोतरी, महंगाई, ऊंची ब्याज दरों..इन सभी चीजों से निम्न आय वर्ग के लोग प्रभावित हो रहे हैं।

सिर्फ ग्रामीण इलाकों में ही यह स्थिति नहीं है, बल्कि शहरों क्षेत्रों के गरीब वर्ग को भी इसकी मार झेलनी पड़ रही है।

वाही ने कहा कि मूल्यवृद्धि का बड़ा प्रभाव समाज के गरीब वर्ग पर पड़ रहा है क्योंकि कर्ज चूक या डिफॉल्ट की संख्या में काफी वृद्धि हुई है।

### कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 1.8 प्रतिशत रहने का अनुमान

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र की वृद्धि उतनी नहीं है जितना सरकार मानकर चल रही थी। सरकार का इरादा कृषि आय को दोगुना करने का था लेकिन महंगाई की वजह से इसे अभी तक हासिल नहीं किया जा सका है। सकल घरेलू उत्पाद (ऋऊढ) के अग्रिम अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 1.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। 2022-23 में यह चार प्रतिशत रही थी।

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेन्द्र कुमार पंत ने कहा कि लेखानुदान का मुख्य उद्देश्य सरकार को अगले वित्त वर्ष के चार महीनों के लिए वेतन, मजदूरी, ब्याज और कर्ज भुगतान के लिए पैसा खर्च करने की अनुमति देना है।

उन्होंने कहा, लेकिन समाज के कुछ वर्ग दबाव में है। क्या हम उनके लिए कोई कदम उठाने को चार-पांच माह और इंतजार कर सकते हैं। यदि हम पांच महीने बाद कुछ करेंगे, तो उनकी स्थिति और खराब हो जाएगी। अंतरिम बजट में इस वर्ग के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं।

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-नवंबर की अवधि के दौरान टिकाऊ उपभोक्ता सामान क्षेत्र का उत्पादन 0.6 प्रतिशत घटा है। हालांकि, इस आठ माह की अवधि में गैर-टिकाऊ सामान क्षेत्र का उत्पादन 5.6 प्रतिशत बढ़ा है, लेकिन इसकी प्रमुख वजह अनुकूल आधार प्रभाव है। 2022 की अप्रैल-नवंबर की अवधि में इस क्षेत्र के उत्पादन में 2.2 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार संजय कुमार ने कहा, उपभोग मांग बढ़ाने का एक प्रमुख तरीका नई कर व्यवस्था में कुछ बदलाव कर इसे अधिक आकर्षक बनाना हो सकता है। इससे करदाताओं के हाथों में अधिक पैसा रहेगा। उन्होंने कहा, ह्यह्यबजट में हमेशा कर स्लैब में बदलाव का मामला रहता है। नई कर व्यवस्था में सरकार पर संभवतः आवास ऋण के ब्याज पर कटौती को शामिल करने का दबाव होगा।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा सरकार यह भी चाहती है कि ज्यादा से ज्यादा करदाता नई कर व्यवस्था को अपनाएं।

# स्वास्थ्य बजट बढ़कर हो जीडीपी का 2.5 प्रतिशत

### स्वास्थ्य सेवाओं, उपकरणों पर लगने वाले वस्तु एवं सेवा कर को तार्किक बनाया जाये

**संकेत कौल**

**आगामी अंतरिम** बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र ने स्वास्थ्य पर व्यय बढ़ाने, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को तार्किक बनाने और स्थानीय क्षमता व व्यक्तिगत प्रशिक्षण पर निवेश बढ़ाने की मांग की है। नैशनल हॉस्पिटल फेडरेशन ऑफ इंडिया के मुताबिक इस सेक्टर ने स्वास्थ्य क्षेत्र पर व्यय बढ़ाकर जीडीपी का 2.5 प्रतिशत करने और जीएसटी दरें तार्किक बनाए जाने की मांग की है।

फोर्टिस हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) और नेटहेल्थ के प्रेसीडेंट आशुतोष रघुवंशी ने कहा कि भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र पर मौजूदा व्यय जीडीपी का महज 1.6 से 1.8 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, ह्यस्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों के हिसाब से यह आवंटन अपर्याप्त है।

रघुवंशी ने कहा कि बजट आवंटन बढ़ाकर जीडीपी का 2.5 प्रतिशत किए जाने की जरूरत है। साथ ही स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के विस्तार, स्वास्थ्य क्षेत्र और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने, देश भर में तेजी से डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की जरूरत है।

साथ ही जीएसटी दरों को तार्किक बनाए जाने की मांग लंबे समय से लंबित है। यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के यथार्थ त्यागी ने कहा कि इस समय स्वास्थ्य क्षेत्र जीएसटी के ढांचे की विसंगतियों से जूझ रहा है। उन्होंने कहा, ह्यप्राथमिक और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल पर 12 प्रतिशत कर लगता है। वहीं महत्त्वपूर्ण उपकरणों पर 18 प्रतिशत या 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है।ह्न उन्होंने कहा कि इससे पूंजी की लागत बढ़ती है और अस्पतालों को चलाने में




दिक्कत आती है।

पुणे के जहांगीर हॉस्पिटल के सीईओ विनोद सावंतवाडकर ने कहा कि जीएसटी दरों को तार्किक बनाए जाने से सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी और इससे स्वास्थ्य व्यवस्था व मरीजों, दोनों को ही लाभ होगा। डायग्नोस्टिक कंपनियां चाहती हैं कि सरकार स्वास्थ्य उत्पादों पर आयात शुल्क को तार्किक बनाए। मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर की प्रवर्तक और एमडी अमीरा शाह ने कहा कि यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि भारत का डायग्नोस्टिक सेग्मेंट 60 प्रतिशत आयात पर निर्भर है।

क्षेत्रीय स्वास्थ्य व्यवस्था में अंतर को जोड़ने की जरूरत पर जोर देते हुए रघुवंशी ने कहा कि बजट का मुख्य ध्यान हेल्थकेयर वैल्यू चेन के स्थानीयकरण और स्थानीय क्षमता विकसित करने पर होना चाहिए, जिससे दूरस्थ इलाकों में भी स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सकें।

शाह ने सुझाव दिया कि सस्ते ब्याज पर धन मुहैया कराने से निजी क्षेत्र अपने डायग्नोस्टिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को उन्नत बना सकता है। उन्होंने कहा, ह्यइन पहल से न सिर्फ पहुंच और सस्ती सुविधाएं मिल सकेगी, बल्कि शानदार स्वास्थ्य देखभाल के मामले में बुनियादी वातावरण तैयार हो सकेगा जिससे भविष्य की और मौजूदा चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपटा जा सकेगा।ह्न

अस्पतालों ने नीतियों की निरंतरता की भी उम्मीद जताई। मणिपाल हॉस्पिटल्स में एमडी और सीईओ दिलीप जोसे ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को एक पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में माना

# ग्रामीणों की एसआईपी में निवेश में रूचि बढ़ी

ग्रामीण इलाकों से मिल रहे ज्यादा रकढ खाते, हालांकि निवेश की रकम छोटी


मई से अक्टूबर 2023 के बीच बी-30 से एसआईपी निवेश 26 फीसदी बढ़कर 6,436 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जबकि टी-30 में बढ़त की रफ्तार 22 फीसदी रही।

म्युचुअल फंड 30 बड़े शहरों (टी-30) के मुकाबले ग्रामीण इलाकों (बी-30) में नए सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान वाले नए खातों में ज्यादा वृद्धि से रूबरू हो रहा है। हालांकि इन इलाकों से मिलने वाला औसत निवेश बड़े शहरों या केंद्रों के मुकाबले काफी कम है।

एसोसिएशन ऑफ म्युचअल फंड्स इन इंडिया (अटऋक) के आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण इलाकों ने एसआईपी के जरिये म्युचुअल फंडों को औसतन 1,725 रुपये का योगदान किया, जो अग्रणी शहरों के निवेशकों के निवेश के औसत आकार 2,940 रुपये से 70 फीसदी कम है।

अक्टूबर में बी-30 शहरों के निवेशकों का 3.73 करोड़ एसआईपी खातों के जरिये सकल निवेश 6,436 करोड़ रुपये रहा जबकि टी-30 के निवेशकों ने 3.57 करोड़ खातों के जरिये 10,492 करोड़ रुपये का योगदान किया। बी-30 में एसआईपी खातों का जुड़ाव और एसआईपी निवेश टी-30 के मुकाबले ज्यादा तेज रफ्तार से बढ़ रहा है।

मई से अक्टूबर 2023 के बीच बी-30 से एसआईपी निवेश 26 फीसदी बढ़कर 6,436 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जबकि टी-30 में बढ़त की रफ्तार 22 फीसदी रही। इसके साथ ही बी-30 में सक्रिय एसआईपी खातों ने टी-30 की संख्या को पीछे छोड़ दिया और




यह 17 फीसदी की बढ़त के साथ अप्रैल 2023 के 3.17 करोड़ खातों के मुकाबले अक्टूबर के आखिर में 3.73 करोड़ पर पहुंच गई।

म्युचुअल फंड के अधिकारियों ने कहा कि बी-30 क्षेत्र बेहतर वृद्धि दर्ज कर रहा है। इसका कारण जागरूकता में इजाफा और नई पीढ़ी के निवेश विकल्पों की बढ़ती स्वीकार्यता है।

मिरे ऐसेट एमएफ के वाइस चेयरमैन और मुख्य कार्याधिकारी स्वरूप मोहंती ने कहा कि महामारी के बाद हम दो चीजें एक साथ देख रहे हैं। पहला, वित्तीय परिसंपत्तियों की ओर बढ़ते कदम और दूसरा, एसआईपी के जरिये देश के छोटे शहरों में म्युचुअल फंडों का प्रसार। यह काफी अच्छा संकेत है क्योंकि ज्यादा भारतीय निवेशक पूंजी बाजारों के जरिये अब भारत के विकास की कहानी में हिस्सेदार बनेंगे।

हालांकि बी-30 के एसआईपी खातों में तीव्र बढ़ोतरी ने निवेश का आकार घटा दिया है। नवंबर 2021 में बी-30 में निवेश का आकार 1,757 रुपये था, जो अक्टूबर 2023 में घटकर 1,725 रुपये रह गया। इसकी तुलना में टी-30 में निवेश का औसत आकार पिछले दो साल में 2,794 से 2,940 रुपये पर आया है।

छोटे शहर म्युचुअल फंडों का ज्यादा ध्यान खींच रहे हैं क्योंकि वहां वृद्धि की ज्यादा गुंजाइश है। विगत वर्षों में फंड हाउस ने इन इलाकों में काफी शाखाएं खोली हैं। उन्होंने वैयक्तिक वितरकों व बैंकों के साथ गठजोड़ के जरिये अपनी वितरण ताकत बढ़ाई है।

हालांकि उद्योग की बी-30 योजना को मार्च 2023 में तब झटका लगा जब बाजार नियामक सेबी ने बी-30 के प्रोत्साहन ढांचे पर रोक लगी दी। इसके तहत फंड हाउस बी-30 से निवेशक हासिल करने के लिए वितरकों को ज्यादा प्रोत्साहन देते थे।

# बजट से ऊर्जा परिवर्तन के लिए 30,000 करोड़ रुपये मांग

### पिछले बजट में केंद्र ने ऊर्जा परिवर्तन व नेट जीरो के लक्ष्य के लिए 30,000 करोड़ रुपये देने की बात कही थी, लेकिन मिला नहीं

**शुभायन चक्रवती**

एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आगामी बजट में वित्त मंत्रालय से ऊर्जा परिवर्तन के लिए 30,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किए जाने की मांग की है। पिछले बजट में तेल विपणन कंपनियों के लिए ऊर्जा परिवर्तन और नेट जीरो के लक्ष्य के लिए 30,000 करोड़ रुपये के कोश की घोषणा की गई थी, लेकिन इसे दिया नहीं गया।

पिछले बजट में इस बड़े बजट को चिह्नित करते हुए नए दौर के ईंधनों ग्रीन हाइड्रोजन, एथनॉल व अन्य बायो ईंधन पर ध्यान केंद्रित किया गया था। हरित बदलाव के लिए रिकॉर्ड उच्च बजट अनुदान अर्थव्यवस्था में कार्बन उत्सर्जन कम करने और हरित ईंधन और हरित ऊर्जा के स्रोतों की ओर कदम बढ़ाने के हिसाब से अहम था।

केंद्र ने ऊर्जा में बदलाव की जिम्मेदारी तेल मंत्रालय को सौंपी है, जो स्वाभाविक रूप से सबसे ज्यादा जीवाश्म ईंधन का कारोबार करता है। अब तक वित्त मंत्रालय ने यह धन नहीं दिया है और साथ ही वह आगे इसमें कटौती करने के भी तर्क दे रहा है। वित्त मंत्रालय के अधिकारी इसके पहले की दो तिमाहियों में तेल विपणन कंपनियों के रिकॉर्ड मुनाफे की ओर इशारा करते हुए 30,000 करोड़ रुपये फंड में कटौती की बात कर रहे हैं।

वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में प्रमुख तेल विपणन कंपनियों का कुल मिलाकर शुद्ध मुनाफा बढ़कर 28,836.5 करोड़ रुपये हुआ है, जबकि वित्त वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में 4,509.9 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। राजस्व में गिरावट के बावजूद बिक्री की मात्रा में वृद्धि से कंपनियों को मुनाफा बढ़ाने में मदद मिली। लेकिन पेट्रोलियम मंत्रालय का तर्क इसके विपरीत है।अधिकारियों ने कहा, ह्यलाल सागर क्षेत्र में खतरा बढ़ने की वजह से अगले साल के दौरान तेल की वैश्विक कीमतों में उतार चढ़ाव की उम्मीद है। अंतरमंत्रालयी परामर्श के दौरान हमने उनसे कहा था कि आगामी बजट में अनुदान बरकरार रखा जाना चाहिए।

भारत के खुदरा ईंधन बाजार में पिछले 20 महीने से कोई बदलाव नहीं हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी की स्थिति देखें तो पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 6 अप्रैल, 2022 को आखिरी बार बदलाव हुआ था, जब कीमत 80 पैसे प्रति लीटर बढ़ी थी। उसके बाद से ओएमसी ने तेल की कीमत में कोई बढ़ोतरी नहीं की, जबकि यूक्रेन युद्ध के कारण कीमतों में उतार चढ़ाव काफी हुआ।

### चल रहा है बदलाव

सभी तेल विपणन कंपनियों ने पहले ही ऊर्जा में बदलाव की दिशा में कदम उठाए हैं। ओएमसी इस समय ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन को बढ़ाने के लिए समग्र मसौदा तैयार कर रही हैं। केंद्र सरकार की 19,744 करोड़ रुपये के ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत रिफाइनरियों सहित विभिन्न क्षेत्र से ग्रीन हाइड्रोजन की खरीद अनिवार्य की गई है।

ओएमसी ने जैव और कृषि कचरे से एथनॉल का उत्पादन शुरू कर दिया है। इसे केंद्र सरकार के दीर्घावधि लक्ष्य से जोड़ने की योजना है, जिससे पेट्रोलियम में ज्यादा एथनॉल मिलाया जा सके। ई20 या 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल की आपूर्ति 1 अप्रैल से करने का लक्ष्य रखा गया है।


केंद्र सरकार की एथनॉल मिलाने की योजना को पेट्रोल के मामले में बड़ी सफलता मिली है। 20 प्रतिशत एथनॉल मिले पेट्रोल (ई20) की बिक्री 9,300 से ज्यादा पेट्रोल पंपों पर हो रही है, जबकि 2025 तक पूरे देश में बेचे जाने का लक्ष्य है।

# लोन पर आरबीआइ रख रहा है कड़ी नजर

**आखिरकार,** व्यक्तिगत ऋण (पर्सनल लोन) एवं क्रेडिट कार्ड पर भारतीय रिजर्व बैंक (फइक) हरकत में आ ही गया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को भले ही ऐसे ऋण को लेकर विशेष चिंता नहीं थी मगर आरबीआई किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता है। हाल ही में आरबीआई ने उपभोक्ता ऋण के मामले में बैंकों एवं एनबीएफसी के लिए जोखिम भार 25 प्रतिशत अंक बढ़ा दिया। आरबीआई ने आवास, शिक्षा, वाहन, गोल्ड और सूक्ष्म वित्त संस्थानों एवं स्वयं-सहायता समूहों को आवंटित ऋण को इसकी जद से बाहर रखा है।

जोखिम भार बढ़ने से बैंक एवं एनबीएफसी के लिए ऐसे ऋण के लिए पूंजी जुटाना अधिक महंगा हो जाएगा और वे आंख मूंद कर असुरक्षित ऋण पर दांव नहीं खेलेंगे। अक्टूबर में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्तीय क्षेत्र में स्थिरता पर विशेष जोर दिया था और व्यक्तिगत ऋण खंड में कुछ खास ऋण में तेज इजाफा होने पर चिंता जताई थी। आरबीआई बैंकिंग क्षेत्र में किसी भी तरह की जोखिम की आशंका को पहले ही समाप्त कर देने के मंत्र के साथ पैनी नजर रख रहा है।

छोटे कर्जदाताओं को ऋण चुकाने में आ रही परेशानी को देखते हुए वित्त मंत्रालय ने सभी पीएसबी को छोटे ऋण खातों की समीक्षा करने और हालात की जानकारी देने का निर्देश दिया था। बैंकों ने



भी वित्त मंत्रालय को आश्वस्त किया था कि छोटे आकार के असुरक्षित ऋण से वित्तीय तंत्र को कोई खतरा नहीं है क्योंकि इनकी (ऐसे ऋण) का अनुपात बहुत कम है।

जोखिम भार केंद्रीय बैंक के हाथ में एक ऐसा जरिया होता है जिसका इस्तेमाल कर वह कुछ खास किस्म के ऋण के आवंटन में बैंकों पर नियंत्रण रखता है। उदाहरण के लिए जब रियल एस्टेट क्षेत्र को ऋण आवंटन पर चिंता पैदा हुई थी तो आरबीआई ने 2005 में वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र को आवंटित होने वाले ऋणों के लिए जोखिम भार 100 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया था।

इसे फिर अप्रैल 2006 में बढ़ाकर 150 प्रतिशत तक कर दिया था। इससे पहले 2004 में आवास ऋण पर जोखिम भार 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया गया था। बैंकिंग नियामक ने उपभोक्ता ऋण एवं बैंकों के पूंजी बाजार में ऋण आवंटन पर जोखिम भार 100 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया था।

आरबीआई की नवीनतम वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा गया है कि असुरक्षित ऋण के मद में आवंटन मार्च 2021 के 22.9 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2023 में 25.2 प्रतिशत तक पहुंच गया था।

रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षित ऋण का अनुपात इसी अवधि के दौरान 77.1 प्रतिशत से कम होकर 74.8 प्रतिशत रह गया। कुल मिलाकर खुदरा ऋण की वृद्धि सालाना चक्रवृद्धि दर (सीएजीआर) पर मार्च 2021 से 24.8 प्रतिशत दर से हुई जबकि पूरे बैंकिंग क्षेत्र के कुल ऋणों में 13.8 प्रतिशत सीएजीआर दर से इजाफा हुआ।

सीआरआईएफ हाईमार्क के आंकड़ों के अनुसार 31 दिन से 180 दिनों के बीच बकाया ऋण (50,000 रुपये से कम) का हिस्सा जून 2023 में बढ़कर 8.1 प्रतिशत हो गया। अगर किसी कर्जधारक ने 30 दिन के भीतर किस्त का भुगतान नहीं किया है तो उसका ऋण खाता स्पेशल मेंशन अकाउंट -1 (एसएमए) करार दिया जाता है। 60 दिन तक भुगतान नहीं होने पर एसएमए-2 करार दे दिया जाता हैअगर 90 दिन के बाद भी भुगतान नहीं होता है तो संबंधित ऋण गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में तब्दील हो जाता है। एसएमए-1 और एसएमए-2 खातों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मार्च 2023 तक खुदरा खंड में फंसे ऋण का अनुपात 1.4 प्रतिशत था।

सीआरआईएफ हाईमार्क के आंकड़ों के अनुसार 10,000 रुपये से कम आकार के अल्प अवधि के व्यक्तिगत ऋण (एसटीपीएल) का कुल मूल्य 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में बढ़कर 37 प्रतिशत हो गया। 10,000-50,000 रुपये के बीच एसटीपीएल बढ़कर 48 प्रतिशत हो गया। क्रेडिट ब्यूरो एजेंसियां 50,000 रुपये तक के ऋण को एसटीपीएल मानती हैं।

वित्त वर्ष 2023 में ऐसे 86 लाख ऋण आवंटित हुए और इस तरह वित्त वर्ष 2022 की तुलना में इनमें 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2023 में जितने व्यक्तिगत ऋण आवंटित किए गए उनमें लगभग 80 प्रतिशत एसटीपीएल थे। इनमें 60 प्रतिशत ऋण तो 10,000 रुपये से भी कम के थे। जून 2023 तक 11.16 लाख करोड़ रुपये के व्यक्तिगत ऋण थे जो मार्च 2020 की तुलना में दोगुना थे।

छोटे शहरों में एसटीपीएल ऋण से जुड़े मामले अधिक देखे गए हैं। पिछले 12 महीनों में 10,000 रुपये तक के एसटीपीएल देश के सबसे बड़े 100 शहरों से बाहर आवंटित हुए थे। 29 प्रतिशत ऋण देश के शीर्ष शहरों में आवंटित हुए थे।

क्रेडिट ब्यूरो एजेंसियों का कहना है कि जुलाई 2022 और जून 2023 के दौरान मंजूर 10,000 से 50,000 रुपये तक के 35 प्रतिशत एसटीपीएल शीर्ष 100 शहरों से बाहर के थे। शीर्ष 8 शहरों के मामले में यह आंकड़ा 31 प्रतिशत था। ऐसे ऋण के आवंटन में एनबीएफसी की बड़ी हिस्सेदारी रही है। कोविड पूर्व स्तर से इनमें निजी बैंकों का भी योगदान बढ़ा है मगर मार्च 2022 की तुलना में इनमें कमी आई है।

अक्टूबर में प्रकाशित ब्रोकरेज कंपनी यूबीएस की रिपोर्ट के अनुसार निजी बैंकों की तुलना में पीएसबी में ऋण भुगतान में चूक के मामले अधिक रह सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2024-25 में असुरक्षित खुदरा ऋणों से ऋण नुकसान 50 से 200 आधार अंक तक बढ़ सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया कि पीएसबी ने ऐसे 52 प्रतिशत ऋण उन ग्राहकों को दे रखे हैं जिनका क्रेडिट स्कोर 644 (मध्यम से अधिक जोखिम वाले कर्ज धारक) से कम हैं जबकि एनबीएफसी और बड़े निजी बैंकों के ऐसे ग्राहक क्रमशः 49 प्रतिशत और 31 प्रतिशत हैं।

आवश्यकता से एक सीमा से अधिक ऋण आवंटन के मामले भी देखे जा रहे हैं और ग्राहक कई तरह के ऋण छोटे अंतराल पर ले रहे हैं। आरबीआई ने जोखिम के इन संकेतों को नजरअंदाज नहीं कर अच्छा किया है। मगर आरबीआई के इस कदम का समय जिज्ञासा बढ़ाने वाला जरूर है। इसकी एक वजह संभवतः सितंबर तिमाही (आंकड़े अभी सार्वजनिक नहीं हुए हैं) में व्यक्तिगत एवं फंसे ऋण के मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है।

# हर क्षेत्र में कमाल कर रही हैं बेटियां

## मन की बात : प्रधानमंत्री मोदी बोले- 13 महिला एथलीट इस बार हुईं पुरस्कृत

▸▸ पद्म और अर्जुन पुरस्कार विजेताओं की जीवन यात्रा सबके लिए प्रेरणास्रोत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में पद्म और अर्जुन पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि इन विजेताओं की जीवन यात्रा हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है। मन की बात के 109वें एपीसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने 75वें गणतंत्र दिवस समारोह और उसमें नारी शक्ति के प्रदर्शन का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने अर्जुन पुरस्कार पाने वाली बेटियों की उपलब्धियों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 13 महिला एथलीट को इस बार पुरस्कृत किया गया है। बदलते भारत में देश की बेटियां हर क्षेत्र में कमाल कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने हर बार की तरह जनता के साथ कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि आयुष मंत्रालय ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर आयुर्वेद, यूनानी और सिद्ध चिकित्सा से जुड़े डेटा और शब्दावली का वर्गीकरण किया है। इससे किसी अन्य डॉक्टर के पास जाने पर व्यक्ति के रोग और इलाज संबंधित सारी जानकारी पर्ची के माध्यम से पता चल जाएगी। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा को पुनर्जीवित करने वाली अरुणाचल प्रदेश की यानुंग और आयुष से लोगों का इलाज करने वाले छत्तीसगढ़ के हेमचंद मांझी के बारे में बताया। दोनों को ही इस बार पद्म सम्मान दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले दशकों में पद्म पुरस्कार का तंत्र पूरी तरह बदल गया है। लोगों को खुद को नामांकित करने का अवसर मिल रहा है। इससे नामांकन में 28 गुना की वृद्धि हुई है। साथ ही समाज में जमीनी स्तर पर बड़े बदलाव लाने वालों को सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में रेडियो लोगों की जिंदगी में बदलाव ला रहा है। हमर हाथी हमर गोठ नाम का कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ में शाम को प्रसारित किया जाता है। इसमें लोगों को हाथी के झुंडों की आवाजाही की जानकारी मिलती है। इससे जान-माल का नुकसान बचता है। मोदी ने मतदान की उम्र तक पहुंचने वाले युवाओं से खुद को मतदाता सूची में रजिस्टर्ड कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज देश में 96 करोड़ मतदाता हैं। हर मतदाता को मताधिकार के उपयोग का अधिकार मिले, इसके लिए चुनाव आयोग दूरदराज के इलाकों में भी पोलिंग बूथ बनाता है। नेशनन वोटर डे और वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से युवा खुद को मतदाता सूची में जोड़ें।



प्रधानमंत्री ने द्वीव में हुई बीच खेल प्रतियोगिता की जानकारी दी और कहा कि भारत लगातार खेल के क्षेत्र में नई उंचाईयां छू रहा है। खुशी है कि खिलाड़ियों के लिए आज सामर्थ्य दिखाने का मौका मिल रहा है। खेलों के प्रति खिलाड़ियों का जज्बा निरंतर बढ़ रहा है और यही जज्बा किसी देश को खेल की दुनिया में सरताज बनाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने दो दिन पहले 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। इस साल सुप्रीम कोर्ट भी अपने 75 वर्ष पूरे करने वाला है। हमारे लोकतंत्र के यह पर्व भारत को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का शासन हमारे संविधान निमार्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है।

### आज परीक्षा पर चर्चा से जुड़ें

**मोदी** ने सोमवार को छात्रों के साथ होने वाले संवाद कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा से लोगों को जुड़ने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यक्रम में संविधान की प्रथम प्रति के तीसरे अध्याय में भगवान श्रीराम का चित्र होने जिक्र करते हुए कहा कि उनका शासन हमारे संविधान निमार्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है।

## विश्वासघात करने वालों को जनता नहीं करेगी माफ

▸▸ नीतीश पर कांग्रेस का हमला खड़गे बोले- देश में आया राम-गया राम जैसे कई लोग हैं

▸▸ कांग्रेस का एक धड़ा इंडिया गठबंधन के नेतृत्व को हड़पना चाहता है : त्यागी

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने जदयू के नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम लिए बिना उन पर तीखा हमला करते हुए रविवार को कहा कि रंग बदलने में गिरगिटों को टक्कर देने और विश्वासघात करने वालों को पूरा देश देख रहा है और बिहार की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि देश में आया राम-गया राम जैसे कई लोग हैं। पहले वो और हम मिलकर लड़ रहे थे। जब मैंने लालू जी और तेजश्वी जी से बात की तो उन्होंने भी कहा कि नीतीश जा रहे हैं। अगर वह रुकना चाहता तो रुक जाता लेकिन वह जाना चाहता है। इसलिए ये बात हमें पहले से ही पता थी लेकिन इंडिया गठबंधन को बरकरार रखने के लिए हमने कुछ नहीं कहा। अगर हम कुछ गलत कहेंगे तो गलत संदेश जाएगा। इसकी जानकारी हमें लालू प्रसाद यादव और तेजश्वी यादव ने पहले ही दे दी थी। आज वह सच हो गया। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि जनता सब देख रही है और धोखेबाजों को सबक सिखाएगी।

इधर जदयू प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि कांग्रेस का एक धड़ा इंडिया गठबंधन के नेतृत्व को हड़पना चाहता है और 19 दिसंबर को अशोका होटल में हुई गठबंधन की बैठक में एक साजिश के तहत गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए मल्लिकार्जुन खरगे का नाम सुझाया गया, जबकि इससे पहले मुंबई की बैठक में सर्वसम्मति से यह तय हुआ था कि यह गठबंधन किसी भी नेता का चेहरा आगे रखे बिना ही काम करेगा।

## न्यायपालिका में बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी : न्यायमूर्ति चंद्रचूड़

**हीरक जयंती समारोह**

12 से अधिक राज्यों में आयोजित जूनियर सिविल जजों की भर्ती परीक्षा में 50 फीसदी से अधिक चयनित उम्मीदवार महिलाएं थीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने न्यायपालिका के काम-काज महिलाओं की भागीदारी बढ़ने के तथ्यों का हवाला देते रविवार को कहा कि 12 से अधिक राज्यों में आयोजित जूनियर सिविल जजों की भर्ती परीक्षा में 50 फीसदी से अधिक चयनित उम्मीदवार महिलाएं थीं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत की हीरक जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कानूनी पेशा परंपरागत रूप से कुलीन पुरुषों का पेशा माना जाता था, क्योंकि परंपरागत रूप से इस पेशे में महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम था। हालांकि, समय के साथ बदलाव आया है।

उन्होंने कहा कि जूनियर सिविल जजों की भर्ती के मामले में महिलाओं की संख्या आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे कई राज्यों में बढ़ी है। उन राज्यों में आयोजित जूनियर सिविल जजों की भर्ती परीक्षा में 50 फीसदी से अधिक चयनित उम्मीदवार महिलाएं थीं।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि शीर्ष अदालत में इस वर्ष न्यायाधीशों की सहायता के लिए नियुक्त कानून क्लर्क-सह-शोध सहयोगियों में से 41 उम्मीदवार महिलाएं हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि वर्ष 2024 से पहले पिछले 74 वर्षों में शीर्ष अदालत के इतिहास में केवल 12 महिलाओं को वरिष्ठ वकील के रूप में नामित किया गया था, जबकि पिछले हफ्ते देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाली 11 महिलाओं को एक चयन प्रक्रिया के बाद वरिष्ठ वकील के रूप में नामित किया था। अब जिला न्यायपालिका की कामकाजी क्षमता का 36.3 फीसदी हिस्सा महिलाओं की है। उन्होंने कहा कि हमारी वैधता हमारी (प्रणाली न्याय) प्रणाली में आबादी के विभिन्न वर्गों को शामिल करने से बनी रहेगी। इसलिए हमें समाज के विभिन्न वर्गों को कानूनी पेशे में लाने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उदाहरण के तौर पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व बार और बेंच दोनों में काफी कम है।



## बिहार में एनडीए करेगा क्लीन स्वीप : नड्डा

▸▸ बिहार में जब-जब एनडीए की सरकार आयी, तब-तब हर क्षेत्र में विकास को गति मिली

▸▸ सरकार में राजद के आने से कानून व्यवस्था चरमरा गयी थी

**सिर्फ एक परिवार को बचाने के लिए काम कर रहा था गठबंधन**

खबर मन्त्र यंवाददाता

**पटना।** बिहार में एनडीए की सरकार बनने से भाजपा उत्साहित है। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण के बाद पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आने वाले चुनाव में एनडीए बिहार में क्लीन स्वीप करेगी।

उन्होंने दावा कि विधानसभा चुनाव में भी एनडीए की जीत होगी। एनडीए में नीतीश कुमार की वापसी पर उन्होंने कहा कि बिहार में जब-जब एनडीए की सरकार आई है तब-तब हर क्षेत्र में बिहार के विकास को गति मिली है। बिहार में जनता ने भाजपा और जदयू के एनडीए को वोट दिया था। नीतीश कुमार फिर से एनडीए में वापस आ गए हैं। महा गठबंधन की सरकार पर हमला करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि पूरे देश ने महसूस किया कि बिहार में महा गठबंधन की सरकार में राजद के आने से कानून व्यवस्था किस स्तर तक चरमरा गई थी। जब एनडीए की सरकार बनती है, तो स्थिरता आती है, जो कानून व्यवस्था बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है और एक राज्य को व्यवस्थित रखने के की अतिआवश्यक है।



आईएनडीआई गठबंधन पर उन्होंने कहा कि यह गठबंधन भ्रष्टाचार करने वालों का जमावड़ा है। हम पहले भी मानते थे कि यह चलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन सिर्फ एक परिवार को बचाने के लिए काम कर रहा था। देश के लिए यह काम नहीं कर रहा था। इसलिए जमीन पर उतरने से ही यह बिखर गई है।कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर उन्होंने कहा कि यह यात्रा पूरे देश में नाकामयाब रही है। किसी राज्य ने इसे तवज्जो नहीं दिया और बिहार में इसकी स्थित किसी से छुपी नहीं है।

## ये तो शुरुआत है, खेल अभी बाकी है : तेजस्वी

**पटना।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद के नेता तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद महागठबंधन सरकार खत्म होने के बाद पहली बार मुंह खोलते हुए रविवार को कहा कि अभी तो शुरूआत हुई है, खेल अभी बाकी है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि जनता उनके साथ है, इस मुद्दे को लेकर भी वह जनता के बीच जाएंगे। तेजस्वी ने साफ शब्दों में कहा कि जब काम किया है तो क्रेडिट क्यों न लें ? हमारे 79 विधायक हैं और सरकार में हमारे अधिक मंत्री थे। देखने वाली बात है, 17 साल बनाम 17 महीने। जो काम बिहार में 17 साल में नहीं हुए, वह हमलोगों ने 17 महीने में करके दिखाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन नीति आई, आईटी को नई पॉलिसी लाई गई, मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को नौकरी दी गई।

## उत्तराखंड में अब मदरसों के बच्चे भी पढ़ेंगे श्रीराम कथा : शादाब

**देहरादून (हि.स.)।** उत्तराखंड कई मामलों में अन्य प्रदेशों की तुलना में नई ऊंचाई हासिल कर रहा है। इसका प्रमाण वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स और मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी के अलग-अलग दिए गए बयान हैं। मुस्लिम पंथ के इन दोनों धार्मिक नेताओं का मानना है कि अपने पूर्वजों और धरोहरों को भावी पीढ़ी को बताना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। अब मदरसों के बच्चों को भी भगवान श्रीराम और पूर्वजों के बारे में जानकारी दी जाएगी। मुफ्ती शमून कासमी का कहना है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के दृष्टिकोण पर काम कर रहा है। उनका कहना है कि मदरसों में पढ़ने वाले मुस्लिम छात्रों को एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के आधार पर आधुनिक शिक्षा दी जा रही है और उन्हें मुख्य धारा में जोड़ा जा रहा है वहीं वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स का भी कहना है कि अब वक्फ बोर्ड के अधीन संचालित सभी मदरसों में श्रीराम कथा पढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान संदर्भों में मुस्लिम समाज के बच्चों को एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के साथ-साथ श्रीराम कथा की भी पूरी जानकारी होनी चाहिए ताकि श्रीराम के त्याग, तपस्या के बारे में मुस्लिम बच्चे पूरी तरह जान सकें। शम्स का कहना है कि अयोध्या में श्रीराम लला के प्रतिष्ठापित होने के बाद वक्फ बोर्ड के तहत 117 मदरसों में भी श्रीराम कथा का पाठ्यक्रम शामिल किया जा रहा है। इस संदर्भ में मदरसा प्रबंधकों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## फाइटर ने तीन दिनों में 95 करोड़ कमाये



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म फाइटर ने तीन दिनों में 95 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म फाइटर 25 जनवरी को प्रदर्शित हुयी है। यह फिल्म एरियल एक्शन ड्रामा है, जिसमें एयर फोर्स के फाइटर पायलट्स की कहानी को दिखाया गया है।इस फिल्म ने अपने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 24.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फाइटर ने बॉक्स ऑफिस 41.20 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया। फिल्म ने तीसरे दिन 30 करोड़ की कमाई की। फाइटर तीन दिनों में 95 करोड़ की कमाई कर चुकी है। फाइटर में ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण के अलावा अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर की भी अहम भूमिका है।

## धुनों से आज गूंजेगा राजसी रायसीना हिल्स

**बीटिंग रिट्रीट**

▸▸ चांद पर पहुंचने की उपलब्धि बतायेगा नौसेना का बैंड

▸▸ सेनाओं के संगीत बैंड दर्शकों के सामने 31 मनमोहक और थिरकने वाली धुनें बजायेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश के 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के समापन के प्रतीक बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान 29 जनवरी को राजसी रायसीना हिल्स सूरज डूबने के साथ सभी भारतीय धुनों का गवाह बनेगा। समारोह में तीनों सेनाओं और सीएपीएफ के संगीत बैंड दर्शकों के सामने 31 मनमोहक और थिरकने वाली भारतीय धुनें बजाएंगे। सशस्त्र बलों की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस समारोह में शामिल होंगी। भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायुसेना के संगीत बैंडों की भारतीय धुनों को सुनने के लिए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और अन्य केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। समारोह की शुरूआत सामूहिक बैंड की 'शंखनाद' धुन के साथ होगी, जिसके बाद पाइप्स बैंड ह्यवीर भारतह्न, ह्यसंगम दूरह्न, देशों का सरताज भारत, भागीरथी और अर्जुन जैसी मनमोहक धुनें बजाएंगे। सीएपीएफ बैंड ह्यभारत के जवान और विजय भारत धुन बजाएंगे। भारतीय वायुसेना बैंड की टाइगर हिल, रेजॉइस इन रायसीना और स्वदेशी बजाई जाने वाली धुनों में से होगी, जबकि दर्शक भारतीय नौसेना बैंड को आईएनएस विक्रांत, मिशन चंद्रयान, जय भारती और हम तैयार हैं सहित कई धुनें बजाते हुए देखेंगे। इसके बाद भारतीय सेना का बैंड फौलाद का जिगर, अग्निवीर, कारगिल 1999, ताकत वतन समेत अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा। इसके बाद सामूहिक बैंड ह्यकदम-कदम बढ़ाए जा, ऐ मेरे वतन के लोगों और ड्रमर्स कॉल की धुनें बजाएंगे। कार्यक्रम का समापन सारे जहां से अच्छा की लोकप्रिय धुन के साथ होगा। इस समारोह के संचालक लेफ्टिनेंट कर्नल विमल जोशी होंगे। आर्मी बैंड के कंडक्टर सूबेदार मेजर मोती लाल होंगे। सीएपीएफ बैंड की संचालिका कांस्टेबल जीडी रानी देवी होंगी। बीटिंग रिट्रीट समारोह की शुरूआत 1950 के दशक में हुई थी, जब सेना के मेजर रॉबर्ट्स ने सामूहिक बैंड प्रदर्शन के अनूठे समारोह को स्वदेशी रूप से विकसित किया। यह सदियों पुरानी सैन्य परंपरा का प्रतीक है, जब सैनिक सूर्यास्त होने पर उस दिन के युद्ध के समापन की घोषणा करने के लिए रिट्रीट की ध्वनि के साथ हथियार बंद करके अपने-अपने शिविरों में लौट आते थे। युद्ध के मैदान से हटते ही सैन्य झंडे उतार दिए जाते हैं।




## एक नजर में

### लोकसभा चुनाव लड़ेंगे शिवराज : अठावले

**भोपाल।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने रविवार को भोपाल में केन्द्रीय मंत्री आठवले ने शिवराज सिंह चौहान लोकसभा चुनाव लड़ेगे और केन्द्र में मंत्री भी बनेंगे। बंसल वन स्थित भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने के सवाल पर आठवले ने कहा कि 'शिवराज ने अच्छा काम किया, इसीलिए उन्हें तीन बार मुख्यमंत्री बनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हर कास्ट को न्याय देना था इसीलिए वे नया ओबीसी चेहरा सामने लाए। रामदास अठावले ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान का लोकसभा में आना पक्का है, इससे विरोधियों को बड़ा धक्का लगेगा। उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान भी दिल्ली में आएंगे, हमारे साथ आएंगे, मंत्रिमंडल में शामिल होंगे। आठवले ने डॉ मोहन यादव को मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर पीएम मोदी का आभार जताया। साथ ही यादव को बहुत-बहुत बधाई दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को 163 सीट मिलीं। इसमें प्रधानमंत्री मोदी का तो बड़ा योगदान था ही, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी बहुत मेहनत की।' उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना जैसी स्कीम के जरिए उन्होंने सामाजिक न्याय के लिए भी काम किया।

### गाजा में अब तक 26,422 लोगों की मौत

**गाजा।** हमास की ओर से संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि गाजा पट्टी पर सात अक्टुबर 2023 से हो रहे इजरायली हमलों में फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 26,422 हो चुका है। मंत्रालय ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों में 165 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 290 अन्य को घायल किया।

### राहत फतेह के हमले की शीघ्र होगी जांच

**लंदन।** ब्रिटेन के ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट ने जानेमाने पाकिस्तानी गायक राहत फतेह अली खान के हाल के मारपीट के वीडियो वायरल होने के संदर्भ में कहा है कि दुर्व्यवहार के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए मामले की शीघ्र ही जांच का आदेश दिया जायेगा। समाचार पत्र डेली मेल ने कहा कि पाकिस्तानी गायक घरेलू हिंसा विरोधी ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट के राजदूत है।

### मराठा आरक्षण के लिए जारी रहेगा आंदोलन : जारांगे

**मुंबई।** मराठा नेता मनोज जारांगे पाटिल ने रविवार को जालना में ऐलान किया है कि जब तक मराठा समाज के अंतिम व्यक्ति को मराठा आरक्षण नहीं मिल जाता, तब तक उनकी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार से मिली शासनादेश की प्रति में कहीं भी कोताही का प्रयास किया गया तो वे फिर से मुंबई में भूख हड़ताल शुरू कर देंगे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से शनिवार को मराठा समाज की सभी मांगें माने जाने के बाद रविवार को मनोज जारांगे पाटिल जालना पहुंचे। इसके बाद मनोज जारांगे ने मराठा समाज के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक के बाद मनोज जारांगे पाटिल ने पत्रकारों को बताया कि जब तक हर मराठा समाज को आरक्षण नहीं मिल जाता, कोई पीछे नहीं हटेगा। जारांगे पाटिल ने यह भी कहा है कि वह 29 जनवरी को रायगढ़ जाकर छत्रपति शिवाजी महाराज का दर्शन करेंगे। समाज के हर व्यक्ति को आरक्षण मिलने के बाद ही वे पूरे समाज के साथ विजयोत्सव मनाएंगे।

### कंगना ने 'इमरजेंसी' में शिमला को किया रिक्रेयेट

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी में दिवंगत भारतीय प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो के शिमला समझौते को रिक्रिएट किया है। जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित पीरियड पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभायी है। भारत की प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो द्वारा 02 जुलाई 1972 को शिमला, भारत में हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते से 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का औपचारिक अंत हो गया।

## पेज एक का शेष

### दोस्त बदल नीतीश फिर...

**सरकार को 128 का समर्थन :** नीतीश कुमार को 128 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में एनडीए के पास 128 विधायक हैं। इसमें जेडीयू के 45, भाजपा के 78, हम के एक और एक निर्दलीय विधायक शामिल हैं। 2020 में नीतीश कुमार के नेतृत्व में कुल 30 मंत्रियों ने शपथ ली थी। 2020 का फार्मूला इस बार भी लागू करने की बात कही जा रही है। इनमें भाजपा 16, जदयू के 12, हम के एक और एक निर्दलीय मंत्री बने थे।

**जहां थे वहीं आ गये :** शपथग्रहण के बाद नीतीश और जेपी नड्डा में कुछ देर हंसी-मजाक चला। नीतीश ने कहा, पहले हम जहां थे अब फिर वहीं आ गये हैं। नड्डा और नीतीश की बातचीत के बारे में शाहनवाज हुसैन ने कहा कि नीतीश कुमार ने 2020 में जब आरजेडी का दामन थामा था, तब भी हम उनसे नाराज नहीं थे। 17 महीनों में हमारे बीच जरूर कटुता रही होगी लेकिन, अब वो पूरी तरह खत्म हो गयी है। भाजपा और जदयू राजनीतिक सफर में सच्चा और नेचुरल सहयात्री है। हैं।

### 31 को सीएम इडी...

25 जनवरी को रांची जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए वक्त नहीं देने पर इडी ने ई मेल के जरिए संदेश भेजा था। संदेश में इडी ने पूछताछ के लिए 29 या 31 का वक्त देने को कहा था। अपने संदेश में इडी ने यह भी लिखा था कि अगर वक्त नहीं देंगे, तो एजेंसी के अधिकारी स्वयं उनके पास जाकर पूछताछ करेंगे। इससे पहले 20 जनवरी सीएम आवास में उनसे सात घंटे तक पूछताछ हुई थी, लेकिन तब पूछताछ अधूरी रही थी। एजेंसी ने सीएम को उसी दिन बताया था कि उन्हें पूछताछ के लिए एक दिन का वक्त चाहिए, लेकिन तब सीएम ने अपनी सरकारी कार्यक्रम को लेकर समय देने से इनकार कर दिया था।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

